आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 316, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com






स्टार्मर ने देश के पुनर्निर्माण का किया वादा 14

रोहित के बिना नई शुरूआत करेगी युवा टीम 2


# सुनक हटे, कीर स्टार्मर बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में शुक्रवार 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 650 में से 412 सीटें मिली हैं। किंग चार्ल्स तृतीय ने बकिंघम पैलेस में बैठक के दौरान स्टार्मर को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसी के साथ स्टार्मर आधिकारिक तौर पर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 वर्ष के इंतजार के बाद वापस सत्ता में आई है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं। इस बीच लेबर पार्टी नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्मर को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कीर स्टार्मर को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि कीर स्टार्मर को ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं। मैं आपसी विकास, समृद्धि को बढ़ावा देने, भारत-यूके व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने करे सकारात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

मिशन गोवंश में जुटीं गृह, राजस्व, पशुपालन, नगर विकास, ग्राम्य विकास और पंचायतीराज विभाग की संयुक्त टीमें

# लावारिस गायों को अपनाएगी सरकार, मां जैसी होगी देखभाल

अजय दयाल, लखनऊ

- लखनऊ और बरेली मंडल में चला अभियान बनेगा प्रदेशव्यापी
- छह सरकारी विभागों को है सड़क पर घूमती गायों की तलाश
- फिलहाल लगभग 15 लाख गोवंशों का रखा जा रहा है ख्याल

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को सड़क पर छुट्टा घूम रहीं एक-एक गायों की तलाश है। इन लावारिस गायों को अपना बनाकर गो-माता मानकर ही देखभाल करने का उद्देश्य है। इस सर्च-आपरेशन को उप्र. सरकार के छह विभाग मिलकर अंजाम तक पहुंचाएंगे।

बेसहारा गायों का न केवल ऑनलाइन डेटा फीड होगा बल्कि मेडिकल चेकअप करने बाद उन्हें विभिन्न गोशालाओं में लाकर अच्छे से देखभाल भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरुप तैयार यह योजना फिलहाल लखनऊ और बरेली मंडल के लिए है। इस दौरान 20 जुलाई तक लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुरखीरी के अलावा पश्चिम प्रदेश के बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी सड़कों पर बेसहारा विचरण कर रहीं गायों को पकड़कर गोशालाओं में लाया जा रहा है। अभी यह 15 दिनों का विशेष अभियान है, आने वाले दिनों में राज्य के सभी मंडलों में ऐसी मुहिम चलेगी। इस बाबत प्रमुख सचिव पशुपालन रविन्द्र की तरफ से आदेश सभी जिलाधिकारियों को भेज दिया गया है।

> सर्च-आपरेशन जैसे इस अभियान का उद्देश्य शहरों-गांवों में बेसहारा विचरण कर रहे गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण करना है। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जबकि ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। - **सतीश अग्रवाल,** संयुक्त निदेशक, गोशाला

### बड़ी राजनीतिक काट भी बना अभियान

गोवंश से जुड़ी ताजा मुहिम सड़क से सदन तक छुट्टा जानवरों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे विपक्ष के मुद्दे की भी बड़ी काट है। इस अभियान को अंजाम देने वाले सरकारी विभागों में पशुपालन के अलावा गृह, राजस्व, ग्राम्य विकास, नगर विकास और पंचायतीराज विभाग शामिल हैं। इन विभागों की संयुक्त टीम को ही गांव हो या शहर निराश्रित गायों को अपनाने और गोसंरक्षण केन्द्रो तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

### 18 हजार 230 गोवंशों की हो रही देखभाल

राज्य में कुल 313 गो-संरक्षण केन्द्र क्रियाशील हैं जिनमें अभी 18 हजार 230 गोवंशों की देखभाल की जा रही है। इनके चारे पर 14 लाख 97 हजार 943 रुपये खर्च भी किए जा रहे हैं। 174 गो-आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं जहां निराश्रित गायों को रखा जाना है। नए स्थलों के बन जाने के बाद ऐसे केन्द्रों की कुल संख्या 487 हो जाएगी।

## एक नजर

### अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार : लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार कमजोर है और अगले महीने की शुरुआत में गिर सकती है। प्रसाद ने राजद के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। पार्टी के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। प्रसाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में 4 राज्यों में ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में छापे मारे हैं। ईडी ने कहा कि 3 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 लाख रुपये, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। ईडी, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की प्राथमिकी के आधार पर जांच कर रही है। एजेंसी ने दिल्ली में 10 एसटीपी के विस्तार में 1943 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है।

# बाबा भोले लापता, आश्रमों पर छापा

**हाथरस हादसा** मैनपुरी स्थित आश्रम में घुसी पुलिस, नोएडा में कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे में प्रवचनकर्ता बाबा भोले फिलहाल लापता हैं। पुलिस उनके अलग-अलग आश्रमों का पता लगाकर छापेमारी कर रही है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने मैनपुरी स्थित आश्रम में छापा मारा। कहा जा रहा है कि पुलिस यहां से दो वाहन भी उठा कर ले गई है। इसी तरह नोएडा स्थित एक आश्रम का भी पता चला है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आश्रम अवैध है, ऐसी स्थिति में आश्रम पर कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है।

मैनपुरी स्थित आश्रम पर रात 12 से एक बजे के बीच छापा मारा गया था। इस दौरान पुलिस आश्रम के अंदर एक घंटे तक मौजूद रही। पुलिस के बाहर आने के दौरान देखा गया कि आश्रम के अंदर खड़े दो अतिरिक्त वाहन लेकर जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने हल्ला उड़ाया कि पुलिस बाबा को गिरफ्तार करके ले जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन किया है। बाबा साकार विश्वहरि के अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इन गाड़ियों में कौन था इसका पता नहीं चल सका है। उधर, गौतमबुद्धनगर में नोएडा के सेक्टर 87 में वर्ष 2021 में निर्मित आश्रम पर कार्रवाई की तैयारी की सूचना है। बताया जा रहा है कि इस आश्रम में शनिवार और रविवार को कीर्तन होता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आश्रम बनने के बाद बाबा यहां सिर्फ एक बार आए हैं।

### पीड़ितों से मिले राहुल, कहा-प्रशासन से चूक हुई



**हाथरस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना के संबंध में शुक्रवार को कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी। कांग्रेस नेता ने साथ ही कहा कि वह इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीड़ितों के लिए बिना किसी देरी के अधिकतम मुआवजा जारी करने का भी आग्रह किया। हाथरस में शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद गांधी ने कहा कि यह दुख की बात है कि इतने परिवारों को कष्ट सहना पड़ा, इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है। गलतियां हुई हैं और उनकी पहचान की जानी चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने मृतकों के परिजनों से बातचीत की। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से चूक हुई है। पुलिस की जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं थी। हाथरस से पहले गांधी ने अलीगढ़ में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी थे।

### अलवर में साम्राज्य का पता चला

**अलवर में साम्राज्य का पता चला :** भोले बाबा का साम्राज्य उप्र. ही नहीं बल्कि राजस्थान में भी पाया गया है। अलवर जिले में एक आश्रम में बाबा 2020 और 2021 में रुके थे। इस आश्रम में तमाम सुख सुविधाएं मौजूद बताई जा रही हैं। यहां के एक सेवादार ने बताया कि बाबा ने पूरे एक वर्ष तक यहां प्रवचन दिया था। आसपास के लोग उनके चरणों की धूल लेने आते थे। इसी आश्रम में बाबा की पत्नी (मैया जी) का भी कमरा बताया जा रहा है। डेढ़ बीघे में फैले इस आश्रम की भी पुलिस जांच करेगी।

### मुख्य सचिव व डीजीपी ने मुख्यमंत्री से मिलकर की ब्रीफिंग

- जांच रिपोर्ट में हादसे के मूल कारण और लापरवाही का जिक्र

**लखनऊ।** हाथरस दुर्घटना पर एसआईटी ने अपनी जांच लगभग तैयार कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में डीएम-एसपी समेत फिलहाल 100 से अधिक के लोगों के बयान दर्ज है। रिपोर्ट अभी शासन तक नहीं पहुंची है, हालांकि मुख्यमंत्री को इस संबंध में मुख्य सचिव व डीजीपी ने ब्रीफिंग की है। शासन ने मंगलवार को हुए हादसे के बाद एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त चैत्रा बी. को भी शामिल किया गया। हादसे के बाद बुधवार सुबह तक राहत व बचाव कार्य और फिर दोपहर में मुख्यमंत्री घटनास्थल का दौरा रहने के चलते एसआईटी की जांच रफ्तार नहीं पकड़ पाई थी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद जांच तेज हो गई। सबसे पहले यह प्रारूप तैयार किया गया, जिसमें तय किया गया कि किन-किन लोगों के बयान होने हैं। उन सभी की सूची बनाकर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय तय किया गया था। और भी लोगों से पूछताछ पुलिस लाइन में हो रही है। गुरुवार रात तक करीब 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज हो चुके थे। अब शासन स्तर से स्पष्ट होगा कि पूरे कांड में कौन-कौन दोषी है और किसने लापरवाही बरती है।

### भीड़ पर जबरदस्ती पड़ी भारी

सूत्रों के मुताबिक, जांच में डीएम-एसएसपी सहित लगभग सौ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। घटनास्थल पर तैनात एक-एक पुलिस और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी आदि शामिल हैं। रिपोर्ट में भगदड़ का मूल कारण, लापरवाही और अनदेखियों का भी जिक्र है। कार्यक्रम स्थल पर जमीन के दलदली होने व सेवादारों की भूमिका को लेकर जिक्र किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कोई एग्जिट गेट नहीं बनाया गया था। बाबा के करीब जाने के लिए लोग धक्का-मुक्की करने लगे थे। इन लोगों को सेवादारों ने डंडा दिखाकर रोकना चाहा। इस बड़े कारण से भगदड़ होने की बात कही जा रही है।

# नीट-यूजी रद करना जनहित के प्रतिकूल

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विवादों से घिरी नीट-स्नातक 2024 परीक्षा को रद करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए काफी हानिकारक होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में एनटीए ने कहा कि कथित घटना/लीक के प्रयास का 5 मई को आयोजित पूरी परीक्षा के संचालन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा है क्योंकि जांच एजेंसियों द्वारा इसमें शामिल पाए गए उम्मीदवारों की संख्या, परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में नगण्य है। उपर्युक्त कारक के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करना, व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से योग्य उम्मीदवारों के करियर के लिए, अत्यधिक प्रतिकूल और हानिकारक होगा।

एजेंसी ने कहा कि नीट-स्नातक 2024 परीक्षा बिना किसी अवैध गतिविधि के पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ आयोजित की गई थी और सामूहिक कदाचार का दावा पूरी तरह से अपुष्ट, भ्रामक है। एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा पांच मई को नीट-यूजी आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत 8 जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### 11 अगस्त को दो पालियों में होगी नीट-पीजी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुन: निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी।

आबकारी घोटाला

# केजरीवाल की बेल याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत (बेल) याचिका पर सीबीआई से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की। केजरीवाल ने जमानत की मांग करते हुए दावा किया कि सीबीआई के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी और उनकी हिरासत अवैध है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख के भागने का खतरा नहीं है।

# छत्तीसगढ़ : कुएं में जहरीली गैस का रिसाव, 5 की गई जान

रायपुर, एजेंसी



- कोरबा जिले में कुएं में डूबने से पिता-पुत्री समेत 4 लोगों की मौत

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शुक्रवार को कुएं में जहरीली गैस के रिसाव के कारण पिता और दो पुत्रों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत किकिरदा गांव की है। बिलासपुर क्षेत्र के आईजी संजीव शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक रामचंद्र जायसवाल (60) के कुएं में लकड़ी का टुकड़ा गिर गया था, जिसे निकालने के लिए वह कुएं में उतरे लेकिन बाहर नहीं निकल सके। परिजनों ने पड़ोस के पटेल और चंद्रा परिवार से मदद मांगी, जिसके बाद रमेश पटेल (50), उनके बेटे जितेंद्र पटेल (25), राजेंद्र पटेल (20) और पड़ोसी टिकेश्वर चंद्रा (25) भी कुएं में उतरे लेकिन वे भी बाहर नहीं निकल पाए।

आईजी ने बताया कि आशंका है कि कुएं में जहरीली गैस के रिसाव के कारण उन सभी की मौत हुई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं, कोरबा जिले के कटघोटा के ग्राम जुराली के डिपरा पारा निवासी एक पिता-पुत्री समेत चार लोगों की कुएं में डूबकर मौत हो गई।

# अमृतपाल व अब्दुल रशीद ने ली सांसद पद की शपथ





**नई दिल्ली।** पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। रशीद आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे। सिंह (31) और रशीद (56) ने जेल में रहते हुए क्रमशः पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मदीवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था।

# बाढ़ से निपटने को सरकार ने कमर कसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- संवेदनशील जिलों को 10 करोड़ की धनराशि जारी
- 612 बाढ़ चौकियां स्थापित, 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाढ़ से निपटने एवं जनहानि-धनहानि को न्यूनतम करने के लिए 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील इलाकों में बाढ़ चौकियां की स्थापना कर ली गई है, जहां पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। संभावित बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 10 करोड़ की धनराशि भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत देने के लिए 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि बाढ़ चौकियों में एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात कर दी गई हैं। इसके साथ ही आपदा मित्रों को भी तैनात किया गया है। सभी बाढ़ प्रभावित जिलों में नावों का चिन्हीकरण और नाविक तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक वर्ष में 4700 राहत चौपालों का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को बाढ़ के दौरान अपनी और अपने मवेशियों की किस तरह सुरक्षा करनी है, इसकी जानकारी दी गई। वहीं बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की ओर से 25 जिलों में मॉकड्रिल की गई।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में 14 अभियंता निलंबित

पटना, एजेंसी

- 17 दिन में 10 पुलों के ढहने के मामले में सरकार की कार्रवाई

बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। लगातार पुल ढहने की घटनाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। राजद के तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी पर भी तंज कसे थे। इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उच्च स्तरीय समिति गठित कर राज्य के सभी पुलों की जांच के निर्देश दिए हैं।

# महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को विधेयक

**मुंबई।** परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच, महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार को रोकना है। इस विधेयक में अपराधियों को पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। विधानसभा में मंत्री शंभुराज देसाई ने महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 विधेयक पेश किया। विधेयक के तहत, प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य होंगे।

# सरोगेसी से मां बनीं महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश का हक

उड़ीसा हाईकोर्ट ने किराए पर कोख लेकर मां बनी महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी व्यवस्था

भुवनेश्वर, एजेंसी



- तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का कोर्ट ने दिया निर्देश

उड़ीसा उच्च न्यायालय ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है।

न्यायमूर्ति एसके पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाकर्ता ने 2020 में यह याचिका दायर की थी। जेना किराए की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने सरकार के विरूद्ध उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, उसी तरह एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी उसकी (बच्चे की) देखभाल के लिए 180 दिन की छुट्टी मिलती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि लेकिन किराए की कोख के माध्यम से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि सरकार गोद लेकर मां बनने वाली महिला को मातृत्व अवकाश दे सकती है तो उस माता को मातृत्व अवकाश से वंचित करना सर्वथा अनपयुक्त होगा जिसे किराए की कोख देने वाली महिला के गर्भ में संतान पाने को इच्छुक दंपति के अंडाणु या शुक्राणु से तैयार भ्रूण के अधिरोपण के बाद इस प्रक्रिया से बच्चा मिला हो।

उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि सभी नई माताओं के प्रति समान बर्ताव एवं सहायता सुनिश्चित करने के लिए उन (महिला) कर्मियों को भी मातृत्व अवकाश दिया जाए, भले ही वह किसी भी तरह मां क्यों न बनी हों।

उच्च न्यायालय ने कहा कि इन माताओं को मातृत्व अवकाश देने से यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास अपने बच्चे के लिए स्थिर एवं प्यार भरा माहौल तैयार करने के लिए जरूरी वक्त होता है तथा जच्चा एवं बच्चा के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को इस आदेश की सूचना मिलने के तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्देश दिया।

# 2036 का दावा मजबूत करेंगे पेरिस ओलंपिक के आपके अनुभव : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिये पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया। बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थीं।



पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार बार जताई है जिसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा।

## नीरज से बोले प्रधानमंत्री, तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं जिस पर ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिये जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नहीं। ऑनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा चूरमा आया नहीं तेरा अभी तक। इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। प्रधानमंत्री ने इस पर कहा मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी।



## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाशिच और वाचियेर लाग्रेव चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियाई बिलियडर्स के फाइनल में आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरूष युगल में 2-0 से हराया।

### राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई।

### भारतीय रेफरी उवेना ने की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने शनिवार को संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को दी। उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय है। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी। गोवा की रहने वाली 43 वर्षीय उवेना रेफरी मूल्यांकनकर्ता और प्रशिक्षक के रूप में काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने एआईएफएफ से कहा मैं लगभग 20 वर्षों तक रेफरी रही हूं और मुझे लगता है कि मैंने पहले ही अपने काम के साथ न्याय किया है और इस प्रक्रिया में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारतीय वायु सेना में एक वरिष्ठ अधिकारी उवेना ने कहा मैंने पहले ही अपना काम कर दिया है, इसलिए मैंने सोचा कि युवाओं को भी मौका मिलना चाहिए।

# विराट-रोहित के बिना नई शुरूआत करेगी युवा टीम

## जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पहला टी-20 मुकाबला आज, शुभमन की अगुवाई में अभिषेक और रियान करेंगे पदार्पण

हरारे, एजेंसी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नये दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।


आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिये खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है ।

**मैच : शाम 04:30 बजे**

**भारत : (पहले दो मैचों के लिए) :** शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

अब से 2026 टी-20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी। कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे । दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।



विश्वविजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। ● एजेंसी

## मुख्यमंत्री ने टीम के लिए 11 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया।

शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे, लेकिन जब भी हम टी-20 मैच देखेंगे, हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जाएगा।

रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है। इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

### ट्रॉफी क्या मायने रखती है यह कल देखा

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विजय परेड के दौरान प्रशंसकों के असीम प्यार ने साबित कर दिया कि यह टी-20 विश्व कप सिर्फ उनकी टीम के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखता है। रोहित ने बीसीसीआई टीवी से कहा आप इस रोमांच से अनुमान लगा सकते हैं। इससे साबित होता है कि यह ट्रॉफी सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। मुझे खुशी है कि हम इस तरह का कुछ हासिल कर सके। रोहित ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीता है लेकिन उनके लिए यह खास है। उन्होंने कहा 2007 अलग था। मैं उसे भूल नहीं सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था। यह खास है क्योंकि मैं इस बार कप्तान था। मेरे लिए यह बहुत गर्व का पल है।

### प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए चुने गए बुमराह, रोहित

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुए टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए।

## फर्नले को हराकर नोवाक तीसरे दौर में




**लंदन।** सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गए है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

# द. अफ्रीका ने भारत को दिया 189 का लक्ष्य

● भारत के खिलाफ पहले टी-20 में दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स और मारिजने काप ने लगाए अर्धशतक, राधा और पूजा ने चटकाए दो-दो विकेट

चेन्नई, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ब्रिट्स और कप्तान लौरा वोलवार्ट (33 रन) ने सतर्क शुरूआत करते हुए 43 गेंद में 50 रन की साझेदारी निभायी जिससे टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर अग्रसर हुई। इस पारी में बने 189 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर भी है। लौरा चौथे ओवर में भाग्यशाली रहीं जब तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (दो विकेट) की गेंद पर श्रेयंका पाटिल (टखना मुड़ने के कारण मैदान से बाहर गयीं डी हेमलता की जगह उतरीं) ने उनका कैच छोड़ दिया, तब वह 24 रन पर थीं। राधा यादव (दो विकेट) ने लौरा को आउट कर पहले विकेट की भागीदारी का अंत किया। इस दौरान स्मृति मंधाना ने काप और विकेटकीपर ऋचा घोष ने ब्रिट्स के कैच छोड़े। ऋचा कैच लेने के प्रयास में चेहरे पर चोट लगने से मैदान से चली गयीं। ब्रिट्स और काप ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। बायें हाथ की स्पिनर राधा ने काप को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनुभवी क्लो ट्रायोन (12) और काप ने फिर तेजी से 38 रन जोड़े। ट्रायोन अंतिम ओवर में पूजा का शिकार हुईं।




ड्रिंक्स ब्रेक में द. अफ्रीका के खिलाफ योजना बनातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

**96** रन की साझेदारी दूसरे विकेट के लिए ब्रिट्स और काप ने निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 189/4, 20 ओवर। तजमिन ब्रिट्स 81, मारिजने काप 57, लौरा वोलवार्ट 33, क्लो ट्रायोन 12। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 2, राधा यादव 2।

## पाकिस्तान करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय में अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ हाई प्रोफाइल श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी शामिल हैं।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, ये श्रृंखलाएं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। पीसीबी ने कहा कि बांग्लादेश रावलपिंडी (21 से 25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त से तीन सितंबर) में दो टेस्ट खेलेगा और अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेगा जिसका समापन नौ मार्च को प्रस्तावित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से होगा। पाकिस्तान का सामना तीन टेस्ट में इंग्लैंड से होगा जो मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में होंगे।

## आदित्य बोले- मुंबई से कभी विश्व कप फाइनल मत छीनना

मुंबई, एजेंसी

शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी बीसीसीआई की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था।

भारत पिछले साल नंवबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुंबई में कल का जश्न बीसीसीआई को कड़ा संदेश भी है कि मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनो। ठाकरे की यह टिप्पणी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की मुंबई में विजय परेड के एक दिन बाद आई है।

### बीसीसीआई एक ही शहर को नहीं दे सकता प्राथमिकता : राजीव

**मुंबई।** बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की प्रतिक्रिया के जवाब में कहा कि जब महत्वपूर्ण फाइनल के आयोजन की बात आती है तो बोर्ड एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता।

शुक्ला ने कहा कोलकाता में भी 1987 विश्व कप का फाइनल हो चुका है और कोलकाता को भारत में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। इसलिए यह फैसला नहीं किया जा सकता कि फाइनल एक विशेष शहर में ही होना चाहिए। मुंबई में कई सेमीफाइनल और फाइनल हो चुके हैं। शुक्ला ने कहा कोलकाता (ईडन गार्डन्स) की क्षमता काफी अधिक है जिसमें करीब 80,000 दर्शकों (66,000 के करीब) दर्शक आ सकते हैं। ऐसा अन्य शहरों में भी है। यह फैसला पूरे देश को और सभी स्टेडियमों को ध्यान में रखकर लिया जाता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

पूरे दिन कभी तेज तो कभी हल्की बारिश की संभावना।

34.4° अधिकतम तापमान | 27.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 22 | सूर्यास्त 07 :00

# स्काई ग्लास ब्रिज बनाने वाली फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश

## भ्रष्टाचार और अनियमितता पर नवागंतुक जिलाधिकारी का दिखा कड़ा रुख

**भ्रष्टाचार का खेल**

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नवागंतुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने भ्रष्टाचार और अनियमितता पर पहली सख्त कार्रवाई से अपने मंतव्य जाहिर कर दिए हैं। टिकरिया गांव में रानीपुर टाइगर रिजर्व में तुलसी जल प्रपात के पास बन रहे स्काई वाक ग्लास ब्रिज (आबजर्वेटरी डेक) में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच शुक्रवार को जिलाधिकारी ने मौका मुआयना किया और रानीपुर टाइगर रिजर्व के उप निदेशक एनके सिंह को निर्देश दिए कि इन कमियों को दुरुस्त करने के लिए नोटिस जारी की जाए। साथ ही संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि तहसील मानिकपुर में वन विभाग के नियंत्रणाधीन तुलसी जल प्रपात के पास इको-पर्यटन विकास के लिए इस ग्लास ब्रिज (अवलोकन डेक) का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी मे. पवनसुत कंस्ट्रक्शंस गाजीपुर को दी गई है। बीते दिनों जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती यहां पहुंची और जब चबूतरों आदि में दरार की फोटो वायरल हुई तो यह ब्रिज चर्चा में आ गया। जिलाधिकारी ने भी इसका संज्ञान लिया।



मुआयना करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**भविष्य में ऐसी कमियों पर ध्यान दें**

जिलाधिकारी ने उप निदेशक, रानीपुर टाइगर रिजर्व को निर्देशित किया कि कमियों को ठीक कराने के लिए संबंधित फर्म को नोटिस जारी की जाए और ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाए। सुरक्षा मानकों के मद्देनजर एमएनआईटी प्रयागराज से सुरक्षा संबंधी आडिट कराने के बाद ही इसे पर्यटकों के लिए खोला जाए। डीएम ने आगाह किया कि सुपरविजन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सचेत किया जाए कि भविष्य में इस प्रकार की कमियों पर ध्यान दें।

- शिकायतों पर जिलाधिकारी ने आबजर्वेटरी डेक का किया मुआयना

**अफसरों के साथ पहुंचे जिलाधिकारी**

डीएम शुक्रवार को उप निदेशक, रानीपुर टाइगर रिजर्व, कृष्ण कुमार अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-1, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मौके पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अवलोकन डेक का ढांचा ठीक पाया गया। प्रशासन के अनुसार, साथ ही वर्षा होने से मिट्टी सेटेलमेंट होने से डेक की बाहरी सीढ़ी के प्लेटफार्म के पास मिट्टी में मामूली दरारें पाई गईं, जो किसी प्रकार का स्ट्रक्चरल फेल्योर नहीं है। बताया गया कि अवलोकन डेक अभी तक वन विभाग को हैंडओवर नहीं किया गया है।

## एक नजर

### बच्चों ने गाजे-बाजे के साथ निकाली पौधों की बारात

**चित्रकूट।** वन महोत्सव के तहत रानीपुर टाइगर रिजर्व की कर्वी रेंज के तत्वाधान में शुक्रवार को कार्यक्रम किया गया। शारदा इंटर कॉलेज भरतकूप के बच्चों ने पौधों की बारात निकाली व लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। राजीव रंजन सिंह एसडीओ कर्वी ने भी लोगों को पौधे लगाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी नफीस खान, वन दारोगा सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

### परिक्रमा मार्ग पर किया गया भंडारा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** आषाढ़ी अमावस्या पर श्रीबालाजी मंदिर पुरानी बाजार कर्वी के तत्वाधान में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित भरत मिलाप मंदिर में भंडारा किया गया। बताया गया कि माधव तालाब के बगल में स्थित भरत मिलाप आश्रम में सद्गुरु माधव नाथ महाराज एवं गुरुदेव मंगल नाथ महाराज की प्रेरणा से हर अमावस्या को बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक कृपाशंकर तिवारी एवं सीमा तिवारी की देखरेख में भंडारे आयोजित किया जाता है।

### दिनेश का साधना टीवी पर काव्यपाठ कल

**चित्रकूट।** जिले के युवा कवि दिनेश दीक्षित संघर्षी रविवार को साधना टीवी पर काव्यपाठ करेंगे। प्रसारण रात 11 बजे होगा। इसे साधना गोल्ड, यूट्यूब में भी देखा जा सकेगा। बीते दिनों इसकी रिकार्डिंग की गई। साथ ही हास्य कवि सुरेश नीरव, पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी, इतिहासकार अमित राय जैन एवं साधना टीवी के निर्माता निर्देशक प्रवीण आर्य ने उनको सम्मानित किया।

### अमावस्या पर रामघाट में की गई चेकिंग

**चित्रकूट।** आषाढ़ी अमावस्या पर एसपी के निर्देश पर तीर्थक्षेत्र में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। उप निरीक्षक एलआईयू शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम ने रामघाट, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की।

## जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील अंतर्गत जमहिली गांव निवासी भाइयों रामआसरे, रामलखन, फूलचंद्र और रामचंद्र ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर उसरापुरवा निवासी कुछ लोगों पर जमीन हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आरोपियों ने गैरकानूनी तरीके से राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। इस संबंध में एक वाद भी विचाराधीन है। आरोप लगाया कि इसके बाद भी ये लोग गुर्गों के साथ दबंगई के बल पर अवैध कब्जा करने पर उतारू हैं। मना करने पर मारपीट पर करने लग जाते हैं। इनका कहना है कि इन्होंने इसकी शिकायत थाने में भी की पर कुछ नहीं हुआ।

### आज और कल बाधित रहेगी बिजली

**राजापुर (चित्रकूट)।** तकनीकी काम की वजह से शनिवार और रविवार को विद्युत उपकेंद्र सरधुआ और भदेहदू की बिजली आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता ने दी। उन्होंने बताया कि 33 केवीए लाइन सरधुआ के नदी क्रासिंग के लिए सी टाइप टावर का निर्माण के फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। इसका बचा काम करने के लिए इसके उपकेंद्रों सरधुआ और भदेहदू की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## पूछा, कब आऊं तो भड़क गए असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** आर्यावर्त बैंक की नांदी तौरा शाखा में अधिकारियों और कर्मचारियों पर अभद्रता के आरोप लग रहे हैं। आरोप तो यहां तक है कि कई बार यहां मारपीट तक हो जाती है। शुक्रवार को यहां एक उपभोक्ता ने उप शाखा प्रबंधक पर चप्पल से मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी। हालांकि एसओ ने बताया कि दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया है।

पहाड़ी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत नांदी तौरा में आर्यावर्त बैंक की शाखा में उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता, इस तरह की बातें अक्सर सामने आती हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि कुछ अधिकारी-कर्मचारी तो खाताधारकों के साथ गालीगलौज व मारपीट तक पर उतारू हो जाते हैं। नांदी गांव निवासी बलराम पुत्र मूलचंद ने बताया कि वह आर्यावर्त बैंक शाखा नांदी का खाताधारक है। वह ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी भी है। बताया कि वह शुक्रवार को पासबुक लेकर खाता चेक कराने गया था। उसने आरोप लगाया कि वहां असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर ने उसकी पासबुक फेंक दी और कहा कि अभी समय नहीं है। बलराम का कहना है कि यह पूछे जाने पर कि कब आऊं, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर भड़क गए व गालीगलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो उसे पहले चप्पल से पीटा फिर कुर्सी उठाकर दे मारी। उसका दावा है कि पूरा घटनाक्रम बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उसका यह भी कहना है कि थाना पहाड़ी में मारपीट की तहरीर दी है। बताया जाता है कि जब से यहां नए स्टाफ की तैनाती हुई है, इस तरह की शिकायतें आम हैं। बताते हैं कि लगभग दो सप्ताह पहले बैंक मैनेजर पर नादी के ही एक पत्रकार ने अभद्रता की शिकायत की थी। इस पर क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी पियूष यादव ने कहा था कि 30 जून तक का हमें मौका दे दीजिए। इसके बाद स्थानांतरण कर देंगे। शुक्रवार को फिर घटना हो गई। वहीं जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय मैनेजर व पहाड़ी शाखा मैनेजर के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है व असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर ने भविष्य में ऐसी ग़लती दोबारा नहीं किए जाने की बात कही है। उधर, क्षेत्रीय मैनेजर ने नांदी शाखा की लगातार मिल रही शिकायत पर शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वासन दिया।




शिकायतकर्ता बलराम। अमृत विचार

- उपभोक्ता ने लगाया गालीगलौज मारपीट का आरोप
- आर्यावर्त बैंक की नांदी तौरा शाखा सवालों के घेरे में

# गजब: अभी तो बनी थी सड़क और हो गया यह हाल

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

- मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा संपर्क मार्ग बदतर
- वाहनों के फंसने की आशंका हर वक्त बनी रहती

**अमृत विचार।** काम को लेकर गुणवत्ता की अनदेखी शायद ठेकेदारों और कार्यदायी संस्थाओं की कार्यशैली में शामिल हो गई है। ज्यादातर कामों में उठ रहे सवालिया निशान यह भी जाहिर करते हैं कि कहीं न कहीं इनमें जांच की आवश्यकता है और दोषी पाए जाने पर संबंधित संस्था या ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड भी करने की जरूरत है।

मध्यप्रदेश सीमा से जोड़ने वाली एनएच 135 बीबी सड़क का भी यही हाल है। बताया जाता है कि इसका निर्माण कुछ ही महीनों पहले हुआ और अब यह क्षतिग्रस्त हो गई। बरगढ़ मोड़ से रेलवे फाटक तक के रास्ते को देखकर तो ठेकेदार की नीयत पर ही शक होने लगता है। बरसात में इस रास्ते पर चलने से पहले लोग कई बार सोचते हैं। चारपहिया वाहनों के फंसने और दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। इसी मार्ग से बरगढ़ के अलावा कलचिहा, कोलमजरा आदि गांव-मजरों के लोगों का आनाजाना होता है। मध्यप्रदेश के जिलों रीवा, सतना को जोड़ने वाली भी यह सड़क है। समाजसेवी अजय त्रिपाठी, सुजीत जायसवाल, लकी जैन, शारदा प्रसाद पांडेय आदि ने आरोप लगाया कि हाल ही में बनाए गए रास्ते की मरम्मत में भी घोटाला किया गया। बगल में मिट्टी डालकर उसको उसी हालत में छोड़ दिया गया। पहली ही बारिश में सड़क की यह दुर्दशा है।



यह हाल है सड़क का। अमृत विचार

**------- लोगों ने जताई नाराजगी -------**



रोहित द्विवेदी।



अजय त्रिपाठी।



शोभनाथ।

समाजसेवी रोहित द्विवेदी ने कहा कि विभाग और ठेकेदार की इस लापरवाही का खामियाजा किसी भी दिन कोई भुगत सकता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सड़क के दोनों ओर मिट्टी ऊंची होने के कारण जलभराव है। इसमें ठेकेदार की घोर लापरवाही है। विभाग इस विषय का संज्ञान ले। कोलमजरा प्रधान शोभनाथ प्रजापति ने कहा कि जलभराव की वजह से आवागमन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। जनता परेशान है। प्रधान प्रतिनिधि अजय त्रिपाठी ने भी सड़क की दुर्दशा पर रोष जताया। कहा कि रोड की दुर्दशा देखकर निकलने की हिम्मत नहीं हो पाती। बताया कि उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभाग को जानकारी दी है। वहां से बताया गया है कि निर्माण कार्य की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने किया पौधरोपण

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस में पौधरोपण किया। एसपी ने पाकड़ एवं नीम के पौधे लगाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि ने पुलिसकर्मियों के साथ दो-दो पौधे रोपे। एसपी ने बताया कि भीषण गर्मी व हीट स्ट्रोक से बचने का एकमात्र उपाय है कि सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

### झोलाछाप के विरुद्ध सीएमओ ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** झोलाछाप द्वारा बिना डिग्री के मरीजों का इलाज करने की शिकायत पर सीएमओ ने छापेमारी की। इसमें मरीजों का इलाज कर रहा युवक फर्जी डॉक्टर पाया गया। सीएमओ ने झोलाछाप पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उन्हें ब्लाक जलालाबाद के ग्राम जसौरा में विजेंद्र कुमार के द्वारा क्लीनिक का संचालन करने और बिना डिग्री के मरीजों का उपचार करने की शिकायत मिली थी। इस पर 16 जून को निरीक्षण किया था। इस दौरान विजेंद्र मरीजों का उपचार करते पाए गए थे लेकिन कोई चिकित्सकीय प्रमाण नहीं दिखा पाए। इस पर 20 जून को मुख्यालय पर प्रपत्र लेकर आने का नोटिस जारी किया था। विजेंद्र द्वारा प्रमाण पत्र नहीं दिखाए गए। इसके बाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आशा व आंगनबाड़ी को दिए संचारी रोगों से बचाव के टिप्स

**जलालाबाद, कन्नौज।** विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान के प्रति आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। शुक्रवार को एमओआईसी मनोज कुमार के नेतृत्व में सीएचसी व ब्लाक सभागार में संचारी रोग व दस्तक अभियान का प्रशिक्षण दिया गया। बीसीपीएम हुकुम सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोग व दस्तक अभियान के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बीएमसी हिना कौसर ने बताया कि अपने आसपास साफ सफाई रखें जिससे मच्छर पनपने न पाएं। इससे दिमागी बुखार, मलेरिया, टाइफाइड आदि रोगों पर नियंत्रण किया जा सके।

### तहसील प्रशासन के विरुद्ध वकीलों का आंदोलन शुरू

**तिर्वा, कन्नौज।** तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और किसानों के काम समय से किये जाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर थक चुके वकीलों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार से हड़ताल शुरू कर दी। लायर्स बार एसोसिएशन व न्यू बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को तहसील में जमकर प्रदर्शन करते हुए हड़ताल शुरू कर दी। पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि तहसील के प्रत्येक पटल पर भ्रष्टाचार है। कई बार एसडीएम से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। भूलेख में आदेशों का अकंन नहीं होने, दफा 151 में दो लाख की जमानत न जमा करने पर जेल भेजने आदि मुद्दों पर वकील खूब बरसे। वकीलो ने एसडीएम न्यायालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय प्रताप ने कहा कि एसडीएम की कार्यशैली से सभी वकील खफा है। पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बैश ने कहा कि एसडीएम का जो रवैया चल रहा उससे किसान समेत सभी वकील परेशान है। अनिल राजपूत, संजीव तिवारी, प्रतीक यादव समेत दोनो संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

**आस्था की डुबकी**



**मनाया पर्व :** आषाढ़ी अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को तीर्थक्षेत्र में लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाकर महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया। जिलाधिकारी और एसपी की अगुवाई में अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर नजर रखी।

## दुपट्टे का फंदा लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम कैथनपुर्वा निवासी सर्वेश पाल की पत्नी शिल्पी (29) ने शुक्रवार की दोपहर घर के अंदर बने कमरे में डुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा काटा। स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझाबुझाकर शांत कराया और समझौता करा दिया। परिजनों ने बताया कि शिल्पी की शादी 05 वर्ष पहले हुई थी। घटना के समय मृतका का पति ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर खेतों की ओर गया था। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की सूचना नहीं दी गई है।

## होटल के कमरे में मिला फाइनेंस कंपनी के एरिया मैनेजर का शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट से मौत की पुष्टि, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** शहर के एक होटल में ठहरे फाइनेंस कंपनी के एरिया मैनेजर का शव बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो उसमें कार्डियक अरेस्ट से मौत की पुष्टि हुई। एरिया मैनेजर कंपनी के काम के सिलसिले में पिछली एक जुलाई से होटल में रुके थे। पुलिस द्वारा सूचना देने पर परिजन भी पहुंच गए और पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर सीतापुर चले गए।

जनपद सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला मौखूपुर निवासी प्रशांत पांडेय (36) पुत्र दिलीप कुमार पांडेय एसके फाइनेंस कंपनी में एरिया मैनेजर थे। कंपनी के काम के सिलसिले में वह एक जुलाई को शहर में आए थे और तिर्वा क्रॉसिंग के पास एक होटल में रुके थे। गुरुवार को शाम तक जब वह कमरे से नहीं निकले और न ही कोई ऑर्डर किया, तब होटल के कर्मचारी देखने गए। वहां वह बेड पर बेहोशी की हालत में पड़े थे।

कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा व सरायमीरा चौकी प्रभारी रोहित सिंह मौके पर पहुंचे।

**हाल-बेहाल** | निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाली देख भड़के एसडीएम

# जिलाधिकारी को भेजेंगे गुणवत्ता की अनदेखी की रिपोर्ट

**खबर का असर**

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग 731 ए व 731 एजी के किनारों पर बनाए जा रहे नालों मुआयना करने पहुंचे एसडीएम प्रमोद झा घोर लापरवाही और मानकविहीन काम देखकर भड़क गए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के कामों की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी और कार्रवाई कराई जाएगी।

कस्बे में 731ए व 731 एजी में लगभग 10 माह से काम जारी है। इसके तहत कर्वी बाईपास से लेकर बोड़ीपोखरी तक 18 किलोमीटर मार्ग लोकनिर्माण विभाग प्रयागराज ने स्वीकृत किया है। इस पर ठेकेदारों के माध्यम से काम शुरू कराया गया है। काम की गुणवत्ता को लेकर और नालों व सड़क के मानकविहीन काम को लेकर लोगों ने निवर्तमान जिलाधिकारी से शिकायत की थी। इस पर तब जिलाधिकारी ने 26 दिसंबर को मुआयना कर सख्त निर्देश दिए थे कि काम मानक के अनुरूप किया जाए। इसके बाद भी ठेकेदार ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगभग एक माह पहले अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद चौरसिया ने उप जिलाधिकारी के साथ फिर मुआयना कर जलनिकासी की निकासी दुरुस्त करने व आधे अधूरे नालों को मानक के अनुरूप बनाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया, लेकिन वह निर्देश भी हवा हवाई रहा।

लोगों की शिकायत नाले की गुणवत्ता को लेकर आ रही खबरों पर शुक्रवार को फिर उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने मौका मुआयना किया। बताया कि कई बार ठेकेदार को लिखित व मौखिक आदेश-निर्देश दिए गए कि मानक के अनुरूप कार्य करें लेकिन बराबर मनमानी की जा रही है। सितंबर 2023 में तत्कालीन जिलाधिकारी को मानक विहीन कार्यों की रिपोर्ट दी गई थी। पर ठेकेदार ने ध्यान नहीं दिया। अब फिर इसकी विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी जाएगी।



नालों का मुआयना करने पहुंचे उप जिलाधिकारी। अमृत विचार


अधबने और टूटे नालों में दिखाई दे रहा मनमाना 'विकास'

'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

- ठेकेदारों के माध्यम से काम शुरू कराया गया
- लोगों की शिकायत नाले की गुणवत्ता को लेकर आ रही

**'अमृत विचार' में छपा बदहाली का समाचार**

'अमृत विचार' ने नालों की टूट और अधूरे कामों को लेकर अपने चार जुलाई के अंक में, अधबने और टूटे नालों में दिख रहा मनमाना 'विकास', शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। इस दौरान एसडीएम से बातचीत की गई थी तो उन्होंने आश्वासन भी दिया था कि जल्द मौका मुआयना किया जाएगा।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और बच्चे। अमृत विचार

## विद्यालय के संस्थापक की मनाई गई जयंती


- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बच्चों को उनके व्यक्तित्व को बताया

**रामनगर (चित्रकूट)।** श्री गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में शुक्रवार को विद्यालय के संस्थापक स्व. प्रो. दीनानाथ पांडेय की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रबंधक संतोष पांडेय व प्रधानाचार्य शिवशंकर चौधरी ने स्व. पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बच्चों को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को बताया। इस दौरान युनाप्स व टेरी के द्वारा दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से लौटीं छात्राओं अंशिका त्रिपाठी, गरिमा पांडेय को सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने बच्चों को प्रेरित किया कि हुनर को पहचानें व इन बालिकाओं की तरह नाम रोशन करें। शिक्षा से सब कुछ संभव है।

# लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों को दिया जाए बढ़ावा: मंडलायुक्त

## सकल घरेलू उत्पाद व पौधरोपण कार्यक्रम संबंधी मंडलीय बैठक में आयुक्त ने दिए निर्देश

- अधिकारी सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने को प्रस्तावित आंकड़ों का मिलान करें
- अधिक से अधिक पौधे रोपित करने एवं संरक्षित तथा सुरक्षित रखने को कहा



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** सकल घरेलू उत्पाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संबंधी बैठक में आयुक्त ने चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिलों में सूक्ष्म, लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए। कहा कि चारों जनपदों में सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने के लिए प्रस्तावित आंकड़ों को संबंधित विभागीय अधिकारी मिलान करें। वास्तविक विवरण तैयार करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने सकल घरेलू उत्पाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने पर्यटन, परिवहन, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों के अन्तर्गत आय स्थानीय निकायों तथा अन्य संस्थानों से कर के संग्रह आदि के आंकडों का सर्वेक्षण करते हुए जनपद के सकल घरेलू उत्पादों को बढाने पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पादों के साथ दुग्ध उत्पादन को बढाने, कृषि एवं उद्यान के अन्तर्गत तैयार किये जाने वाले उत्पादों को बढाने के भी निर्देश दिये, जिससे कि जनपद का सकल घरेलू उत्पाद बढ सके। आयुक्त ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मण्डल के सभी जनपदों में वृक्षारोपण समय से गड्ढों की खुदान करने के साथ पौध तैयार कर अधिक से अधिक पौधों को रोपित करने एवं उन्हें संरक्षित तथा सुरक्षित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मण्डल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर सभी लोग अपनी माता जी के नाम पर एक-एक वृक्ष अवश्य लगाएं एवं उसे संरक्षित करें।

उन्होंने सभी को पांच-पांच पौधे लगाने के निर्देश दिए। बताया गया कि महोबा में 70 लाख, हमीरपुर में 73 लाख, चित्रकूट में 72 लाख तथा मंडल मुख्यालय बांदा में 64 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने मंडल के सभी जिला वनाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप जनपदों के विभिन्न विभागों व जन सहभागिता के सहयोग से अधिक से अधिक पौधे लगाकर मंडल में बेहतर काम करने के निर्देश दिए। खबरदार किया कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त यशवंत कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने दिए अवैध खनन की जांच के आदेश

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव ने आयुक्त को शिकायती पत्र देकर वनाधिकारी व रेंजर की शह पर केन नदी के वन क्षेत्र में बालू का अवैध खनन कराने का आरोप लगाया है। आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में भाकियू राष्ट्रीय सचिव हरदत्त पांडेय ने कहा है कि सदर तहसील क्षेत्र के चटगन गांव स्थित केन नदी के वन क्षेत्र में इन दिनों जबरदस्त बालू का अवैध खनन चल रहा है। यह गांव केन नदी के किनारे स्थित हैं। यहां पर बालू का काफी मात्रा में भंडारण है। वनाधिकारी व रेंजर की शह पर माफिया जबर्दस्त अवैध खनन करते हैं। पिछले एक माह से रात दिन ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई की जा रही है। आरोप है कि वनाधिकारी व रेंजर ने कुछ दिनों पूर्व दो-तीन ट्रैक्टरों को सीज कर महज कार्रवाई का दिखावा किया। मामला ठंडा होने के बाद फिर से रात दिन बालू का अवैध खनन शुरू हो गया। वन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन से विभागीय अधिकारी आंख मूंदे हैं। दिन रात बालू का अवैध खनन करके माफिया मालामाल हो रहे हैं। राष्ट्रीय सचिव ने आयुक्त से जांच समिति गठित कर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उधर, आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने भाकियू राष्ट्रीय सचिव के पत्र का हवाला देकर जिलाधिकारी को वनाधिकारी व रेंजर की शह पर हो रहे बालू के अवैध खनन जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**बांदा।** शहर के कोतवाली क्षेत्र के केन नदी पुल के पास अज्ञात 35 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त करवाने के लिए प्रयास किए गए। लेकिन पहचान नही हो सकी। पुलिस का कहना है कि शव के नजदीक शराब की बोतल पाई गई।

### अधिवक्ताओं ने दी तहसीलदार को विदाई

**अतर्रा।** तहसीलदार रामचंद्र सिंह का तबादला अलीगढ़ जनपद के लिए होने के बाद अतर्रा अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में वकीलों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार श्री सिंह के कार्यकाल की जमकर सराहना की। बता दें कि श्री सिंह तहसील में करीब दो वर्ष तक तैनात रहे हैं और उनके तमाम अधिवक्ताओं समेत शहर के संभ्रांत लोगों से व्यक्तिगत संबंध स्थापित हो गए थे।

# राष्ट्रीय स्वराज पैंथर ने छह सूत्रीय मांगों के समर्थन में बोला हल्ला

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** छह सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वराज पैंथर ने स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट तिराहे में धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को नहीं मिल रहा। बाद में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर पात्रों को लाभ दिलाए जाने की मांग की।

राष्ट्रीय स्वराज पैंथर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर के नेतृत्व में शुक्रवार को पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के नजदीक स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पर एकत्र हुए। कुछ देर धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। मांगों के समर्थन में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। बाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा है सरकार द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जहां पहले इन वर्गों के गरीब छात्रों को जीरो बैलेंस में निःशुल्क प्रवेश दे दिया जाता था वहीं अब मोटी फीस वसूलकर प्रवेश दिया जाता है।



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष। अमृत विचार

- स्वतंत्रता स्मारक पर दिया धरना, जमकर की नारेबाजी

छात्रवृत्ति योजना में अटपटे नियमों के चलते तमाम गरीब छात्र इस योजना से वंचित हो रहे हैं। पीएम मोदी के तीसरे और मुख्यमंत्री योगी के दूसरे कार्यकाल में भूमिहीन गरीब को एक इंच जमीन का पट्टा नहीं दिया गया। बुंदेलखंड क्षेत्र में गरीबों का स्तर गिरता जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण देश के गरीबों में निराशा ही निराशा व्याप्त है।

ज्ञापन देने में राजबहादुर सिंह कुशवाहा, कमलेश कुमार चैधरी प्रदेश अध्यक्ष, संतोष कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष रामबाबू वर्मा, केशव प्रसाद वर्मा, संत धर्मराज यादव समेत बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### काली नदी के पुल पर युवक को घेरकर पीटा, बाइक भी तोड़ी

**कन्नौज।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने युवक को काली नदी के पुल पर घेर लिया और लाठी-डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसकी बाइक भी तोड़फोड़ कर नष्ट कर दी। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी अंकित पुत्र रामपाल शुक्रवार को बाइक से जसोदा से अपने घर जा रहा था। रास्ते में काली नदी के पुल कूल्हापुर घाट पर उसके ही गांव के रामफेर व उसके बेटे भावेश ने अंकित को घेर लिया और रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। दोनों ने अंकित को बेरहमी से पीटा और उसकी बाइक भी तोड़फोड़ कर नष्ट कर दी। इसके बाद उसे मरणासन्न हालत में छोड़ कर भाग गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। घायल अंकित को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एएसपी ने दी नए कानूनों के प्रावधानों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** पहली जुलाई से देश में लागू हुए तीन नए कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस लाइन सभागार में एएसपी ने पुलिस जवानों को प्रशिक्षण देकर तीन नए कानूनों को जानकारी दी।

पहली जुलाई को देश में लागू हुए तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रशिक्षण के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में यूपी-112 के पुलिसकर्मियों को नये कानूनों के प्रावधानों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। पुलिसकर्मियों को नये कानून की बारीकियों व पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी व यूपी-112 अंबुजा त्रिवेदी व प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक अरुण कुमार पाठक ने नये कानूनों के प्रावधानों के विषय में कर्मियों को प्रशिक्षित किया।

# टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे चमके

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और छात्र-छात्राओं को डिजिटलाइजेशन से जोड़ने के लिए स्कूलों कालेजों में टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। साथ छात्र-छात्राओं को तकनीकी ज्ञान देकर महत्व भी समझाया जा रहा है।

शुक्रवार को शहर के नरैनी रोड स्थित राजादेवी पोस्ट ग्रेजुएट कालेज सभागार में छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। प्राचार्य डा.संतोष कुमार तिवारी की मौजूदगी में युवाओं का तकनीकी रूप से सशक्तिकरण करने के लिए वर्ष 2022-23 और 2023-24 बैच के एमए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर और एमएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित कर उन्हें नई तकनीक से लैस किया गया। प्राचार्य डा.तिवारी ने तकनीक का महत्व समझाते हुए कहा कि युवाओं को तकनीक और डिजिटलाइजेशन से जोड़ने से लिए टैबलेट का महत्वपूर्ण योगदान साबित हो सकता है। बताया कि शिक्षा, चिकित्सा और पर्यटन की विभिन्न जानकारियों के साथ ही यह शिक्षण कार्य में मददगार साबित होता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को टैबलेट का सदुपयोग करने और अपना भविष्य संवारने में उपयोग करने की नसीहत दी। कहा कि टैबलेट के माध्यम से छात्र-छात्राएं रोजगार व उच्च शिक्षा से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में सतीश सिंह, विवेक कुमार, नीलम गुप्ता, द्वारिका प्रसाद यादव, सुनील द्विवेदी, श्याम सिंह, अमरपाल, सुरभि त्रिवेदी, प्रियंका, बिंदु शुक्ला, ऋचा सिंह, डा.प्रियंका वर्मा, डा.जयकिशोर तिवारी समेत सभी प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



टैबलेट पाकर खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- एमए,एमएससी, एमकॉम और एमएड के छात्रों को मिले टैबलेट

## सार-संक्षेप

### गोपाल कृष्ण बने सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य



गोपालकृष्ण पांडेय।

**अतर्रा।** कस्बा स्थित सरस्वती इंटर कालेज की प्रधानाचार्य अर्चना वर्मा को तबादला हमीरपुर जनपद होने के बाद हिंदी के अध्यापक गोपाल कृष्ण पांडेय को प्रधानाचार्य पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। कालेज के प्रबंधक अशीष पांडेय ने बताया है कि आयोग से चयनित होकर आए गोपालकृष्ण कालेज में लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए उन्हें प्रधानाचार्य पद का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाल कर कालेज में शिक्षण स्तर को आगे बढ़ाने और आपसी समन्वय के साथ काम करने की बात कही। श्री पांडेय को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाए जाने पर शिवशरण पांडेय, रोहत, सतीश भार्गव, शिवाकांत कुशवाहा, रमेश चंद्र द्विवेदी आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### चंदवारा पॉवर हाउस तक पहुंचने में होती है परेशानी

**बांदा।** बीते पांच वर्षों से ठप पड़े चंदवारा पॉवर हाउस को चालू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने जहां विद्युत विभाग के अफसरों का धन्यवाद ज्ञापित किया है, वहीं पॉवर हाउस पहुंचने के लिए संपर्क मार्ग दुरुस्त कराने की मांग बुलंद की है। कहा कि पॉवर हाउस तक पहुंचने के रास्ते में कीचड़ रहता है, ऐसे में वहां पहुंचने वाले कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों समेत जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कहा है कि चंदवारा इंटर कालेज से विद्युत उपकेंद्र तक करीब एक किलोमीटर पहुंच मार्ग पर सीसी सड़क बनवाने की जरूरत है, ताकि विद्युत कर्मियों के साथ ही आम उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सके।

### युवक ने जहर खाया

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कतरावल गांव निवासी भानू प्रताप (32) पुत्र रामरतन ने गुरूवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### डस्टबिन में मिला नवजात का शव

**बबेरू।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर लेबरवार्ड के पास डस्टबिन में शुक्रवार सुबह नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सफाई कर्मी ने तत्काल डाक्टरों को सूचना दी। इसी बीच तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह व कस्बा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव मय पुलिस बल के मौके में पहुंच गए। स्वास्थ्य कर्मियों व सफाई कर्मचारी से पूछताछ की। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोग तरह-तरह के कयास लगाते रहे। वहीं कुछ लोग निर्दयी हत्यारन मां को कोसते नजर आए। सीएचसी अधीक्षक डा.ऋषिकेश सिंह पटेल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से छानबीन की जा रही है। ऐसा कृत्य करने वाले को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

# तीन परिवार टूटने से बचे, हंसी-खुशी घर गए दंपति

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** टूटते परिवारों को बचाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा शुरू किए गए प्रयासों का बेहतर परिणाम सामने आ रहा है। पुलिस विभाग के तत्वाधान में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में तीन परिवारों को टूटने से बचा लिया। आपसी विवाद के कारण एक दूसरे से दूरियां बनाकर दंपती को फिर समझाईश के जरिए आपस में मिला दिया। आपसी मतभेद भूल कर दंपत्ति हंसी-खुशी साथ रहने को तैयार हुए।

पुलिस लाइन में उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी, काउंसलर सीमा सिंह, कांस्टेबिल भानू प्रकाश व उर्दू अनुवादक कनीज जहरा की अगुवाई में परिवार परामर्श का आयोजन किया। सदस्यों के समक्ष तीन मामले पेश हुए। गिरवां निवासी राजकुमार वर्मा ने अपनी पत्नी, देहात कोतवाली क्षेत्र निवासी रजनी व बिसंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली कुलसुम खातून ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पति व ससुरालीजन उनके साथ मारपीट व गालीगलौज करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने परिवार परामर्श केंद्र को प्रार्थना पत्र भेजकर उसके निस्तारण के लिए निर्देशित किया। परिवार परामर्श केंद्र तीनों परिवारों के बीच समझौता कराया गया। समझौते के बाद तीनों ही परिवार हंसी-खुशी एक दूसरे के साथ रहने को राजी हो गए। उप निरीक्षक ने बताया कि पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद हुआ था, जिससे उनके बीच दूरियां बन गई थी। दोनों परिवारों को समझाया गया। भविष्य में एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए साथ में रहने की सलाह दी गई। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र टीम ने दोनो पक्षों को आपस में सामंजस्य और परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गई।



दंपति के साथ परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य। अमृत विचार

# बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े किसान की जान गई

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी रामआसरे (65) पुत्र बिंदा प्रसाद गुरूवार की शाम खेत में भैस चरा रहा था। तभी तेज वारिस होने लगी। भीगने से बचने के लिए रामआसरे अपने पड़ोसी रामदीन के साथ नजदीक लगे महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी बीच तेज धमाके साथ आकाशीय बिजली गिरने से रामआसरे की मौके पर मौत हो गई। रामदीन बेहोस हो कर गिर पड़ा। होश आने के बाद उसने देखा कि रामआसरे की मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनो को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र रामकेश ने बताया कि रामआसरे बटाई की खेती करता था।

### किशोरी ने फांसी लगा दी जान

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के लौमर गांव निवासी शारदा (17) पुत्री रामबहादुर गुरुवार को घर पर अकेली थी। उसकी मां रामदेवी और बहन राधा मजदूरी करने चली गई थी। इसी बीच उसने छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शाम को घर पहुंची मां ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतका के चाचा छोटू ने बताया कि घर में कोई नही था। मौत का कारण अज्ञात है।



बीएसए विपिन कुमार को पौधा भेंट करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### बीएसए ने शिक्षकों की समस्याओं के हल का दिया भरोसा

**बांदा।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ बांदा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष सुधा सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार से शिष्टाचार भेंट किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महिला शिक्षकों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का जल्दी ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। संघ की जिला अध्यक्ष ने बताया कि उनका संगठन महिला शिक्षिकाओं के हक की लड़ाई लड़ने वाला एकमात्र महिला संगठन है। सभी अपने विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी को बधाई दी। सभी शिक्षिकाओं ने अपने विद्यालयों में विजिट करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। उन्होंने महिला शिक्षिकाओं की समस्याओं के निराकरण की मांग भी उठाई। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को पौधा भेंट किया। बीएसए विपिन कुमार ने उन्हें महिला शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ की जिला संरक्षिका जयंती सिंह, उपाध्यक्ष संजना तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीतू सिंह, मीडिया प्रभारी नौरीन सआदत, जिला कोषाध्यक्ष रानी देवी, ब्लॉक अध्यक्ष इकाई बड़ोखर मीरा रविकुल,, ब्लॉक अध्यक्ष इकाई नरैनी रोशनी देवी, जिला महामंत्री रमाकांती सिंह, उपाध्यक्ष संध्या, महामंत्री माधवी गुप्ता, उपाध्यक्ष स्नेहलता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन, उपाध्यक्ष दीपिका पांडेय, जिला महामंत्री सुगंधा अग्रवाल, अर्चना, रश्मि, दीपा प्रज्ञा आदि उपस्थित रहे।

**आक्रोश** डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को सौंपा ज्ञापन

# अवर अभियंता की मौत की जांच नई एजेंसी से कराने की मांग

- सिंचाई विभाग अभियंता की षड्यंत्र के तहत हत्या का लगाया आरोप
- नहर कोठी में विश्राम के दौरान ट्रैक्टर चढ़ने से हुई थी जेई की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने सिंचाई प्रखंड तृतीय के जूनियर इंजीनियर विकास कुमार की बीती 26 जून को मध्य प्रदेश क्षेत्र अंतर्गत नहर कोठी में रात्रि में विश्राम करते समय उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ जाने के कारण हुई संदिग्ध हालात में हुई मौत की जांच कराए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री के आवास पर जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की।

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ जिला सचिव विनय कुमार के नेतृत्व में जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि केन नहर प्रखंड की लगभग एक हजार किलोमीटर की केन नहर प्रणाली है जिसका हेडवर्क्स बरियारपुर वियर पन्ना जिले में है। गंगऊ वियर व रनगवां बांध छतरपुर जिले में स्थित है। इस नहर प्रणाली से खरीफ एवं रवि की फसलों की सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी जनपद में लाया जाता है। इसी के तहत नहरों में बैंक डोला के सुदृढ़ीकरण तथा सर्विस रोड रैन कट खांदी को दुरुस्त कराने के लिए कार्मिकों को कार्य स्थल तक जाना पड़ता है।

इसी संदर्भ में बीती 26 जून को अवर अभियंता विकास कुमार मझगांय अनुभाग के कार्यों का निरीक्षण करने के लिए गए थे। रात्रि होने के कारण वह मझगांव नहर कोठी में रुक गए थे। लोगों द्वारा 26 की सुबह बताया गया कि नहर कोठी में विश्राम करते समय अवर अभियंता के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ जाने से उनकी मृत्यु हो गई। महासंघ के जिला सचिव विनय कुमार ने बताया कि उनकी मौत पूरी तरह संदिग्ध है। सिंचाई विभाग अभियंता की षड्यंत्र के तहत हत्या की गई है। जांच कराया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मृतक अवर अभियंता के परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए किसी अन्य जांच एजेंसी को नामित किया जाए। राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अवर अभियंताओं के ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की जानकारी मुख्यमंत्री को बताएंगे।



राज्यमंत्री रामकेष निषाद को ज्ञापन सौंपते सिंचाई कर्मी। अमृत विचार

### विद्युत विभाग में दो अवर अभियंताओं के तबादले

बिजली विभाग में अभियंताओं के तबादलों का सिलसिला ऐसा शुरू हुआ है कि अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता और अब दो अवर अभियंताओं के तबादले हो गए हैं। गिरवां अतर्रा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का कार्यभार संभाले मुख्य अभियंता कार्यालय में संबद्ध अवर अभियंता राजेश श्रीवास और विद्युत माध्यमिक कार्यखंड में तैनात धीरज कुमार भास्कर का तबादला मुख्य अभियंता वितरण क्षेत्र कानपुर-2 के लिए कर दिया गया है। खासबात यह है कि यहां से तबादले तो लगभग सभी अफसरों के कर दिए गए हैं, लेकिन तैनाती महज मुख्य अभियंता को ही दी गई है। ऐसे में जिले की विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था अब भगवान भरोसे ही रह गई है। जिले में मौजूदा समय में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता नगरीय समेत कई अवर अभियंताओं के पद रिक्त हैं। शासन से रिक्त पदों पर किसी भी नए अभियंता की तैनाती नहीं की गई है।

# लाइनमैन की मौत से गुस्साए परिजनों ने किया रोड जाम

## अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा काटा, प्रभारी निरीक्षक के न्याय दिलाने के आश्वासन पर सड़क से हटे पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** 33 केवी बिजली लाइन में शटडाउन लेने के बाद काम करते समय अचानक करंट लगने से बिजली लाइनमैन की मौत हो गई। शटडाउन लेने के बाद भी बिजली लाइन कैसे चालू हुई, इससे नाराज परिजनों ने शव को अस्पताल के बाहर सड़क पर रखकर जमकर हंगामा काटा और जाम लगा दिया। इससे मार्ग पर एक घंटे तक आवागमन ठप रहा। जाम के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चरखारी ने मृतक परिजनों और नागरिकों को समझाबुझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।



राहुल अहिरवार।



सड़क पर बैठीं महिलाएं।



जाम खुलवाती पुलिस। अमृत विचार

### विभाग की लापरवाही से गई लाइनमैन की जान

लगभग दो माह पहले आउट सोसिंग से लाइनमैन के पद पर कार्यरत् कर्मचारी की मौत पर परिजनों ने विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया हुए आरोप लगाया कि 33 केवी सब स्टेशन सोहरयाव में नमामि गंगे फीडर में जो सीबीसी लगी है, वह पुरानी है तथा तकनीकी खराबी कई दिनों से है, लेकिन उसको विभाग द्वारा दुरूस्त नहीं कराया गया है। सीबीसी मशीन आफ करने तथा बाहर निकाले जाने के बाद भी कई बार सप्लाई अर्थिंग देती रहती है। इस बावत बिजली विभाग अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन अधिकारियों ने इसे गम्भीरता से नहीं लिया, जिससे काम करते समय लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने विभाग से समुचित आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

### एमएलसी के कहने पर पहुंचे विभाग के अधिकारी

सुबह करीब 9 .10 बजे हुई घटना के बाद बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा और न ही मृतक परिजनों के परिजनों से मुलाकात की। घटना की जानकारी मिलने पर विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने विभागीय अधिकारियों के न पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीक्षण अभियन्ता से वार्ता की। इसके बाद विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बिजली लाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों के पास सुरक्षा संसाधन ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट आदि मौजूद न होने पर एमएलसी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बिजली लाइन कर्मचारियों को सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराने के बाद ही कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। एमएलसी ने मदद दिलाए जाने का आश्वासन भी दिया।

चरखारी विद्युत उपखण्ड के अन्तर्गत 33 केवी सब स्टेशन सोहरयांव में कार्यरत राहुल अहिरवार (25) पुत्र गोपाल अहिरवार निवासी मोहल्ला छोटारमना चरखारी शुक्रवार की सुबह कस्बे के मोहल्ला सोहरयांव में स्थित सैकेण्ड पावर हाउस से नमामि गंगे फीडर में गुरुवार रात को फाल्ट आने के बाद विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिसके लिए लाइनमैन राहुल अहिरवार ने मौजूद एसएसओ जागेश्वर से शडडाउन लिया। एसएसओ द्वारा सीबीसी ऑफ करते हुए मशीन को बाहर भी निकाल दिया और पावर हाऊस से करीब 200 मीटर की दूरी पर फाल्ट ठीक करने के लिए चला गया। बिना सुरक्षा संसाधनों के जैसे ही कर्मचारी ने तार पर प्लास मारा वैसे ही करंट का झटका लगा और कर्मचारी खम्भे से जमीन पर आ गिरे। उसके मुंह व नाक से खून बहने लगा।

घटना के बाद मौजूद दो अन्य कर्मचारी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इससे गुस्साए नागरिकों और मृतक के परिजनों ने लाइनमैन के शव को अस्पताल के बाहर सड़क रखकर महोबा मुस्करा मार्ग को जाम कर दिया, जिससे महोबा से खरेला, मुस्करा, राठ, हमीरपुर, कानपुर आने जाने वाले तमाम वाहन जाम में फंस गए। भीषण गर्मी के मौसम में वाहनों का लम्बा जाम लग जाने से वाहनों में यात्रा कर रहे यात्रियों व अन्य लागों का गर्मी से बुरा हाल हो गया।

जाम के चलते तमाम लोग मरीजों को लेकर अस्पताल भी नहीं पहुंच सके, जिससे अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। जाम सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता पलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए जाम खुलवाया इसके बाद आवागमन बहाल हुआ।

# ट्रैक्टर ट्राली और लोडर से आए तो मेले में प्रवेश नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कस्बा खरेला के समीप हुई दुर्घटना के बाद पुलिस सचेत

**अमृत विचार।** थाना चरखारी अंतर्गत आने वाले ग्राम काकुन के हनुमान मंदिर में दो जुलाई को ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर आ रहे श्रद्धालुओं की कस्बा खरेला के समीप ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से मासूम सहित तीन लोगों की मौत और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस दुर्घटना को देखते हुए थानाध्यक्ष चरखारी ने लोगों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए आषाढ़ माह पर ग्राम काकुन के हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को लगने वाले मेले में ट्रैक्टर ट्राली व माल लोडर वाहनों में बैठक कर मंदिर न आने की हिदायत दी है। प्रशासन की रोक के बाद भी अगर लोग ट्राली और लोडर वाहनों से मंदिर व मेले में आते हैं तो उन्हें मेले में प्रवेश नहीं दिया जाएगा साथ ही ट्रैक्टर व लोडर को भी सीज कर दिया जाएगा।

चरखारी थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में थाना चरखारी अंतर्गत ग्राम काकुन के हनुमान मंदिर में आषाढ़ मास के प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को मेला आयोजित होता है, ग्राम काकुन हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए जनपद महोबा सहित हमीरपुर, बांदा, जालौन, मध्य प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे यहां पर काफी भीड़ एकत्र रहती है और यातायात सुविधा प्रभावित होती हैं। बताया कि आषाढ़ मास के प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को मंदिर में काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे व अन्य श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली, लोडर, लोडर वाहनो में बैठक दर्शन और प्रसाद चढ़ाने के लिए आते हैं, जिसके चलते विगत दिनों थाना खरेला के अंतर्गत हुई ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना में कई लोग हताहत हुए हैं तथा पूर्व में भी प्रदेश के कई स्थानों व कानपुर नगर में भी ट्रैक्टर ट्राली के पलटने की विभिन्न घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने बताया कि भविष्य में घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा मेले, मंदिरों, धार्मिक कार्यक्रमों, विवाह व अन्य त्योहार पर ट्रैक्टर ट्राली से परिवार सहित महिलाओं बच्चों के साथ यात्रा करने पर पूर्णत रोक लगाई गई है, बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा अभी भी ट्रैक्टर ट्राली से महिलाओं बच्चों परिवार के साथ यात्राएं की जा रही हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावनाएं प्रबल रहती हैं। उन्हांने निर्देशित किया कि आगामी मंगलवार व शनिवार के दिन ग्राम काकुन में थाना चरखारी के अंतर्गत लगने वाले आषाढ़ मास के मेले में श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से दर्शन करने को न आए, यदि कोई भी ट्रैक्टर चालक, वाहन स्वामी ट्रैक्टर ट्राली, लोडर, भार वाहन से हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं तो उन्हें मेले में प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा तथा वाहन ट्रैक्टर को सीज कर दिया जाएगा साथ ही दुर्घटना के घटित होने पर वाहन चालक व वाहन स्वामी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से आगामी शनिवार व मंगलवार को हनुमान मंदिर में ट्रैक्टर ट्राली व लोडर वाहनों पर महिलाओं बच्चों व परिवार सहित दर्शन न आने की अपील की है।

# शादी अनुदान के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**महोबा।** अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों पुत्रियों के शादी अनुदान योजनांतर्गत ऑनलाइन प्रमाणीकरण, ईकेवाईसी लागू की गई है, जो वर्तमान में संचालित की जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत आवदेक द्वारा आनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधाकार्ड एवं मोबाइल नम्बर, जाति, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति पूर्ण विवरण के साथ शादी कार्ड एवं पुत्री का आधार कार्ड एवं वर का उम्र प्रमाणपत्र आदि अभिलेख आवश्यक है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हर्षवर्धन ने बताया कि योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग दो पुत्रियों की शादी के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की वार्षिक आय एक लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# संपत्ति को लेकर ससुराल में उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार।** थाना पनवाड़ी के ग्राम स्योढी में एक विधवा के हिस्से की भूमि व सम्पत्ति पर ससुरालीजनों द्वारा कब्जा किए जाने को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा साथ ही मारपीट कर घर से बाहर निकाले जाने की धमकी भी दी जा रही है। विधवा अपने दो छोटे छोटे बच्चों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची और ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है साथ ही आरोप लगाय कि थाना व चौकी पुलिस द्वारा शिकायत के बाद भी उसे इंसाफ नहीं मिला है।

पीड़िता गीता यादव पत्नी स्व0 देवेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 21 फरवरी 2021 को उसके पति की मृत्यु हो गई थी और उसके कुछ दिनों के बाद से ही ससुरालीजनों का



पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर बच्चों के साथ बैठी विधवा। अमृत विचार

उसके प्रति व्यवहार में बदलाव आ गया। उसने बताया कि उसका एक पुत्र अभिषेक(11) और एक पुत्री ईशानी (7) है, जिनके साथ वह अपने गम को भूलाने की कोशिश कर रही और बच्चों की परवरिश के लिए पति द्वारा दी गई कुछ भूमि और संपत्ति है, जिससे वह अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। ज्ञापन में बताया कि ससुरालीजनों का नेचर दिन व दिन बदलता गया और अब हालत यह है कि वह भूमि और संपत्ति पर कब्जा करने की नियत से उसका उत्पीड़न करने लगे है और इस मामले को लेकर कई बार ससुरालीनों द्वारा उसकी मारपीट कर घर से बेघर करने की धमकी भी दी गई, जिससे वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर खासा परेशान है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस सम्बन्ध में पनवाड़ी थाना पुलिस चौकी पुलिस को शिकायती पत्र के माध्यमसे अवगत कराया गया, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से ससुरालीजनों के हौसले बुलंद हैं। पीड़िता ने ससुरालीजनों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़ को रोके जाने की गुहार लगाई है।

# लोकतंत्र की हत्या करने पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी का पुतला जलाने के प्रयास को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सौंपा। उन्होंने भाजपाइयों के इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए लोकतंत्र की हत्या कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई है।

डीएम को सौंप गए ज्ञापन में बताया कि सांसद राहुल गांधी द्वारा भाजपाईयों द्वारा भ्रष्टाचार व एनईईटी यूजी परीक्षा में अनियमितताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर उनका झूठ देश की जनता के सामने उजागर किया



ज्ञापन देने के बाद खड़े कांग्रेसी। अमृत विचार

गया था, जिससे भाजपाई झूठ का खुलासा देखकर इतना तिलमिला गए कि उन्होंने सांसद की फोटो को पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में जलाने की नाकाम कोशिश की गई, जो लाकतांत्रिक परम्पराओं के खिलाफ है। ज्ञापन में कहा कि इन लोगों ने वाराणासी में प्रदेश अध्यक्ष के पुश्तैनी घर जहां उनके परिवार के लोग रहते है उसके समाने पुलिस के संरक्षण में जाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का फोटो को जलाने की कोशिश की गई, जिससे सभी कांग्रेसी आहात हैं और पुलिस प्रशासन द्वारा सत्ता पक्ष के लोगां को अपने संरक्षण में रखकर विपक्ष के नेता की फोटो जलाने की यह घटना अत्यंत निंदनीय एवं स्वच्छ राजनीति के विपरीत है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में भाजपाईयों के इस कृत की निंदा करते हुए ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में संतोष कुमार धुरिया, छत्रपाल अहिरवार, अरविंद कुमार चौधरी, अजयराज कोली, आफाक सरवर, अशोक कुमार राजपूत, कनर सिंह, महेश अहिरवार, अमरचंद्र सक्सेना, बिंद्रवन कुशवाहा, लक्ष्मीप्रसाद, प्रियांशु, नंदराम मुखिया सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते सपाई। अमृत विचार

### सपाइयों ने पौधरोपण कर देखभाल करने का लिया संकल्प

**महोबा।** समाजवादी पार्टी के पीडीए द्वारा वन महोत्सव सप्ताह व पर्यावरण संरक्षण एवं विकास अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सपा नेता मनोज तिवारी ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का लोगों को संदेश दिया गया। इस मौके पर उपस्थिल लोगों द्वारा भी एक एक पौधा लगाया। साथ ही लगाए गए पेड़ों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया गया। एक से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया, जहां पर फलदार, छायादार और औषधीय पौधे सहित तमाम प्रकार के पौधों को लगाकर उन्हें सींचा गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वृक्षारोपण न केवल हमारे पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लाभकारी है। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत सपा नेता ने कई पौधे लगाए और लोगों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित लोगों ने पौधों को रोपित करने के बाद उनकी देखभाल का संकल्प लिया और इसे एक सतत अभियान बनाने का वचन दिया। इस मौके पर स्थानीय समुदाय के लोग, पार्टी के युवा कार्यकर्ता सहित तमाम लोग शामिल रहे।




थाना परिसर में पौधा लगाते थानाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### थाना पनवाड़ी में लगाए गए 20 पौधे

**पनवाड़ी-महोबा।** पनवाड़ी थाना प्रभारी व समाजसेवियों सहत तमाम लोगों ने 20 पौधों का रोपण कर अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। पनवाड़ी थानाध्यक्ष मनीष कुमार पांडे से समाजसेवियों के नेतृत्व में थाना परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र नगायच, पूर्व प्रधान नकरा कौशल मिश्रा, रमेश सक्सेना, सादिक सकलेनी, कांस्टेबिल अंकित सिंह, प्रमोद, पवन सहित तमाम लोगों ने आम अमरूद आंवला शीशम पीपल बरगद सहित बीस पौधों का रोपण करते हुए उनकी देखभाल करते हुए पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने और मानव कल्याण को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।




गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार देते जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी।

### 500 लोगों ने ब्लड प्रेशर व मधुमेह की जांच कराई

**महोबा।** कबरई ब्लाक में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख अध्यक्ष ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस दौरान ब्लाक परिसर में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कैंप लगाकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कैंप में लगभग 500 लोगों ने ब्लड प्रेशर, डायबिटीज आदि की जांच कराई। महोबा जिले के आकांक्षी कबरई ब्लाक में शुक्रवार को संपूर्णता अभियान के मौके पर मुख्य विकास अधकारी चित्रसेन सिंह ने जिले और ब्लाक में छह संकेतकों को संतृप्त करने के लिए तीन महीने की कार्य योजना विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस ग्राम विकास, कृषि, शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। अभियान दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को न्यूट्रिशन युक्त आहार जिला पंचायत अध्यक्ष ने भेंट किया। महिलाओं को समय से टीकाकरण के साथ पोषणयुक्त आहार लेने की सलाह दी गई।

आस्था | शिवतांडव मंदिर से शुरु होकर वहीं पर समाप्त हुई परिक्रमा

# श्रद्धालुओं ने गोरखगिरि पर्वत की लगाई परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गोरिखरिगर पर्वत की प्रत्येक पूर्णिमा व अमावस्या पर श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा लगाते हुए सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इसी के तहत शुक्रवार को बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकार के नेतृत्व में नगर के तमाम श्रद्धालुओं ने आषाढ़ अमावस्या पर गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई गई, जो शिवतांडव मंदिर से शुरू होते हुए पर्वत का पूरा चक्कर लगते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई और इसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने गुरु गोरखनाथ और गोरखगिरि के इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की तरह क्षेत्र में गोरखगिरि पर्वत भी श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बताया गया।



गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

श्रद्धालुओं द्वारा शुक्रवार की सुबह साढ़े पांच बजे गोरखगिरि परिक्रमा आयाजित की गई, जो महावीरन, पठवा के बाल हनुमान, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, शनिदेव, छोटी चंडिका, नागौरिया, काल भैरव से होते हुए वापस शिवतांडव पर संपन्न हुई। परिक्रमा दौरान लोग जय भोलेनाथ, जय श्रीराम के जयकारों के साथ पैदल चल रहे थे, वहीं कुछ श्रद्धालु बाइकों से पीछे पीछे भगवा झंडे लेकर आगे बढ़ते जा रहे थे। परिक्रमा के बाद श्रद्धालुओं में शिव मंदिर में भगवान के समक्ष माथा टेंका और देश में अमन शांति और भाईचारा बनाए रखने की प्रार्थना कर लोगों में प्रसाद वितरण किया।

बुंदेली समाज के संयोजक ने बताया कि किवंदतियों के अनुसार त्रेतायुग में जब भगवान श्रीराम को वनवास हुआ था तो लक्ष्मण और सीता माता के साथ उन्होंने महोबा के गोरखगिरी पर्वत पर अपने वनवास के दिन काटे थे और आज भी इस पर्वत पर सीता जी की रसोई बनी हुई है। बताया कि गोरखगिरि पर्वत गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि है, पहाड़ के ऊपर सिद्ध बाबा का स्थान है।

पर्वत पर गुरु गोरखनाथ ने भी अपने शिष्य सिद्धोदीपकनाथ के साथ तपस्या की थी। बताया जाता है कि महोबा के वीर योद्धा आल्हा-ऊदल किसी भी संकट के समय गुरु गोरखनाथ का स्मरण करते थे और यह दोनों वीर उनके परमप्रिय शिष्य और सेवक माने जाते थे। गुरु गोरखनाथ की मदद और कृपा से उनकी हर युद्ध में विजय होती थी। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, गया प्रसाद कोस्टा, महेन्द्र, प्रेम चौरसिया, सिद्धे, राम किशन सेन, अवधेश गुप्ता, माधव खरे, रविन्द्र सिंह, सत्येन्द्र गुप्ता, गौरव शर्मा, अजय चौरसिया, देवेन्द्र पुरवार, नरेन्द्र मिश्रा, जगभान सिंह व गोविंद विश्वकर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# गंदगी मिलने पर सफाई नायक नपेंगे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** वर्षा ऋतु के मद्देनजर नगर में उत्पन्न हो रही जलभराव की समस्या को देखते हुए शुक्रवार को नगर पालिका परिषद महोबा के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार की अध्यक्षता में पालिका सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सफाई प्रभारियों और सफाई नायकों को चेतावनदी दी गई कि यदि किसी भी वार्ड की सफाई संबन्धी शिकायत मिलने पर उक्त सफाई नायक व प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अधिशासी अधिकारी ने सफाई प्रभारियों और सफाई नायकों से कहा कि अपने अपने वार्डो में सफाई की सारी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें, क्योंकि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कहा कि सभी वार्डो में सुबह की सफाई के सारे कार्य प्रातः आठ बजे से पहले पूर्ण कर लिये जाएं। इसके बाद यदि कहीं भी कूड़े का ढेर या गन्दगी नजर



बैठक में सफाई नायकों को निर्देश देते अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार।

- अधिशासी अधिकारी ने सुबह आठ बजे तक सफाई हो जाने के दिए निर्देश

आती है तो उसके लिए सम्बन्धित सफाई नायक जिम्मेदार होगें। नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शीर्ष प्राथमिकता के साथ सभी सफाई नायक अपने अपने क्षेत्र के नाला नालियों की सफाई हर हाल में ठीक ढंग से कराना सुनिश्चित करें, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायकों को आदेशित किया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के रूप में प्रति घर तीस रूपये प्रतिमाह लेना सुनिश्चित करें और वह स्वयं एवं उनके द्वारा गठित निगरानी टीम अब सुबह पांच से आठ बजे तक प्रत्येक वार्ड में हो रहे सफाई कार्यो की निरन्तर निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में सहायक अभियन्ता विकास शुक्ला, प्रभारी लेखाकार अरूण शुक्ला, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक जन्मेजय सिंह, वर्क सुपरवाईजर राजेश त्रिपाठी, प्रभारी सफाई रामसेवक, भूपेन्द्र, प्रभारी अधिष्ठान धनेश कुमार सहित समस्त सफाई नायक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गिले-शिकवे भूलकर दंपति फिर साथ रहने को राजी

हमीरपुर। जिला विधिक सेवा में संचालित मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थ अधिवक्ता राज नारायण निगम के प्रयास से प्रीती पुत्री जगपाल सिंह निवासी ग्राम रिरुआ बुजुर्ग जिला हमीरपुर और रोहित पुत्र देवीशरण सिंह निवासी आराधना नगर के पारिवारिक विवाद का सुलह समझौते से निस्तारण कराया गया। दंपत्ति द्वारा साथ-साथ रहने की सहमति व्यक्त की गई। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, अपर जिला जज/सचिव गीतांजलि गर्ग द्वारा दोनों पक्ष को बधाई दी गई।

### मानसिक तनाव में युवती ने खाया जहर, रेफर

राठ(हमीरपुर)। गोहांड कस्बा निवासी एक युवती ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की तड़के करीब 4 बजे अशोक कुमार के 22 वर्षीय पुत्री प्रतिज्ञा ने सल्फास खा ली।

### सड़क हादसे में घायल बाइक सवार से मारपीट

मौदहा। कस्बे में दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद गंभीर रूप से घायल बाइक सवार के साथ दूसरे ने मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला मंगीपुरवा निवासी अनिल कुमार ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बाइक में मलीकुआ चौराहे पर दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी जिससे उसके भी चोटें आईं थीं और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इतना ही नहीं टक्कर मारने वाले बाइक सवार ने भी उसके साथ बेरहमी से मारपीट की है। जिससे उसके गंभीर चोंटे आईं हैं।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

कुरारा। झलोखर गांव में शुक्रवार को महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए, जहां हालत नाजुक देखकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। झलोखर निवासी श्याम बाई (50) पत्नी बृजलाल शुक्रवार को परिजनों से नाराज होकर जहर खाकर अपने कमरे में लेट गई थी। हालात बिगड़ते देख परिजन उसे सीएचसी लेकर आए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### एडीओ पंचायत को सौंपी सफाई की जिम्मेदारी

सुमेरपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी जीतेन्द्र मिश्रा ने सुमेरपुर मौदहा मुस्कुरा सरीला के एडीओ पंचायतों को भेजे पत्र में निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत चंद्रपुरवा बुजुर्ग, इंगोहटा, बिदोखर मेदनी, पत्योरा, मुंडेरा, नदेहरा, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, छिमौली, बिगहना, सिसोलर, बिवांर, जलालपुर में स्थित इमामबाड़ों, ताजिया जुलूस के मार्गों की साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम कराकर मोहर्रम के दिन चूना कलई के छिडकाव के समुचित प्रबंध करायें।

### डीपीआरओ ने सफाई कर्मी से मांगा स्पष्टीकरण

हमीरपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बगैर किसी कारण के बगैर अवकाश के कार्यालय पहुंचने पर ग्राम पंचायत टोला माफ के सफाई कर्मी का एक दिवस का वेतन रोकने के साथ तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है।ग्राम पंचायत टोला माफ में तैनात सफाई कर्मी रामबरन शुक्रवार को स्थानांतरण का आवेदन लेकर डीपीआरओ कार्यालय पहुंचा था। इससे नाराज जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने सफाई कर्मी को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने तथा अनुशासनहीनता मानते हुए एक दिन का वेतन रोककर तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है।

---

पत्नी के अनशन पर बैठने के बाद पुलिस ने उठाया कदम

# 18 दिन बाद शव को कब्र से निकाल पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। पति की लू से मौत के मामले में पत्नी और बच्चों के अनशन पर बैठने के बाद पुलिस ने 18 दिन बाद शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी का आरोप है कि उसके पति की संदिग्ध हालात में मौत होने के बाद भी पुलिस ने पोस्टमार्टम नहीं कराया और आर्थिक तंगी के चलते सजातीय लोगों ने शव को दफना दिया था, जबकि उसने आशंका जताई थी कि पति की लू से मौत नहीं, बल्कि हत्या की गई है।

इंगोहटा निवासी राजकुमारी ने बताया कि उसका पति रामबहादुर प्रजापति (45) 11 जून को मौदहा के एक ट्रक में खलासी का काम करने गया था, तभी कानपुर के एक पेट्रोल पंप में ट्रक खराब होने पर ट्रक तीन दिन तक वहीं खड़ा रहा, जिससे उनको लू लग गई और हालत बिगड़ने लगी। ट्रक ठीक होने के बाद 14 जून को सुमेरपुर आया तो उसका पति ट्रक में ही अचेत होकर गिर पड़ा। ट्रक ड्राइवर ने उन्हें मौदहा के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। तब उसे सूचना दी गई कि पति की हालत ठीक नहीं है।



इंगोहटा गांव में शुक्रवार को कब्र खोदकर शव निकालती पुलिस। अमृत विचार

वह किराये के लिए पैसे न होने पर राशन का पांच किलोग्राम चावल बेचकर मौदहा पहुंची तो उसका पति मृत अवस्था में अस्पताल के बाहर पड़ा था। किसी तरह वह शव को लेकर गांव आई। जब उसके अंतिम संस्कार का सवाल उठ खड़ा हुआ, तब पड़ोसी और सजातीय लोग सामने आए और आपस में धनराशि एकत्र कर सोमवार को उसका अंतिम संस्कार किया। पीड़िता ने बताया कि न्याय के लिए उसने सदर विधायक से गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। जब वह पति के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठ गई, तब उसकी आवाज प्रशासन तक पहुंची। प्रशासन ने पुलिस को शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए। शुक्रवार को नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव गांव पहुंचे और जेसीबी से कब्र को खुदवा कर शव को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस मौके पर पत्नी सहित परिजन व गांव के लोग मौजूद रहे।

## मजदूर की हत्या का अभी नहीं हुआ खुलासा

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के वार्ड संख्या तीन में घर के अंदर मृत मिले मजदूर के हत्यारोपी को पुलिस 36 घंटे गुजर जाने के बाद सुराग नहीं लगा सकी है। घटना के समय घर पर मौजूद रहे पुत्र की सुरागकशी में पुलिस अभी तक असफल है।

गुरुवार को तड़के वार्ड संख्या तीन अंबेडकर नगर निवासी धनीराम वर्मा (55) घर में मृत पाया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की पत्नी उमा देवी ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के 36 घंटे गुजरने के बाद पुलिस के हाथ खाली है। घटना वाली रात में मृतक का छोटा पुत्र धर्मेंद्र मौजूद था। लेकिन तड़के यह घर से नदारत था। पुलिस को आशंका है कि पुत्र ही पिता की हत्या करके फरार हो गया है। पुलिस उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

उधर चर्चा है कि मृतक को पैतृक जमीन बेचने से जो रकम प्राप्त हुई थी। वह घर से नदारत है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि महज रकम प्राप्त करने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि छोटे पुत्र की लोकेशन ट्रेस कराई जा रही है।



एसपी को ज्ञापन देने जाते मैकेनिक। अमृत विचार

# गालीबाज दरोगा का ऑडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- एसी मैकेनिक ने एसपी को पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचार। दरोगा की गाली गलौज से आहत एसी मैकेनिक ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। दरोगा की गाली गलौज का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसकी अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रहुनिया धर्मशाला निवासी सलमान अली ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने लगभग दो माह पूर्व साइबर सेल में इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह के आवास पर कल्पना एजेंसी के मालिक अमित गुप्ता के कहने पर एलजी कंपनी का एसी लगाया था। एसी से पानी गिरने एवं कूलिंग कम करने की शिकायत पर उसने कई बार ठीक भी किया। उसने भविष्य में एसी में दिक्कत समझ आने पर कंपनी के टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी थी। चार जुलाई की दोपहर इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने फोन कर उसके साथ अभद्रता करते हुए गालीगलौज भी की है। पीड़ित मैकेनिक ने दरोगा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की तो सभी मैकेनिक अधिकारियों के कार्यों का बहिष्कार करेंगे। यहां अक्स अहमद, तज्जुदीन, सत्यम सिंह, दिनेश सिंह, पंकज शर्मा रहे।

## पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

हमीरपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार की धनराशि 25000 रुपये दिए जाने का प्रावधान है। बताया कि दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों / दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों सेवायोजनकों को 03 दिसंबर 2024 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर निम्नलिखित क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिए सेवायोजनों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणास्त्रोत, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगों के लिए बाधा मुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिले के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका के लिए, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, दिव्यांगों के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट के लिए, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत अधिकारी आवेदन कर सकते है।



पंचायत भवन में रोजगार सेवक से योजना की जानकारी लेते बीडीओ। अमृत विचार

# बीडीओ ने बचरौली में योजनाओं का हाल जाना

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के साथ संचारी नियंत्रण के दिए निर्देश

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र के बचरौली ग्राम पंचायत में शासन से संचालित योजनाओं का खंड विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने सचिव व प्रधान को निर्देश दिए।

शुक्रवार को बीडीओ विपिन गुप्ता बचरौली के पंचायत सचिवालय पहुंचे। जहां उन्हें आय, जाति, निवास, पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं सम्मान निधि के आवेदन ऑनलाइन होते मिले। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पेंशन, पेयजल के बारे में उपस्थित पंचायत सहायक से जानकारी ली। साथ ही ग्राम प्रधान को सीसीटीवी कैमरे व इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम पंचायत में खराब पड़े दो हैंडपंपों को शीघ्र ठीक करवाने के ग्राम प्रधान को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में हो रहे खड़ंजा निर्माण, शौचालय, पुलिया निर्माण कार्य देखें। वहीं मनरेगा से खड़ंजा, भूसा घर, मॉडल शॉप, चकरोड आदि का मौके पर निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में बन रहे सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। जहां पानी की टंकी लाइट आदि की व्यवस्था ठीक-ठाक पाई गई और मौके पर शौचालय संचालक पाया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही गौशाला की टीनशेड देखा। उन्होंने पंचायत में झाड़ियां कटवाने, नाली सफाई कराने को कहा। संचारी रोगों से बचाव के लिए उन्होंने पंचायत सहायक, सफाई कर्मियों, प्रधान को ग्राम पंचायत की समस्त गलियों में सफाई कराने के साथ दवा छिड़काव कराने को निर्देशित किया।

# बारिश के साथ बिजली गिरने से महिला की मौत, अफसर पहुंचे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। बृहस्पतिवार शाम हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से बिवांर थानाक्षेत्र के बिगहना निवासी अधेड़ महिला की मौके में मौत हो गयी। वह भैंस चराने खेतों की ओर गई थी। तहसीलदार वीरपाल ने स्थलीय निरीक्षण कर शव को पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बिगहना निवासी गीता देवी पुत्री तुलाराम कुशवाहा भैंस चराने के लिए गई थी, तभी तेज बारिश होने पर वह बबूल के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई।

इसी दौरान बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान सुहेल अहमद ने बताया कि बिजली गिरने से गीता की मौत हुई है। उसका विवाह बांदा में हुआ था, लेकिन मायके में ही रह रही थी। उसके दो भाई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### आखिर किसे मिलेगी सहायता राशि

तहसीलदार ने बताया कि गीता की शादी बांदा जनपद के पैलानी तहसील के वसधरा गांव में रामदास कुशवाहा के साथ हुई थी, लेकिन वह 20 साल से मायके बिगहना में ही पिता और भाइयों के साथ रह रही थी। उसके कोई संतान नहीं है। बिजली गिरने से मौत होने पर उसके वारिसों को सहायता राशि निर्गत की जाएगी। इसके लिए उसका आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति मांगी गई है। एक पत्र पैलानी के तहसीलदार को लिखा गया है, जहां से उसके पति के संबंध में सूचना मांगी गई है। उसी के आधार पर आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## तालाब में किशोरी का पड़ा मिला शव

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव स्थित तालाब में एक किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। किशोरी की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

बसेला गांव निवासी कल्लू अहिरवार ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री देवा मानसिक रूप से बीमार रहती है। इसके अलावा उसे मिर्गी की भी बीमारी है। कल्लू ने बताया कि गुरुवार की रात घर के सभी लोग सो रहे थे।

बताया कि आधी रात के समय उसकी पुत्री देवा घर से बाहर निकल गई और घर के पास बने तालाब में गिर गई। सुबह जब ग्रामीणों ने तालाब में किशोरी के शव को देखा तो सनसनी फैल गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



शुक्रवार को मौदहा में बीच सड़क पर गिरा पेड़। अमृत विचार

## पेड़ गिरने से यातायात बाधित

मौदहा (हमीरपुर)। शुक्रवार सुबह कस्बे की मुख्य सड़क किनारे खड़ा पेड़ अचानक से सड़क पर गिर गया। जिसके चलते कुछ समय के लिए जाम लगने से यातायात बाधित हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी को चोट नहीं लगी है।कस्बे की एक मात्र मुख्य सड़क तहसील रोड में पुराने सरकारी अस्पताल के पास सड़क किनारे लगा पेड़ अचानक से बीच सड़क पर गिर गया। सुबह ट्रेन का समय होने के कारण सड़क पर दोनों ओर ई रिक्शा सहित अन्य छोटे बड़े वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। इतना ही नहीं छोटे पशु पालकों ने जमकर पेड़ की पत्ती की लूट मचाई जिसके चलते रास्ता जल्दी साफ हो गया। इसके बाद पहुंची वन विभाग और नगरपालिका की टीम ने मेहनत कर रास्ता साफ किया। हालांकि उस दौरान छोटे वाहनों को आमजन की परेशानी को देखते हुए मराठीपुरा के रास्ते उपरौस और थाना चौराहा निकाला गया। पेड़ गिरने से किसी को चोट लगने की सूचना नहीं है।

## सार-संक्षेप



धमना में पौधा रोपित करते सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह व डा .कमलेश लोधी।

### सपाइयों ने अखिलेश के जन्मदिन पर लगाए पौधे

राठ (हमीरपुर)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर साप्ताहिक पीडीए वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी, डा .कमलेश लोधी ने पेड़ लगाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने टिकरिया, धमना गांव में खाली पड़ी जमीन पर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। डा .कमलेश लोधी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। पेड़ लगाकर इनका संरक्षण अति जरूरी है। इस मौके पर ब्रजराज सेंगर, अमर सिंह नेताजी, रामाधीन यादव टिकरिया, मानसिंह अहिरवार, नीरज आर्या पूर्व प्रधान धमना समेत अनेक लोग रहे।

### घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

हमीरपुर। बिवांर थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित किशोरी के दादा ने थाने में आरोपी युवक जीतू पुत्र जयकरन वर्मा के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी के दादा ने बताया कि उसकी नातिन के माता-पिता का देहांत हो चुका है। उसकी नातिन व एक नाती साथ ही रहते हैं। उन्होंने बताया कि बीते शुक्रवार की रात लगभग दो बजे आरोपी घर में दीवार फांदकर घुसा और आंगन में सो रही किशोरी का मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। आवाज सुनकर वह जागा तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। उन्होंने बताया कि यूपी 112 नंबर पर फोन करने पर पुलिस आई, लेकिन आरोपी घर पर नहीं मिला। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। किशोरी का बयान दर्ज किया गया है, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और किशोरी का मेडिकल चेकअप कराया जाएगा।

---

कार्यशाला | कलेक्ट्रेट में एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी किए गए सम्मानित

# लाभार्थियों को प्रशिक्षित करना अनिवार्य : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागी बैंक शाखा प्रबंधकों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को व्यक्तिगत बचत खाता, कैश क्रेडिट लिमिट, बीमा एवं अन्य बैंकिंग सेवाएं से जोड़कर महिला सशक्तीकरण एवं आजीविका संवर्धन को आगे बढ़ाने के कार्य से संबंधित प्रशिक्षण एनआईआरडी हैदराबाद से आए नेशनल रिसोर्स पर्सन शुभांकर झा एवं एमपी सिंह द्वारा दिया गया।



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला को संबोधित करते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से जारी गाइड लाइन की जानकारी के साथ ऑनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल, बैंक लिंकेज पोर्टल, जन सामर्थ्य पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, की जानकारी सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन की उन्मुखीकरण कार्यशाला में दी गई। जिलाधिकारी ने महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही महिलाओं को बैंकों से जोड़कर सशक्त करने पर जोर दिया। इस मौके पर अच्छा कार्य करने वाले अंशुल सोनी, इंडियन बैंक कुरारा, उदय कुमार आर्यावर्त बैंक शेखूपुर, निशांत यादव इंडियन बैंक कुछेछा, जीतेन्द्र कुमार इंडियन बैंक सरीला, नीलेश यादव आर्यावर्त बैंक, टिकरी बुजुर्ग, चन्द्रशेखर राजपूत इंडियन बैंक गोहांड, सत्यभामा इंडियन बैंक कुर्रा, संध्या देवी बैंक सखी शेखूपुर, सदाकली बैंक सखी इंडियन बैंक कुछेछा, राजकुमारी बैंक सखी, आर्यावर्त बैंक टोला, नेहा बैंक सखी इंडियन बैंक मुस्करा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशान्त कुमार मिश्रा जिला प्रबंधक, बैंक अधिकारी, बैंक सखी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## निजी भूमि पर बन रही बारातशाला

राठ। गोहांड ब्लाक के अलकछआ गांव में एक ग्रामीण की निजी जमीन में ग्राम प्रधान बारात शाला का निर्माण कर रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने जिलाधिकारी से कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। अलकछवा निवासी अवध दुलैया पत्नी शिव रतन ने बताया कि गांव में गाटा संख्या 138/1 रकबा 0.018 हेक्टर की भूमि उसके नाम पर दर्ज है। जिसमें गांव का ग्राम प्रधान ने लेखपाल से मिलीभगत कर उनके नाम की भूमि को ग्राम समाज में दिखा बारातशाला का निर्माण करना प्रारंभ कर दिया है।

जिसकी शिकायत उसने एसडीएम सरीला इत्यादि से की। लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर पीड़िता ने जमीन से संबंधित अपने नाम की अभिलेख प्रार्थना पत्र में संलग्न कर उन्हें प्रार्थना पत्र देकर उक्त बारातशाला का निर्माण रोके जाने की मांग की है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 421 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 04/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कीर्ति पत्नी फूल सिंह | श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र मनोहरलाल अग्रवाल | सिकन्दरपुरा-3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 430 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 04/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रीता पत्नी संजीव कुमार | श्री कमरूद्दीन पुत्र शकूर | बुधौलियाना-1 | 16 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

# आत्महत्या के लिए उकसाने में दोषी को 8 वर्ष की सजा

## सात साल पहले घर में घुसकर किशोरी के साथ की थी छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सात साल पुराने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी को आठ वर्ष का कठोर कारावास व 32 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह अपनी पत्नी के साथ दो नवंबर 2016 को दोपहर करीब दो बजे अपनी ससुराल गया था। तभी तीन नवंबर 2016 की रात उसके घर पर उसकी बेटी (16), दूसरी बेटी (10) व बेटा (8), मनीष (4) थे। रात करीब एक बजे उसके गांव का दोषी रामनारायन प्रजापति बच्चों को सोता देख घर में घुस आया और उसकी बड़ी बेटी के साथ बुरा काम किया। जब उसकी बेटी चिल्लाई तो सभी बच्चे व पड़ोसी गाग गए।

दोषी उसकी बेटी को छोड़कर भाग गया, जिससे छुब्ध होकर उसकी बेटी ने सुबह घर से लोटे में मिट्टी का तेल लेकर शौंच करने के बहाने घर से खेतों में जाकर तेल डालकर आग लगा लिया। जिसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार पोक्सो एक्ट के तहत आत्महत्या को उकसाने सहित छेड़खानी व अन्य धाराओं में मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी को सजा सुनाई है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पुलिस की पकड़ से दूर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** आत्महत्या के लिए उकसाने वाले सभी आरोपियों के मोबाइल नंबर पुलिस ने सर्विलांस में लगाकर उन तक पहुंचाने की कवायद में जुटी हुई है। वहीं कुछ लोगों का कहना कि आरोपी कस्बे में ही रह कर पुलिस को चकमा दिए हुए हैं। कस्बे के नेहा चौराहा के समीप रहने वाले रामबाबू उर्फ रजवा सोनी के पुत्र अंकित उर्फ मोंटी की आत्महत्या के प्रकरण में पुलिस ने एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों को पीड़ित पिता की तहरीर पर नामजद किया था। घटना के पांच दिन गुजर जाने के बाद पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सभी आरोपियों के मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगाए गए हैं। ताकि लोकेशन के आधार पर छापेमारी करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए जा सके। वहीं कुछ लोगों का दावा है कि आरोपी कस्बे में ही शरण लिए हुए हैं और दिनभर इधर-उधर रहकर पुलिस की गतिविधियों पर बराबर नजर बनाए रखते हैं। वहीं चर्चा है कि कस्बे के एक नेता का आरोपियों को खुला संरक्षण प्राप्त है। यह नेता आरोपियों को बचाने में एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। फरार कराने में इस नेता का अहम किरदार रहा है। उधर मृतक के पिता का आरोप है कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गंभीर नहीं है। वह जल्द ही गिरफ्तारी को लेकर अनशन शुरू करेंगा। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है। सही लोकेशन मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी। अमृत विचार

# उप जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन नाले का किया निरीक्षण, निर्देश

माधौगढ़ (जालौन)

- सड़क के किनारे जमा गिट्टी और बालू हटाने को कहा

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी ने कस्बे में बनवाए जा रहे नाले के निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया और शीघ्र निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए तथा सड़कों के किनारे जमा गिट्टी, बालू एवं अन्य सामान को हटाने के निर्देश भी दिए। कहा कि गिट्टी बालू नहीं हटाने वालो के खिलाफ कार्रवाई कि जाएगी। साथ ही सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया जायेगा। नगर पंचायत में वैसे ही आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण को संज्ञान में लेकर उप जिलाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए तथा ई-रिक्शा व टेंपो वालों को भी हिदायत दी कि अनावश्यक तरीके से रोड पर वाहन न खड़ा करें, आए दिन ई रिक्शा की वजह से जाम जैसी स्थिति पैदा होती है। उप जिला अधिकारी ने नगर पंचायत द्वारा जो नाला खोदवाया गया था उसका भी निरीक्षण किया और नाले को तत्काल बनवाने का आदेश जारी किया, क्योंकि रास्तों में नालियों का गंदा पानी बहने से आम आदमी को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष को बुलाकर कहां की बरसात के मौसम को देखते हुए नाले का निर्माण अति शीघ्र पूरा किया जाए।

# राहुल का पुतला फूंकने पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** भाजपा व अनुषांगिक संगठनों की ओर नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंके जाने से नाराज कांग्रेसियों ने राज्यपाल से संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने की मांग की है।

शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी की अगुवाई में दिए ज्ञापन में कहा कि विगत दिनों संसद में पार्टी के नेता राहुल गांधी ने भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश करते हुये भ्रष्टाचार और नीट 2024 की परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर भाजपा को बेनकाब कर दिया। इससे तिलमिलाए भाजपा कार्यकर्ता हिंसा पर उतारू हो गए। इसके बाद भाजपा एवं अनुषांगिक संगठनों की ओर से राहुल गांधी के फोटोयुक्त पुतले फूंके जा रहे हैं। उन्होंने इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने की मांग की है।इस मौके पर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, नीलम निषाद, संजय वीर सिंह लोधी, शैलेन्द्र कुमार प्रजापति, अमित मिश्रा, जितेन्द्र शरण द्विवेदी, अब्बास खान, जाकिर खान, साबिर खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे पर परिवार के साथ अनशन पर बैठा पीड़ित।

### पीड़ित परिवार अनशन पर बैठा

**हमीरपुर।** पड़ोसी द्वारा पैतृक जमीन में कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करने की शिकायत का निस्तारण ना होने से आहत पीड़ित ने मासूम बच्चों संग कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में शुक्रवार से अनशन शुरू कर दिया है। कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी राकेश पुत्र शिवपाल ने बताया कि उसका गांव पैतृक मकान है, जो पिता के जमाने के पूर्व से काबिज व दाखिल है। बताया कि बीते 23 जून को गांव के ही रामचरन व राजू ने उसकी जमीन दबा कर पिलर खोद दिए। उसने मना किया तो उसके साथ अभद्रता करने लगे। जिससे आहत हो पीड़ित ने बेरी चौकी पुलिस से शिकायत की। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। बल्कि पुलिस द्वारा उक्त लोगों का ही पक्ष लिया। पीड़ित ने कई मर्तबा अधिकारीयों से पत्राचार किया। किन्तु निराशा ही हाथ लगी। जिससे आहत हो पीड़ित शुक्रवार को मासूम बच्चों संग कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में न्याय की आस लगा अनशन शुरू कर दिया है।



उप केंद्र में स्थापित नई मशीनों का पूजन करते सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर।

### नई मशीनों का पूजन कर बिजली आपूर्ति शुरू

**हमीरपुर।** नगर के पावर सब स्टेशन में जर्जर हो चुकी वीसीसी पैनल मशीनों के स्थान पर गुरुवार को नई मशीनें लगाई गईं। इनके लगने से पावर स्टेशन में आए दिन होने वाले फाल्ट से छुटकारा मिला। अब शहरवासियों को भरपूर बिजली आपूर्ति मिलेगी। गुरुवार देर शाम कर्मचारियों ने नई मशीनें स्थापित कर दी। मशीनों को चालू करने से पहले शहर के सभासद प्रतिनिधि बउवा ठाकुर से विभागीय अधिकारियों ने हवन पूजन करवाया। इसके बाद नगर की विद्युत सप्लाई चालू की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, एसडीओ हरिश्चंद्र, स्टेनो पवन कुमार, कुशल श्रमिक आमिर खान सहित विद्युत विभाग का समस्त स्टाफ व नगर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

### चौपाल में पांच शिकायतों का किया निस्तारण

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जल्ला गांव में बीडीओ विपिन गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगी। गांव की पुनिया ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिस पर विभाग द्वारा केवाईसी कराई गई। अखिलेश ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। जिस पर विभाग ने बताया कि उन्होंने अपने खेत का बैनामा करा दिया है जिस वजह से निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं क्षेत्र के बेरी गांव में एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल हुई। इसमें गांव के सुखिया ने पीएम आवास न मिलने की शिकायत की जिस पर साइड खुलने पर नाम अंकित करने की बात कही गई, पिंटू ने हैंडपंप मरम्मत न होने की शिकायत की। विभाग मरम्मत का आश्वासन दिया। सावित्री ने शौचालय न मिलने की शिकायत की। उन्हें बताया गया कि पूर्व में उसे शौचालय का लाभ मिल चुका है। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी, एएनएम, आशा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

**जालौन उरई ।** भाजपा के तत्वावधान में आपातकाल के काले अध्याय के विरोध में एक गोष्ठी का आयोजन विकासखंड सभागार में किया गया। गोष्ठी में भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन इंदिरा सरकार के उत्पीड़न के शिकार बने लोकतंत्र सेनानी निरंजन लाल महेश्वरी, शिवराम महाजन, रामेश्वर दयाल निगम, रमेश गुप्ता को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। दिवंगत लोकतंत्र सेनानी डॉ. राधेश्याम योगी के पुत्र मृत्युंजय श्रीवास्तव व लोकतंत्र सेनानी माता प्रसाद स्वर्णकार के पुत्र को भी सम्मानित किया गया । जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपातकाल ने भारतीय लोकतंत्र का गला घोंट दिया था । इंदिरा गांधी के निरंकुश शासन ने जो किया उसे भारत के इतिहास का काला अध्याय लिखा जाएगा। लोकतंत्र सेनानी शिवराम महाजन ने अपने संस्करणों को याद किया। संचालन अनिल शिवहरे ने किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत, महामंत्री कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, उपेंद्र गुर्जर, आदेश गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, जिला उपाध्यक्ष राम राम अनुग्रह सिंह राजावत ,विनय दीक्षित एडवोकेट, पवन अग्रवाल , पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरज बाथम, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, अनीता महेश्वरी ,सरिता कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, अनीता द्विवेदी, अनेकांत श्रीवास्तव ,आयुष श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### हादसे में मां-बेटा गंभीर घायल

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी संतोष प्रजापति (20) पुत्र श्रीराम अपनी मां सम्पत (40) के साथ शुक्रवार की शाम 7 बजे सिवनी गांव से बाइक से घर जा रहे थे। तभी सिवनी गांव के पास कार से टक्कर की टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार मां व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक व कार क्षतिग्रस्त हो गए।राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी लाया गया।

## एक नजर

### अधिवक्ता संघ के मीडिया प्रभारी बने नीरज

**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित एवं महामंत्री शैलेंद्र सचान ने नीरज शर्मा एडवोकेट को संघ का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनके मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर राघवेंद्र शरण त्रिपाठी, गोविंदराम द्विवेदी, रमाकांत पांडेय, राम सिंह राजपूत, ओम प्रकाश द्विवेदी, रघुपति शर्मा, अजय शर्मा मुबीन, देवी प्रसाद शुक्ला आदि अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)।** चिकासी थाना क्षेत्र के इछौरा गांव के निवासी रामकिशोर पुत्र वासुदेव ने चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बकरियों को भागने को लेकर हुए विवाद के चलते गांव के ही राजेश और दृगपाल ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी मां उसे बचाने के लिए दौड़ी तो उक्त दबंगों ने उसकी मां के साथ भी जमकर मारपीट कर दी। बताया कि उसने चिकासी थाने में घटना की लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### मंडी में गंदगी का अंबार

**जालौन।** कृषि उत्पादन मंडी में सफाई व्यवस्था खराब रहने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इसके अलावा नालियां भी ऊपर तक भरी हुई हैं और आवारा पशु भी इधर-उधर घूमा करते हैं, जिससे किसान तथा व्यापारी परेशान है। उक्त समस्या के निस्तारण किए जाने की मांग बागवान सेवा समिति ने उप जिलाधिकारी से करते हुए ज्ञापन सौंपा। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक रायन में उप जिलाधिकारी अतुल कुमार को ज्ञापान सौंपते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति में ठेकेदार की हठ धर्मता के चलते गंदगी का अंबार लगा हुआ है, साफ सफाई न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नालियां गंदगी से पटी हुई हैं पूरी मंडी में बदबू के चलते किसान और व्यापारी परेशान हैं इसके अलावा आवारा पशुओं से भी किसान परेशान हैं।

# विभाग ने मनाया वन महोत्सव, रोपे पौधे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के संकट मोचन मंदिर में वन विभाग ने वन महोत्सव मनाया। इस दौरान विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने पेड़ लगाए। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय औंता व सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से वृक्षारोपण करने की अपील की है।

शुक्रवार को वन महोत्सव के दौरान विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि जिस प्रकार से हमारी मां हमारा और हम उनका ध्यान रखते हैं। इसी तरह हमें अपनी धरती माता को हरा भरा बनाते हुए एक पेड़ मां के नाम का अपने घर, आंगन,खेत खलियानों में लगाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए व पृथ्वी को वीरान होने से रोकने के लिए वृक्षारोपण बहुत ही आवश्यक है।

ब्लाक प्रमुख रामदुलारी अनुरागी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए हमें पौधारोपण करना चाहिए। इस दौरान जिला वन अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे, सीओ दिलीप कुमार सिंह, वन रेंजर सत्येंद्र प्रताप सिंह, भरत अनुरागी, जिला पंचायत सदस्य करन सिंह दद्दू मुस्कुरा, ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण, बृजभूषण दाऊ, मुकेश गुप्ता, दीपू मुंशी, अनुज सक्सेना सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# यातनाएं याद आने से कांप जाती रूह: चेयरमैन

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड सभागार में शुक्रवार को भाजपा के संयोजकत्व में आपातकाल (काला दिवस) गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिलाध्यक्ष यतीश द्विवेदी, नगर पंचायत कुरारा चेयरमैन आशा रानी कबीर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

गोष्ठी में नगर पंचायत कुरारा चैयरमेन आशारानी कबीर ने संबोधित करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में जिन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को यातनाएं सहनी पड़ी जिसकी चर्चा करने से रुह काप जाती है। इनके



पं.दीनदयाल व अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण करती चेयरमैन आशारानी।

त्याग व बलिदान को हम सभी लोगों को कभी नहीं भूलना चाहिए। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने आपातकालीन स्थिति में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले पदाधिकारियों व सदस्यों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी उनकी सहभागिता की प्रशंसा करके उनके मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूत बनाने में सहभागिता निभाने का संकल्प लें।

पूर्व जिलाध्यक्ष यतीश द्विवेदी ने आपातकालीन स्थिति में जो यातनाएं सहनी पड़ी उनका विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मार्गदर्शन में आंदोलन को आगे बढ़ाया था। जिसमें हम सभी को कामयाबी हासिल कर सत्ता हासिल की थी। इस मौके पर तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रीन कालपी के तहत किया पौधरोपण

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** ग्रीन कालपी क्लीन कालपी मुहिम के तहत नगर के दुर्गा मन्दिर चौराहे से लेकर रेलवे पुल भीमसैनी हनुमान मन्दिर तक सड़क के दोनो छोर लगभग 125 पौधे रोपित किए जा चुके हैं। इन पौधों की सम्पूर्ण सुरक्षा व खाद पानी का इंतजाम किया गया है । टीम के आदित्य नगाइच, मनोज पाण्डेय, लल्ला शुक्ला, हरिश्चंद्र दीक्षित (बापू), राम बाबू निषाद प्रधान, सोनू महाराज, अनुराग पंडित आदि सहयोग कर रहे हैं। रसीद खान ने कहा टीम का लक्ष्य प्रथम मुहिम में 1000 पौधे लगाने का है। एक पौधे का खर्च लगभग 600 रुपया आता है इसके लिये सभी नगर वासियों से निवेदन है कि इसमें वह सहयोग दें।



पौधरोपण करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने किया पौधरोपण

**जालौन।** प्रतापपुरा में मटर शोधन प्लांट पर वन महोत्सव मनाया गया, जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर भगवती प्रसाद मिश्रा ने कहा कि पौधों का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है । पौधे लगायें और उनकी देखभाल भी कंरे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनेकों प्रजातियों के पौधे लगाए। इसी क्रम में कांग्रेस नेता ओमनारायण शर्मा ने कहा कि पेड़ पृथ्वी का श्रृंगार हैं। हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना चाहिए। इस मौके पर शिव कुमार मिश्रा लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी दिलीप रमाकांत शैलेन्द्र चन्द्रशेखर वर्मा कमाल मास्टर भूपेन्द्र सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पौधे लगाएं और उनकी देखभाल भी करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** वृहद पौधरोपण जन अभियान के क्रम में शुक्रवार को एसपी ने चिल्ड्रेन पार्क पुलिस लाइन परिसर में अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने कहा कि वृक्ष प्रकृति की रक्षा के लिए बहुत आवश्यक हैं। वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुंदर बना सकते हैं। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पौधारोपण कर बारिश के पानी को संरक्षित कर हम पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहयोग कर सकते हैं। सभी अपने आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगाएं जिससे कि पर्यावरण का संरक्षण हो सके। जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण के प्रति जागरूकता फैलाएं। इस के लिए स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर भी काम करें। पौधारोपण अभियानों का आयोजन करें। लोगों को इसके लाभों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। मानव जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**लिया संकल्प** | पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर दिया हरित क्रांति का संदेश

# वन महोत्सव में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** वन महोत्सव अभियान के तहत महुआ क्षेत्र के विलगांव स्थित राजकीय इंटर कालेज परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने पौधरोपण करते हुए संरक्षण का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने गांव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाल कर हरित क्रांति का संदेश दिया।

विकास खंड महुआ के विलगांव स्थित राजकीय इंटर कालेज परिसर में शुक्रवार को वन महोत्सव के तहत छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने छाया और फलदार लगभग डेढ़ सौ पौध लगाए। पौधरोपण के बाद शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य अमरपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वह अपने घरों के आंगन और खेतों में भी पौधे रोपें। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। आज ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पेड़ों की कमी के कारण ही उत्पन्न हुई है। इस समस्या से निजात पाने के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है।



राजकीय इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षक। अमृत विचार

वन महोत्सव के बाद छात्र-छात्राओं ने गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने की नसीहत दी। इसके अलावा उन्होंने वसुंधरा के संरक्षण के लिए सिंगल यूज पालीथिन के उपयोगिता व प्रतिबंध की जानकारी दी। उन्होंने इनसे होने वाले नुकसान की ओर लोगों का ध्यानाकर्षण किया। कहा कि मानव समाज, पशु-पक्षियों के आलावा धरती के लिए उनका उपयोग बेहद हानिकारक है। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी बबेरू रमेश पनौरिया, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी भूरेलाल, वन दरोगा विशेषर, राजेंद्र कुमार, विनोद कुमार, वनरक्षक अरविंद कुमार, संदीप कुमार के अलावा दयाराम, रामसुफल, महिपाल रामरुचि समेत शिक्षक भूपेंद्र कुमार, वेद प्रकाश त्रिपाठी, ओमनी अवस्थी, अशोक कुमार, मूलचंद, धर्मेंद्र, विद्याधर, शैलेंद्र पांडेय, महेंद्र सिंह, विवेक गुप्ता के अलावा राकेश शर्मा, ग्राम प्रधान अनिल यादव सहित तमाम छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### आक्सीजन पार्क में सपाइयों ने किया पौधरोपण

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महिला सभा राष्ट्रीय सचिव नीलम गुप्ता की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नरैनी रोड स्थित आक्सीजन पार्क में कदम के पेड़ लगाकर इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। महिला सभा राष्ट्रीय सचिव ने कहा पौधे लगाना सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर वसीक खान विक्की, आरिफ खान, रवि राजपूत, आयाद खान, मनीष राजपूत, आशिक खान, अंकुश गुप्ता, नदीम खान, सुभाष यादव, अमीररहे।





पौधरोपण करते आरएसएस के स्वयंसेवक। अमृत विचार

### तालाब के भीटे पर किया पौधरोपण

**बांदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केशव प्रभात शाखा ने वन महोत्सव के तहत बबेरू कस्बा स्थित रामबक्स तालाब के पश्चिमी तट पर पौधरोपण किया। चित्रकूट धाम विभाग कार्यवाह संजय ने कहा कि वर्तमान में वृक्षों की कमी होने के कारण पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। वर्षा अनियमित हो रही है। समाधान केवल पौधरोपण है। इस अवसर पर वन रेंजर अरविंद कुमार, सभासद ज्ञान प्रकाश उर्फ रोहित, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य अशोक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक्पटुता –ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात् समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

## संपादकीय

# एक और उपलब्धि

भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। यह सफलता देश ने रक्षा क्षेत्र में हासिल की है। रक्षा उत्पादन में भारत ने नया रिकार्ड बनाया है। देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा उद्योग क्षेत्र भारत में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण सामरिक और आर्थिक दोनों ही कारणों से महत्वपूर्ण है इसलिए यह सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत को अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए और अधिक अनुकूल व्यवस्था सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा सकता है आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान देते हुए पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों/पहलों और व्यापार करने में आसानी से जुड़े कदमों के कारण यह उपलब्धि अर्जित हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाया गया है। बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन की समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान (2019-20 से), रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ता रहा है और इसमें 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। महत्वपूर्ण है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यात ने 21,083 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये का था। सरकार का मानना है कि इस क्षेत्र में औद्योगिक और तकनीकी विकास ने अकादमिक और शोध संस्थानों द्वारा विकसित तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय उद्योग की क्षमता का दोहन करके इस उद्देश्य को प्राप्त करना संभव बनाया है। इस तरह मेक इन इंडिया कार्यक्रम वर्ष-दर-वर्ष नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा उत्पादन दोनों में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे स्वदेशीकरण में वृद्धि होगी। सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी ही और यह देश को आत्मनिर्भर भी बनाएगा।

# लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो, जो समष्टिहित से प्रेरित न हो, जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन, समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए।

बुद्धिजीवी तो लोकजीवन से दूर रहता है। साहित्यकार लोकजीवन के लिए नहीं, सत्ता के लिए लिखता है, भले ही वह जनता-जनता का कीर्तन करता हो। उसका शिल्प और भाषा ही लोक की नहीं है, उसका ध्येय भी पुरस्कार है। किसी जमाने में महात्मा गांधी और विनोबा या जेपी जैसे लोग जनता के बीच ही रहते थे, लोक शिक्षण करते थे। आज लोक जीवन में उतरने वाले लोग कौन-कौन से हैं? या तो राजनैतिक कार्यकर्ता हैं या बाबा लोगों के एजेंट हैं अथवा अपराधी गिरोह हैं। अत्याचार, बलात्कार, मंहगाई, भ्रष्टाचार, आतंकवाद आदि रोग के बाहरी लक्षण हैं, कारण नहीं। इसका कारण लोक से जनतंत्र की दूरी और अपरिचय है। लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं।

लोकचेतना विभक्त चेतना नहीं होती। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, लोकचेतना नहीं है। लोकचेतना सर्वचेतना होती है, अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। स्वतंत्रता के संग्राम में लोकचेतना जागृत थी। भारत की जनता अंग्रेजों के सामने एक सशक्त और समन्वित इकाई के रूप में संघर्ष कर रही थी। स्वराजी की चेतना विभक्त चेतना नहीं थी, वे भिन्नताएं और वे रेखाएं जो आज इतनी गहरी हो गई हैं, उस समय भी थीं, अवश्य थीं, किंतु स्वराज की चेतना के सामने वे उसी प्रकार से अस्त हो गईं थीं, जैसे सूर्य के प्रकाश में ग्रह नक्षत्रों का अस्तित्व दिखता नहीं। स्वराज का सरोकार सर्वजन का सरोकार था, सामान्य जन का सरोकार था, समष्टिजन का सरोकार था और मनुष्यता का सरोकार था। व्यापकता का सरोकार था।

सत्ता का सरोकार लोकमानस को विभक्त करता है। इसलिए जब स्वराज आता दिखने लगा तब जाति, पंथ, भाषागत संकीर्णता, संकीर्ण प्रांतीयता, दलगत स्वार्थ के भेद उभरे और उभारे जाते रहे। इस विभक्त चेतना को तत्कालीन सत्ता से ऊर्जा मिली और उस विभक्त चेतना का परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था, समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्य जन पर प्रहार था, सामान्य जन, जो बिना सुरक्षा तंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे।

तत्कालीन सत्ता का यह षड्यंत्र ही था कि उसने रियासतों को सत्ता सौंपी। जाति-पंथ की विभक्त चेतनाओं को सर्वजन चेतना पर प्रहार का मौका मिल गया और जाति- पंथ की विभक्त चेतनाओं ने सर्वजन चेतना पर प्रहार किया। विभक्त चेतनाओं को बल मिला और सर्वजन चेतना निर्बल हुई।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था, समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्यजन पर प्रहार था, सामान्यजन, जो बिना सुरक्षातंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे। आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो, जो समष्टिहित से प्रेरित न हो, जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन, समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए। संविधान में स्वतंत्रता, समानता और न्याय के दर्शन की प्रतिष्ठा लोकचेतना की ही प्रतिष्ठा है। सच तो यह है कि लोकचेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें, सच यह है कि आस्था के बिना लोकचेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म के माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है, जिसमें सर्व समाया हुआ है, जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोकचेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी, सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते, सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

स्वतंत्रता संघर्ष की चेतना में मानवीय संवेदना है। सच्चाई तो यह है कि लोकचेतना मूलतः मानवीय चेतना होती है, वह जाति चेतना, वर्ग चेतना, मजहबी चेतना, भाषायी और क्षेत्रीय संकीर्णता से ऊपर की बात है। यह मानवीय संवेदना ही थी, जिसने मनुष्य के प्रति करुणा का रूप ग्रहण करके देश की सीमा का अतिक्रमण किया था। नहीं तो, रोमा रोलां जैसे अनेक विदेशी नर और नारी भारत की स्वतंत्रता के समर्थक कैसे बन जाते? खुदीराम बोस की फांसी की सजा की गूंज रूस के लेनिन तक पहुंची थी। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोककल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन मूल्य हैं। गीता स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा है। गीता लोक आस्था का केन्द्र है और स्वतंत्रता के आंदोलन को गीता गति दे रही है। खुदीराम बोस को फांसी होती है, उनके कंठ में गीता है। लोकमान्य तिलक कर्मयोग शास्त्र नाम से गीता का भाष्य लिखते हैं और सूत्र देते हैं, स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

महात्मा गांधी अनासक्ति योग के नाम से गीता का भाष्य करते हैं। महर्षि अरविंद गीता का भाष्य कर रहे हैं। पूरी संत परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा शक्ति बनी है-मीरा है, नरसी है। प्रार्थना सभाओं में संतवाणी गूंज रही थी। वैष्णवजन तो तैणें कहिये जे पीर परायी जाणें रे।/ पर दुःखे उपकार करे तो हे मन अभिमान न आणे रे। सकल लोक मां सहुने बन्दे निन्दा न करे केणी रे।/ बाछ काछ मन निरमल राखे सकल तीरथ तेणा मन मां रे।/ भणे नरसंइयों तेणु दरसन करतां धन-धन जननी तेणी रे। यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा है-सत्य। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया, सत्य का अहिंसात्मक आग्रह, सविनय अवज्ञा। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था-सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। भारतीय संविधान आस्थाहीन राष्ट्र का संविधान नहीं है, सत्यमेव जयते हमारे लिए सजावट की चीज नहीं है, वह हमारी आस्था है।

प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही तो आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्म निरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म भी नहीं हो सकता। सत्य हमारे देश की विचार प्रणाली में है, सत्य हमारी आचार संहिता में सबसे बड़ा जीवन मूल्य है, सत्य हमारी आस्था और विश्वास का मूलतत्व है। सत्य के अभाव में कोई संस्कृति, कोई साहित्य हमें स्वीकार नहीं। यदि मन, वाणी और आचरण में सत्य की प्रतिष्ठा न हो तो भारत का लोक मानस बड़े से बड़े राजनेता को धिक्कार सकता है और धिक्कारता भी है।

## प्रसंगवश

# जैसा मैंने बाबा को देखा

बात 15-20 वर्ष पुरानी है। उस समय पटियाली (एटा) निवासी, पुलिस सेवा से ऐच्छिक निवृत्ति प्राप्त सूरज पाल भोले बाबा के नाम से प्रसिद्धि पा चुका था। भोले बाबा का पूरनपुर में मेरे मकान के पास ही 'मजमा-स्थल' कहूं, 'चमत्कार क्षेत्र' कहूं, या 'आध्यात्मिक शिविर' कहूं, लगाया गया था। मेरे लिए तो यह संयोग ऐसा था कि भोलेबाबा का कार्यक्रम हम लोग अपनी छत पर बैठकर आराम और आसानी से देख सकते थे।

मंच का मुख हमारी ओर अर्थात दक्षिण दिशा की ओर होता, पर कार्यक्रम उत्तरोन्मुख होने के कारण हमारी ओर वाली दक्षिणी दिशा को पूर्णतः कनातों से कवर कर दिया गया था और पूरे पांडाल के ऊपर तो टेंट की छत थी ही। अस्तु, मुझे अपनी पत्नी के साथ भोले बाबा को देखने-सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर ही जाना पड़ा। मैंने सुन रखा था कि उनकी तर्जनी पर हमेशा सुदर्शन चक्र गतिमान रहता है और कोई भी उनसे नजर नहीं मिला सकता है। हम पति-पत्नी अपने मकान से जाने के कारण कार्यक्रम के गेट, जो उत्तर में काफी दूर पड़ता था, से न जाकर दक्षिण की ओर से ही कनात उठाकर सीधे भीतर घुस गए। (हालांकि हमें ऐसे अशिष्ट ढंग से प्रविष्ट नहीं होना चाहिए था, पर इस अशिष्टता पर न किसी ने आपत्ति की और न बाहर खड़े किसी सेवादार ने अंदर जाने से रोका-टोका।) इधर से जाने में सबसे बड़ा लाभ यह रहा कि पहली पंक्ति में बाबा के बिल्कुल पास और सामने ही स्थापित होने को मिल गया। उत्तर की ओर से आता, तो भीड़ में पता नहीं कहां पर बैठने को मिलता। अंधे को दो आंखें चाहिए और वे मुझे मिल चुकी थीं।




ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

मैं बाबा को बराबर टकटकी लगाए देखता रहा, पर मुझे चक्र-कुचक्र के कहीं दर्शन न हुए। अलबत्ता उनके चेहरे पर नजर अवश्य नहीं ठहर रही थी। ऐसा लगता था, जैसे उनके चेहरे के सामने, 'हवाइयां उड़ रहीं', तो नहीं कह सकता, धीरे-धीरे हवा चल रही हो, जिस कारण ही उनके चेहरे पर नजर नहीं जम पाती थी। बाबा के बाईं ओर बैठी महिला, संपूर्ण समय ऐसी सिकुड़ी बैठी रही, मानो बाबा से बहुत डर रही हो। उनके कार्यक्रम में भूत, चुड़ैल और प्रेत बाधाओं से ग्रस्त महिलाएं भी आतीं थीं और वहीं अपनी जगह पर खड़ी होकर नाचने-झूमने लगतीं थीं। बाबा जी का यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला।

वे रोज कार्यक्रम से लगभग एक-डेढ़ घंटा पहले नगर के बाहर गेस्ट हाउस से विशेष सुरक्षा में विशेष गाड़ी से आकर उद्बोधन समाप्त होते ही उसी गाड़ी से चले जाते थे, जबकि उनके शिष्य मंचीय व्यवस्थाओं के कारण कई घंटे पहले आकर अपनी ड्यूटी को अंजाम देने में जुट जाते थे। पंडाल से मंच तक बाबा के आने के लिए जो पथ बनाया जाता था, उस पर बाबा के चलने के लिए फूल बिछाए जाते थे, जिन्हें अपनी सहचरी के साथ बाबाजी अपने काले बूटों से कुचलते हुए ही सिंहासन तक आया करते थे। बाबा की आरती हो जाने पर जब कार्यक्रम संपन्न होता था, तब बाबा जी तो चले ही जाते थे, पर उनके शिष्यों में उनकी चरणधूलि को बटोरने की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती थी। उस दिन बाबा ने अपने भाषण के बीच वीडियो बनाने वाले लड़के को डांटते हुए गाली भी दी थी। मैंने अगले दिन बाबा के सर्वाधिक निकट और बाबा के बाद, आयोजक संस्था के सर्वे सर्वा को बाबा के इस व्यवहार की फोन से शिकायत की, तो वे बोले, "अरे! वह हमारा ही लड़का था। बाबा का वीडियो ढंग से नहीं बना रहा था, इसलिए उसे फटकार दिया। ऐसा होता रहता है"।

हर संगठन या संस्था के कुछ अपने, नियम, निष्कर्ष या सिद्धांत होते हैं, ताकि वह अन्यों से विशिष्ट लगे, पर भोले बाबा की संस्था में ऐसा कुछ नहीं था। वे रोज ही वही, शराब न पीने, मांस न खाने, जुआं न खेलने का उपदेश ही दिया करते थे। वे कर्मफल की बात विशेष रूप से कहा करते थे। ऊपर मैंने जिन सर्वेसर्वा का जिक्र किया है, एक दिन उन्होंने मुझसे आग्रह किया कि मैं बाबा से व्यक्तिगत रूप से वार्तालाप करूं। मैं बाबा के साक्षात्कार के लिए गेस्ट हाउस गया। उनने कहा था, बाबा जी की दो जीभें हैं, ऐसा है, वैसा है, पर वो कुछ न था। बाहर आकर यहीं मैंने उनसे भी कहा और आगे फोन संपर्क भी बंद कर दिया।

# मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

जल संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

इसी वर्ष मई माह के मध्य में दक्षिण अफ्रीका से आई इस खबर ने पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया कि राजधानी केपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरुआत में ही केपटाउन के लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गई थी। अब डे-जीरो के तहत केपटाउन में 75 फीसदी घरों की पानी सप्लाई काट दी गई है। यानी 10 लाख से ज्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुका है। यहां सिंचाई में भी पानी का उपयोग नाम मात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

यदि कुछ दिन पहले जारी की गई संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी पर नजर डालें तो संयुक्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और इस संकट की शुरुआत हो चुकी है। कुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वाले बेंगलुरु में अमीरों-गरीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिए सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लंबी कतार लगाए देखा गया। यहां तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी, परंतु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वीवासी हम आमजनों ने पानी की बर्बादी करने वाली अपनी दिनचर्या न तो बदली और न ही जल संरक्षण पर ध्यान न दिया। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, यह सही साबित होने में अब ज्यादा वक्त लगता नजर नहीं आता।

जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आंखों से पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। पहाड़ों की हरियाली खत्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्रोत वाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिए कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ कह दिया कि 'पानी की कमी है। सुबह को केवल फ्रेश होने के लिए टंकी से पानी थोड़ी देर के लिए चलेगा, परंतु नहाने के लिए पानी नहीं है। पीने के लिए बोतल का पानी उपलब्ध है'। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण इसका कोई तात्कालिक जादुई समाधान तो नजर नहीं आता, परंतु प्रत्येक व्यक्ति व सरकारों को इस दिशा में कुछ न कुछ कोशिश तो करनी ही चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पूरे विश्व को पूंजीवाद का मोह छोड़ मानवता के प्रति प्रेम दर्शाते हुए प्राकृतिक संतुलन बनाने की दिशा में सख्त कानून बनाकर कड़े कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि विकास के नाम पर पूंजीवाद पेड़ों की कटान कर समतल जमीन चाहता है, जबकि प्रकृति अधिक से अधिक वृक्षारोपण चाहती है।

वृक्षारोपण को तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा मान लेना चाहिए। हर इंसान को शादी, पार्टी, मरना, सालगिरह, विवाह वर्षगांठ, बरसी आदि हर गम, खुशी व त्योहार के अवसर पर वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए। इसी तरह पूंजीवाद अधिक से अधिक वाहनों की बिक्री में दिलचस्पी रख प्रदूषण को बढ़ाने में भागीदार होता है, जबकि प्रकृति प्रदूषण मुक्त वातावरण चाहती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल को संचित करने के लिए सूखे पड़े तालाबों को गहरा करने व अधिक से अधिक नए-नए तालाब खोदने की जरूरत है। इससे जल संग्रहण भी होगा और आसपास का भूगर्भीय जलस्तर भी सुधरेगा। नवनिर्मित होने वाले मकानों में बारिश में छतों का पानी संचित करने के लिए एक पाइप जमीन में डालने की प्रक्रिया (लैंड रिचार्जिंग सिस्टम) को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

समय रहते यदि हमने जलसंरक्षण के उपाय नहीं किए तो यकीन मानिए वह दिन दूर नहीं जब हम अपने बच्चों को भीषण जल संकट के वातावरण में छोड़ कर जाने के लिए मजबूर होंगे। क्योंकि जल संकट के बादल भारत सहित पूरे विश्व में मंडराने लगे हैं।

## सोशल फोरम

# बहकावों में आ जाते हैं भोले लोग

बात किसी धार्मिक सत्संग की हो या फिर किसी राजनीतिक सम्मेलन की, जहां भीड़ रहेगी वहां भगदड़ की संभावना हमेशा बनी रहेगी। एक छोटी सी घटना भी जिंदा इंसानों को मृतकों में बदल सकती है। ऐसी घटनाओं के मृतकों के प्रति पूरी संवेदना रखते हुए ये सवाल पूछना तो बनता है कि आखिर इन यात्राओं, सत्संग से हासिल क्या होता है? आखिर लोग यहां जाते ही क्यों हैं? और अगर जाते हैं तो वहां से क्या लेकर वापस लौटते हैं?



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हजार सालों से धार्मिक यात्राएं और सत्संग हो रहे हैं, लेकिन इनका हासिल सिवाय एक मानसिक संतुष्टि के और कुछ भी नहीं। अगर इनसे कुछ हासिल हुआ रहता तो दुनिया अब तक बदल चुकी होती और शायद लोग इससे लाभान्वित हो इतने बदल चुके होते कि अब इनकी कोई जरूरत ही न रहती, लेकिन फैशन और भेड़ चाल से कोई बदलाव नहीं होता। अगर इनकी जरूरत आज भी बनी हुई है, इसका मतलब इन यात्राओं, सत्संगों का नतीजा सिफर आ रहा है। बिना किसी भीतरी बदलाव के अपने दैनंदिनी कार्यों की तरह हम इसे भी अंजाम देते हैं। इससे अधिक दिमाग हम इस पर लगाते ही नहीं। धर्म कर्म से ज्यादा ये एक सामाजिक जरूरत है। इस एक तीर से हम बहुत से शिकार करते हैं। आजकल तो लोगों ने धार्मिक यात्राओं को भी पर्यटन बना डाला है। धार्मिक यात्राओं में बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि धर्म-कर्म गौण और मौज मस्ती प्रमुख हो गई है।

वैसे सही कहा जाए तो ये भोले लोग हैं, जो दिमाग न लगाने के कारण बहकावों में आ जाते हैं, जिसका फायदा चंद बाबा टाइप लोग जमा कर उठाते हैं। बिना किसी आंतरिक परिवर्तन के जब ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हमारा लक्ष्य बताई जाएंगी। जब मृत लोक से ज्यादा स्वर्ग लोक की चिंता करने को कहा जाएगा, तो लोग इसे भेड़चाल बना ही डालेंगे। ऐसे में दिन प्रति दिन बढ़ती भीड़ के दबाव में ऐसी घटनाओं को टाला नहीं जा सकता। तकलीफ इस बात की ज्यादा है कि ऐसी घटनाओं पर दुखी हो मृतकों के प्रति संवेदना रखने वाले कल खुद इसका शिकार नही होंगे। इसकी कोई गारंटी नहीं। क्योंकि भेड़ों की यही गति होती है।

–फेसबुक वॉल से

# शीघ्र निर्णय हों जनहित के मामलों में

आखिर वे क्या कारण हो सकते हैं कि हाथरस हादसे के मुख्य गुनाहगार साकार विश्व हरि का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं है? एक साधारण व्यक्ति के भी दिमाग में यह बात कौंध रही है कि मुख्य दोषी तो वही है। उच्च स्तरों पर, जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों के मन में क्या चल रहा है, यह तो वही जानें, किंतु आम लोगों के मन में जो चल रहा है वह यही है कि बाबा को बचाया जा रहा है? मगर आखिर क्यों? आम बतकही में तो यही बात आ रही है कि भाजपा एक विशाल वोट बैंक के खिसकने का जोखिम नहीं उठाना चाहती और ऐसे ही 'परसेप्शन' भाजपा के विरुद्ध जाते हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अब जैसे नीट का ही मामला है -व्यापक परसेप्शन यही है कि बिना देरी किए, मामले को लटकाए पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाना चाहिए था, मगर हठधर्मिता की हद तक मामले को खींचा जा रहा है। आखिर क्यों? जनमत यह बन रहा है कि चूंकि बड़े-बड़े नेतागण इसमें होंगे, अपने बच्चों को बचाने की खातिर पूरी परीक्षा रद्द नहीं हो रही है। अगर अन्यथा कोई दीगर सच है तो वह प्रभावी तरीके से सामने लाने में सरकार असमर्थ दिख रही है। आज के डिजिटल जमाने में कोई भी अनियमितता पेपर लीक 'लोकेलाइज्ड' हो ही नहीं सकती। जाहिर है इन मामलों में निर्णय की अनिश्चितता और विलंब संशय उत्पन्न करता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। आश्चर्य है कि पूरे देश की संवेदना और विवेक को झकझोर देने वाली घटनाओं से देश में कैसी सोच बन रही है इससे रुलिंग पार्टी अनभिज्ञ सी दिखती है। सच मानिए जनता में ऐसे ही अनिर्णयों से असंतोष और अविश्वास उपजता है, जो अंततः चुनावों में मतदान का बायस बनता है। मतलब जनता की नब्ज पकड़ने में असफलता। ऐसे व्यापक जनहित के मामलों में अनिर्णय एक तरह से रुलिंग पार्टी के लिए 'काउंटर प्रोडक्टिव' होता है। आखिर उच्च स्तरों पर निर्णय क्यों नहीं तत्काल और जनभावनाओं के अनुकूल हो पा रहे हैं? विलंबित निर्णय हुए भी तो क्या? डैमेज तो तब तक हो चुका होगा। का वर्षा जब कृषि सुखाने? और जिन भी कारणों से निर्णयों को लटकाने का मंतव्य रखा जाता है वे अपेक्षानुसार शायद ही कभी फलीभूत होते हों। क्या बाबा के फॉलोवर भाजपा को वोट ही देंगे? इसकी कोई गारंटी है?

मेरी अल्प समझ में मतदान ऐसे मामलों से नहीं, अपितु अन्य कारकों से प्रभावित होते हैं। अभी संपन्न सामान्य निर्वाचन में जहां से ज्यादा अपेक्षा थी धोखा भी वहीं से मिला। वैसे भी न्याय का विलंबन अन्याय तुल्य ही माना जाता है-जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड, बहुश्रुत कथन है। अनिर्णय की स्थिति अपवाद तौर पर किसी पक्ष के लिए फायदेमंद हो भी सकती है, जिसका एक बड़ा और ऐतिहासिक उदाहरण है भूतपूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव के बाबरी मस्जिद के मामले में सारगर्भित चुप्पी साध लेना। इसका परिणाम एक पार्टी के लिए कितना लाभकारी हो गया, इसका इतिहास साक्षी है। भले ही यह छोटी मुंह बड़ी बात लगे, मगर मैं यह बल देकर कहना चाहता हूं कि वर्तमान सरकारें चाहें केंद्र में हों या प्रदेशों में उन्हें जनहित के मामलों में शीघ्रातिशीघ्र निर्णय लेना चाहिए, जिनमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनकल्याण का भाव निहित हो। ऐसा न होने पर जनमानस में अविश्वास उपजता है, जो व्यवस्था के प्रतिकूल ही परिणाम देता है। अब ये सभी बातें इतना भी पांडित्यपूर्ण नहीं है कि आकाओं की समझ में न आती हों। समझ-समझ कर भी न समझने सरीखा परिदृश्य यदि स्थायी भाव ले लेता है तो वह कितनी हानि पहुंचा सकता है सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मुझे लगता है यह परिदृश्य बदलना चाहिए। पलायित बाबा का यथाशीघ्र एफआईआर में नामदर्ज करते हुए पाताललोक में भी हो तो पकड़ कर जेल भेजना चाहिए। आम जनता यही चाहती है और नीट की परीक्षा बिना और छीछालेदर कराए रद कर देना चाहिए। अंततः सर्वोच्च अदालत ही अगर रद कर देगी तब?

# छुटभैये बंद, बड़के स्वच्छंद

हाथरस के कथित सत्संग में हुई शताधिक मौतों पर अब तक सत्ता के घड़ियाली आंसुओं और विपक्ष की आलोचनात्मक बौछारों के अलावा कुछ खास हाथ नहीं लगा। चंद छुटभैये सेवादार ही गिरफ्तार हुए हैं।

प्रशासन के कलेक्टर, एसपी तथा बड़े आयोजक व कथित भगवान के अवतार बाबा स्वच्छंद हैं, शायद उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बन रही हैं। कुछ दिन में खबर ठंडी पड़ जाएगी और नए हादसे व घोटाले अखबारों की सुर्खियां बन जाएंगे। जनता की याददाश्त कमजोर होती है और मामला टायं-टायं फिस्स हो जाएगा। उम्मीद के मुताबिक न तो कहीं बुलडोजर गरजा, न गाड़ी पलटी। दरअसल इन बाबाओं के तमाम अनुसरक होते हैं और एक अच्छा खासा वोट बैंक इनके कब्जे में होता है। ऐसे में इन पर हाथ डालने में सत्ता संकोच करती है और विपक्ष आलोचना भी संभल कर करता है। अब देखिए शासन बाबा को पकड़ नहीं रहा और अखिलेश यादव बाबा के खिलाफ न बोलकर सिर्फ सरकार को कोस रहे हैं। ऐसे में संभावना बड़ी मछलियों के गिरफ्त से बाहर रहने की बनती दिख रही है। अदनों पर ही कार्यवाही होनी संभाव्य है। ये वोट बैंक धारक धर्माचार्य यदि विवशता में बंद भी किए जाते हैं तो चुनाव के समय पे रोल पर छोड़ दिए जाते हैं, ताकि सत्तादल को फायदा पहुंचा सकें।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत चुनावों के समय एक हरियाणवी महंत ऐसे ही छोड़े गए थे। आज भाजपा जिस कांग्रेस को पानी पी-पी कर कोसती है और अपनी किसी वर्तमान असफलता के लिए जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहरा देती है, उनकी सरकार के रेल मंत्री लालबहादुर शास्त्री ने 1956 में अरियालूर (तामिलनाडु) की रेल दुर्घटना पर इस्तीफा दे दिया था। अब वे दिन कहां हैं? इतने बड़े हादसे पर कोई बड़ा इस्तीफा नहीं देगा।

# आक्रोश : गांव में हो रहे भ्रष्टाचार पर भड़के ग्रामीण

## विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कोंढा-किर्राही से आये दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उरई



ज्ञापन देने जाते चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार



ज्ञापन देने जाते ग्रामीण।

**अमृत विचार।** विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कोंढा-किर्राही से आये दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों ने रास्ते में कीचड़ व जल भराव, गौशाला की अव्यवस्थाओं, मनरेगा का कार्य मशीनों द्वारा कराये जाने व प्रधान द्वारा खड़ंजा उखाड़कर ईंटें ले जाने के संबंध में एक शिकायती प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी जालौन को दिया।

पत्रकारों से बातचीत में ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते में घुटनों तक कीचड़ भरा है। गौशाला में गोवंश के लिए चारा व पानी नहीं है, गोवंश को खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे किसानों की फसलें चौपट हो रही हैं, प्रधान द्वारा ऐसे लोगों को मनरेगा मजदूर दिखाया गया है जो कभी काम नहीं करते उनकी जगह ट्रैक्टर और जेसीबी से काम कराया जाता है, पूर्व में बिछाये कई खड़ंजे उखाड़कर प्राधान ले गये हैं। कई बार प्रार्थनापत्र देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार नीचे से ऊपर तक फैला हुआ है इसीलिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो अब आखरी विकल्प मुख्यमंत्री जी का जनता दरबार ही है हम सब लोग वहीं पर जाकर मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात कहेंगे।

# पुलिस ने चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को दी जेल भेजने की धमकी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रशासन को सौंपा शिकायती पत्र, उठाई जांच की मांग

**अमृत विचार।** जालौन थानाध्यक्ष द्वारा भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ परिसर के अंदर अभद्रता करते हुए अपमानित किये जाने के मामले को लेकर संगठन के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रशासन को ज्ञापन देकर जांच की मांग उठाई है।

भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार अहिरवार, शिवकुमार, राकेश नीलम जिलाध्यक्ष, राघवेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रशासन को ज्ञापन देते हुए बताया कि प्रार्थी समाजसेवी है तथा चमार महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी भी रह चुका है। 04 जुलाई की रात लगभग साढ़े आठ बजे वह शिवकुमार निवासी ग्राम ऐदलपुर थाना जालौन की लड़की के साथ हुई छेड़खानी की घटना के सम्बंध में जालौन कोतवाली में पुलिस से मिलने के लिये संगठन के जिला उपाध्यक्ष तिलक सिंह के साथ गया था। जहां पर मौजूद थानाध्यक्ष एवं दरोगा से पूछताछ करने लगे। पीड़ित द्वारा आप बीती बताने पर दरोगा जी पीड़ित व प्रार्थी तथा उसके सहयोगी से जेल भेजने को कहा। इस मामले की जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज ने सीओ जालौन को फोन से दी तो थानाध्यक्ष बंद करने की धमकी देने लगे तब कहा सुनी के बाद थानाध्यक्ष, दरोगा व सिपाहियों ने धमकी देकर छोड़ दिया। पीड़ित संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार ने ज्ञापन के माध्यम से थानाध्यक्ष, दरोगा व सिपाहियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की।



एसपी को ज्ञापन देने पहुंचे ऐदलपुर के ग्रामीण। अमृत विचार

# एसपी से लगाई न्याय की गुहार

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- ग्राम ऐदलपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम ऐदलपुर निवासी दर्जनों लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐदलपुर निवासी संजीव कुमार पुत्र परशुराम ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए बताया कि उसका पुत्र सनी 4 जुलाई को 3 बजे तालाब के पास खलिहान में अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जा रहा था उसी समय बबलू पुत्र रामनाथ ने प्रार्थी के पुत्र को रोक लिया और शराब के लिये पैसे मागने लगा, पैसे देने से मना करने पर बबलू गाली गलौज करने लगा और बबलू ने अपने पुत्र आकाश एवं भतीजे मंगल को आवाज देकर बुला लिया और बबलू ने प्रार्थी के पुत्र सनी के लाठी मार दी जिससे यह जमीन पर गिर गया और सभी लोग प्रार्थी के पुत्र की लाठी व लात घूसों से मारपीट करने लगे तथा उसकी जेब में पड़े 1000 रुपये जबरन निकाल लिये, शोरगुल की आवाज सुनकर आदेश व रोहित तथा गांव के अन्य लोग मौके पर आ गये, जिन्होंने प्रार्थी के पुत्र को बचाया और उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोगों ने धमकी देते हुये भाग गये। प्रार्थी अपने पुत्र को लेकर उसी दिन कोतवाली जालौन गया लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी और न ही उसके शरीर में आयी चोटों का डाक्टरी परीक्षण ही कराया गया बल्कि प्रार्थी के पुत्र की थाने में बैठाये हुये हैं। पुलिस मुल्जिमान के प्रभाव में है तथा मुल्जिमान राजनैतिक प्रभावशाली एवं अपराधिक प्रवृत्ति के है इसलिये पुलिस उनके प्रभाव में आकर प्रार्थी के पुत्र को फर्जी मुकदमों में फंसाने का प्रयास कर रही।

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं करसान के लोग

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- तालाब में तब्दील हो गयी मुहल्ले की मुख्य सड़क
- लोगों को आने-जाने में हो रही है परेशानी

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद उरई के वार्ड नम्बर-16 नया पटेलनगर करसान रोड निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर दिखाई दे रहे हैं। यहां पर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के चलते आम रास्ता तालाब में तब्दील हो गया है जिसकी वजह से मुहल्ले के लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अगर ऐसा ही रहा तो जल्द बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

इस संबंध में मुहल्ले के ही यूनिस शाह, बबलू मंसूरी के अलावा भाजपा नगर उपाध्यक्ष अब्दुल करीम मम्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सदर भाजपा विधायक गौरीशंकर वर्मा से पालिका परिषद के अधिशासी अभियंता को पत्र भी लिखवाया था फिर भी आज तक सड़क निर्माण नहीं हो सका जिसका खामियाजा यहां जनता को बारिश में झेलना पड़ रहा है।

भाजपा विधायक गौरीशंकर वर्मा भी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उरई को नया पटेलनगर करसान रोड पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष यूनुस शाह के मकान से मम्मा के मकान तक सीसी एवं नाली निर्माण करवाये जाने के लिए पत्र लिखा था जिसका भी असर नपा अधिशासी अधिकारी के ऊपर नहीं पड़ा। यहीं कारण है कि बारिश होने पर उक्त सड़क तालाब में तब्दील हो गयी जिसकी वजह से वहां के निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



तालाब में तब्दील करसान रोड की मुख्य सड़क। अमृत विचार

# चेकिंग के दौरान पकड़े गये 4 वाहन

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)



परिवहन अधिकारी द्वारा चेकिंग में पकड़े गये वाहन।

- 1 लाख 17 हजार रुपये जुर्माना लगाया
- आरटीओ ने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई होती रहेगी
- पकड़े गये वाहन कोतवाली में खड़े कराये

**अमृत विचार।** परिवहन अधिकारी ने गुरुवार को नगर की सड़कों पर भ्रमण कर 3 मार्गों से 4 वाहनों को पकड़ा है। पकड़े गये वाहनों के आवश्यक कागजात न होने पर जुर्माना की कार्रवाई की गयी है तथा पकड़े गए वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने गुरुवार को नगर में आकर चुर्खी बाबई मार्ग, औरैया व कोंच मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान उन्होंने बाजरा के बीज व मशालों से भरी 2 पिकअप को पकड़ा है। इसके साथ ही ईंटा से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली व मिनी सवारी वाहन को पकड़ा है। अधिकारी ने जब वाहन चालकों से आवश्यक प्रपत्र वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस आदि मांगे तो वह नहीं दिखा पाये।

मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने पर चारों वाहनों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की गयी है। परिवहन विभाग ने पकड़ी गयी पिकअप पर 31-31 हजार रुपये, ईंटा के ओवरलोड ट्रैक्टर व ट्राली पर 50 हजार व सवारी वाहन पर 5 हजार का जुर्माना लगाया है। पकड़े गये वाहनों को कोतवाली परिसर में खड़ा कराकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि आग भी कार्रवाई होती रहेंगी।

# 4 स्वास्थ्य कर्मचारियों का हुआ स्थानांतरण

**कालपी(जालौन)।** पहले से ही स्टाफ की कमी से जूझ रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी से चार कर्मचारियों का सीएमओ द्वारा स्थानांतरण कर दिया गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के फार्मासिस्ट अशोक कुमार का पीएचसी हरदोई गूजर के लिए स्थानांतरण किया गया है। जबकि प्रसवोत्तर केंद्र में कार्यरत मोहिनी त्रिपाठी का तबादला सीएचसी माधौगढ़ के लिए तथा लैब टेक्नीशियन रजनेश कुमार का स्थानांतरण डकोर चिकित्सालय के लिए किया गया। जबकि एएनएम गायत्री देवी को कालपी से हटाकर देवकली स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती दी गई हैं। सभी स्थानांतरित कर्मचारियों को उनके नवीन तैनाती स्थल में पद सम्भालने के लिए कहा गया है।

# हाथरस कांड : शोकसभा कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- भाकपा माले के नेताओं ने की शोकसभा

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू संबंध पल्लेदार मजदूर यूनियन के बैनर तले हाथरस में 130 मौतों पर श्रद्धांजलि देने के बाद शोकसभा की गई, जिसकी अध्यक्षता सीपीआईएमएल जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा की।

सभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू के राष्ट्रीय पार्षद जिला अध्यक्ष कामरेड राम सिंह चौधरी ने कहा कि आज पूरे देश में बाबाओं की भरमार है। हाथरस में 130 गरीब मजदूर की मौत हो गई। कामरेड चौधरी ने कहा की हाथरस की मौतों पर प्रत्येक परिवार को कम से कम पांच लाख मुआवजा प्रत्येक परिवार के सदस्य को एक नौकरी दी जाए। हाथरस वाले बाबा पर 302 के तहत मुकदमा चलाया जाए। आगे सीपीआईएमएल के जिला सचिव ने कहा कि यह हादसा योगी सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है । योगी सरकार से इस्तीफा ले लेना चाहिए। शोक सभा में प्रमुख रूप से पल्लेदार मजदूर यूनियन अध्यक्ष का. राजाराम वर्मा, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र चौधरी, रामबाबू कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार वर्मा, बबलू, ओम प्रकाश, भानु, मंगल सिंह, बाबू खां, सुनील, संतोष आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### खाद्यान्न घोटाले में वांछित चल रहा पूर्ति निरीक्षक गिरफ्तार

**जालौन।** वर्ष 2018 में नगर में स्थित पूर्ति कार्यालय में कुछ कर्मचारी ठेकेदारों और अधिकारियों की मिली भगत से सरकारी खाद्यान्न का घोटाला प्रकाश में आया था जिसकी जांच के बाद दोषी पाए गए कुछ कोटेदारों को हटाया गया था और उसके खिलाफ कार्रवाई की गई थी,तो वहीं जो कर्मचारी इसमें लिप्त थे उन पर गाज गिरी थी और तभी से पूर्ति अधिकारी कमल सिंह फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को औरैया रोड स्थित एक दुकान से पूर्ति अधिकारी कमलको गिरफ्तार कर लिया।

### लक्ष्य के अनुरूप मंडी शुल्क की वसूली की जाए

**कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी/प्रशासक सुशील कुमार सिंह तथा मंडी सचिव आनंद कुमार गुप्ता की मौजूदगी में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के मंडी शुल्क की आय बढ़ाने के निर्देश दिए। सुशील कुमार ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत तहसील कार्यालय में मंडी सचिव आनंद गुप्ता के साथ बैठक की।

# चार दिन पूर्व लापता युवक का शव यमुना में मिला

संवाददाता माधौगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** चार दिन पूर्व अपने घर से लापता युवक का शव रामपुरा थाना अंतर्गत शिवगंज के पास यमुना नदी में उतरता हुआ मिला ।

दिलीप पुत्र जबर सिंह उम्र 35 1 जुलाई से अपने घर से लापता हो गया था जिसकी गुमशुदगी थाना बिठौली में उसके परिजनों ने दर्ज कराई थी । लापता होने से पांचवें दिन शुक्रवार को दोपहर पुलिस को यमुना नदी में एक युवक के शव के पानी में उताराते हुए मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से निकाल कर नदी तट पर लाया गया जिसकी शिनाख्त गुमशुदा दिलीप पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम पहालन के रूप में की गई ।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी पुलिस ने दबोचा

**जालौन ।** येदलपुर निवासी शनि पुत्र संजीव कुमार पर एक लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप था जिस पर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी ,पुलिस ने आरोपी युवक को दबिश के दौरान पकड़कर भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा 175 ,17/ 8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई कर जेल भेजा।

# कांग्रेस की कार्यकारिणी को लेकर विवाद

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)



अनिल यादव।

- उपेक्षा का आरोप लगाकर सचिव ने दिया इस्तीफा

**अमृत विचार।** कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी में पिछड़ा को उचित प्रतिनिधित्व न देने का आरोप लगाते हुए जिला सचिव ने अपना त्यागपत्र उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भेजा है।

कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव अनिल यादव ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को अपना त्यागपत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने राजनीति की शुरूआत ही कांग्रेस पाटी के साथ की थी। पूर्व में वह कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भी रहे हैं। राहल गांधी देश की जनता को एकसूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे हैं तो दूसरी ओर उनकी मंशा पर जनपद में पानी फेरा जा रहा है। आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई है । वास्तव में जो पार्टी के हित में कार्य करते हैं और परिश्रम करते हैं, उनकी अनदेखी की गई है। कमेटी में पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया है, जबकि पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की ओर निहार रहा है।

**पुलिस भी सक्रिय** — 87 दर्ज हुए मुकदमों में 95 नाबालिग बच्चे हुए गायब, पुलिस ने सभी को सकुशल किया बरामद

# जालौन में हर दूसरे दिन गायब हुआ एक नाबालिग बच्चा

कार्यलय संवाददाता उरई



- मामले का खुलासा पिछले 6 माह के मिले आंकड़ों से हुआ
- जिले में सुरक्षित नहीं हैं नाबालिग बच्चे और बच्चियां

**17** थानों के हैं सारे के सारे नाबालिग बच्चे

**79** कुल नाबालिग बच्चियां हुईं थी गायब

**पुलिस अधीक्षक ने बताया**

- उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत पिछले 6 माह में जनपद जालौन से गायब हुई 79 नाबालिग बच्चियों और 16 नाबालिग बच्चों को पुलिस ने सकुशल ढूंढ निकाला और उनके परिजनों को सौंप दिया । पुलिस अधीक्षक ईरज रजा ने अवगत कराया कि 1 जनवरी 24 से लेकर 30 जून तक जनपद के विभिन्न थानों में नाबालिगों के गायब होने के कुल 87 मामले दर्ज हुए, जिनमे ऑपरेशन मुस्कान के तहत गायब हुए सभी नाबालिगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा गया है। साथ ही नाबालिग बच्चियों को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

**अमृत विचार।** पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 30 जून 2024 तक जनपद के 17 थानों में नाबालिग बच्चियों और बच्चो के गायब होने के कुल 87 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनमे कुल 95 नाबालिगों के साथ घटनाएं घटित हुई, जिनमें 79 नाबालिग बच्चियां तथा 16 नाबालिग बच्चे शामिल हैं,

जानकारी से पता चला है की जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों की बच्चियों के गायब होने के दर्ज मामलों में से अधिकतर में नाबालिग बच्चियों को बहला फुसला कर भागा कर ले जाया गया और उनके साथ दरिंदगी की गई। हालांकि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनपद जालौन के 16 बच्चे पिछले 6 माह में घर से भाग गए अथवा किसी रंजिश के चलते उन्हें गायब किया गया। थाना बार मिली जानकारी के अनुसार जनपद की जिला मुख्यालय उरई कोतवाली में नाबालिगों के साथ घटी घटनाओं के सर्वाधिक कुल 18 मुकदमे पिछले 6 माह में दर्ज हुए, जिनमे 15 नाबालिग बच्चियां अपने घर से गायब हुई ,जिनमे अधिकांस के साथ दरिंदगी की गई, इसके साथ ही उरई कोतवाली क्षेत्र के 4 नाबालिग बच्चे पिछले 6 माह में गायब हुए। इसी तरह जालौन कोतवाली में इस आसय के 6 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनमे 5 बच्चियां व 1 बच्चा घटना का शिकार हुआ, कालपी कोतवाली में नाबालिगों के गायब होने के कुल 7 मुकदमे दर्ज किए गए, जिनमें सभी में नाबालिग बच्चियों को शिकार बनाया गया।

थाना आटा में नाबालिगों के गायब होने के 6 माह में कुल 2 मुकदमे दर्ज हुए जिनमें एक मुकदमे में एक बच्ची को बहला फुसला कर भगा कर ले जाना पाया गया और एक बच्चा गायब हुआ जो बाद में मिल गया। कोंच कोतवाली में नाबालिगों के गायब होने के कुल 7 मामले दर्ज किए गए जिनमें 7 नाबालिग बच्चियां अपने अपने घरों से गायब हुई, परिजनों द्वारा बहला फुसला कर भागा कर ले जाने के मुकदमे दर्ज कराए गए, जिनमे दो मुकदमों में एक साथ दो -दो बच्चियां गायब हुई, इसके अलावा 2 नाबालिग बच्चे भी गायब हुए। कुठौंद थाना में नाबालिगों के गायब होने के 7 मुकदमों में 9 नाबालिग बच्चियों को बहला फुसला कर भगा कर ले जाना पाया गया। कोतवाली माधौगढ़ में पिछले 6 माह में नाबालिगों के गायब होने के कुल 4 मुकदमे पंजीकृत किए गए, जिनमे तीन में नाबालिग बच्चियों को बहला फुसला कर ले जाया गया, और एक बच्चा घर से गायब हुआ। कैलिया थाना क्षेत्र से 6 माह में 5 नाबालिग बच्चियां गायब हुई। रेंडर थाने में नाबालिगों के गायब होने के 3 मुकदमे दर्ज हुए सीआई 6 माह में दर्ज किए गए, जिनमे 3 नाबालिग बच्चियों को किसी के द्वारा गायब किया गया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र में बीते 6 माह में 2 नाबालिग बच्चियों को बहला फुसला कर भगा कर ले जाया गया। जनपद के डकोर थाना में दो नाबालिग बच्चियों को गायब करने तथा एक नाबालिक बच्चे के गायब होने की सूचना मिली, तीनों मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चूर्खी थाना में 6 महीने में केवल 1 मुकदमा दर्ज हुआ। एट थाना क्षेत्र की 3 बच्चियां और 1 बच्चा गायब हुआ। कोटरा थाना में 6 महीने में मात्र 1 नाबालिक बच्ची गायब हुई।

# 22 आवारा कुत्तों को किया गया वैक्सीनेट

**कालपी (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन पर नगर पालिका परिषद तथा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अखिलेश सचान की टीम के द्वारा चलाये गए अभियान के दौरान नगर के सार्वजनिक स्थानों से 22 आवारा कुत्तों को पकड़कर वैक्सीनेट किया गया तथा 35 गोवंशों को कैटल कैचर से गौशाला भेजा।

पिछले दिनों नगरीय क्षेत्र में आवारा कुत्तों एवं गोवंशों के विचरण के मामले प्रकाश में आ रहे थे। गुरुवार को एक पागल कुत्ते ने दर्जनों लोगों को काट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। शुक्रवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के द्वारा राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह, शिशुपाल सिंह यादव को गोवंशों के सार्वजनिक स्थानों में घूमने पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने तत्परता पूर्वक कदम उठाते हुए अभियान चलाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम DINESH KUMAR CHHAPARIA से बदल कर DINESH KUMAR रख लिया। अब इसी भाग से जाना व पहचाना जाये। S/O-CHEDI LAL Add: JUBLIGANJ PASHIMI TEH NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राम सहारे पुत्र स्व0 चुल्ली, निवासी ग्राम– बखतखेड़ा, पोस्ट गोधना, थाना– अटरिया, तहसील सिधौली, जिला– सीतापुर** मेरे चार पुत्र सूरज कुमार व चन्द्र प्रकाश व चन्दन व विजय पुत्रगण राम सहारे है । मेरे छोटे पुत्र विजय कुमार अपनी मर्जी से लक्ष्मी पुत्री राम विलास से प्रेम विवाह किया था। मेरा पुत्र एवं बहू शादी के बाद से ही अनिवार्य पारिवारिक कर्तव्यों का पालन नहीं करते हैं, मेरा कहना नहीं मानतें है जिनका आचरण अच्छा नहीं है और गलत प्रवृत्तियों में लिप्त है पुत्र एवं बहू द्वारा किए जा रहे गलत कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र एवं बहू को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है।

**WANTED TEACHERS**

1. Accountancy - M.Com., B.Ed.
2. Psychology - M.A. B.Ed. or M.A

**Contact-Founder:**
**S. Dhanabalan**
**Christ Convent School,**
**Rath Hamirpur,**
**Uttar Pradesh - 210431**
**Mob: 9415145638/9451691348**
**Email:**
**christconventschool@gmail.com**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्यामबिहारी पुत्र श्री आत्मज रामस्वरूप, निवासी– घूमसपुर, कमलपुर, महमूदिया, मैनपुरी, उ.प्र.,** मेरे पुत्र धर्मेन्द्र कुमार आर्मी नं. –776997ए, के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम श्यामबिहारी सिंह दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम श्यामबिहारी है। मेरे पुत्र के रिकार्ड में मेरा सही नाम श्याम बिहारी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट संख्या M 4078628 मेरा नाम नूरुज्जमा दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम नूरुज्जमा अंसारी है। इसी तरह पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम गुलाम रसूल दर्ज हो गया है जो गलत है पत्नी का सही नाम सकीना बानो है यही दर्ज होना चाहिए I**–नूरुज्जमा अंसारी पुत्र कमरुज्जमा निवासी नाई टोला वार्ड नंबर 01 नगर पंचायत कटरा बाजार जिला गोंडा**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी संख्या 214097 655 में मेरा नाम विवेक गुप्ता पुत्र सोनू गुप्ता व जन्म तिथि 31.07.2003 दर्ज है जबकि अब हाईस्कूल अभिलेखानुसार मेरा नाम रिशभ गुप्ता पुत्र सोनू गुप्ता व जन्मतिथि 31–7–2005 हो गई है। **रिशभ गुप्ता यशपाल कपूर मार्ग लालगंज रायबरेली**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी– 313126848 में मेरा नाम रीशू पुत्र दिनेश चंद्र साहू व जन्मतिथि 17.01.2006 लिखी है जबकि अब स्कूल अभिलेखानुसार मेरा नाम आरुश साहू पुत्र दिनेश चंद्र साहू व जन्मतिथि 17 –1 –2007 हो गयी है। **–आरुष साहू निवासी बरदाही रोड लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी–215595715 में मेरा नाम सुयश जन्मतिथि 08.01.2006 दर्ज है। जबकि अब हाईस्कूल अभिलेख के अनुसार मेरा नाम यशू मौर्या हो गया है। **–यशू मौर्या पुत्र श्रीनाथ निवासी ए 79 /14 पार्क व्यू गोमती नगर विस्तार लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कृष्ण मोहन श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय श्री अनंत प्रसाद श्रीवास्तव** का हाईस्कूल वर्ष 1974 रोल नंबर 287723 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 1976 रोल नंबर 147609 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र रास्ते में गिर गया है । जिस किसी को भी मिले वह दूरभाष नंबर– 9451075399 पर सूचना देने की कृपा करें।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शादमान पुत्र मोहम्मद अतीक, निवासी– 529ई/110, गुलाब रेजीडेंसी, इन्द्रप्रस्थ नगर, विकास नगर, जिला–लखनऊ, उ0 प्र0–226022** मेरी जन्मतिथि–28.03.1992 है मेरे पासपोर्ट नं0 F0887514 में मेरा नाम त्रुटिवश MOHAMMAD SHADMAN S/O MOHAMMAD ATIQUE है जब सही नाम MOHD SHADMAN ATIQUE S/O MOHAMMAD ATIQUE है। भविष्य में MOHD SHADMAN ATIQUE S/O MOHAMMA ATIQUE के नाम से जाना व पहचाना जायेगा और यही नाम सभी अभिलेखों में अंकित किया जाये।

**सूचना**

मेरी पुत्री Km Priyanka का सरनेम Rathour उसके शैक्षिक अभिलेखों में किन्हीं कारणों वश अंकित नहीं हो सका है। जबकि मेरी पुत्री का पूरा नाम Km. Priyanka Rathour है। मेरी पुत्री का पूरा नाम Km. Priyanka Rathour ही लिखा व पढ़ा माना जाये। **–राकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री राजाराम –निवासी –नवीन बस्ती बिधूना औरैया।**

# दोआबा की धरती पर 48.5 लाख पौधे रोपित करने की तैयारी

## 20 जुलाई को होने वाले वन महोत्सव की तैयारी शुरू, 30 विभागों को दिया गया लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों ने कमर कस ली है। वन विभाग की नर्सरी में पौध तैयार है। इसके अलावा कई विभागों की ओर से गड्ढा खुदाई का काम जारी है। पौधरोपण अभियान के लिए 20 जुलाई को वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। एक दिन में ही लाखों की संख्या में पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य है।



शासन द्वारा जिले को हर साल पौधरोपण के लिए लक्ष्य दिया जाता है। इसमें वन विभाग के अलावा लगभग 30 विभागों को अलग से टारगेट दिए गए हैं। जिससे जनपद के सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधे लगाए जा सकें। इस बार जिले में 48.53 लाख पौधो का रोपण करने का लक्ष्य है। जिसमें सर्वाधिक पौधे वन विभाग द्वारा रोपे जाएंगे, जिसके साथ ही अन्य विभागों को भी उसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। 20 जुलाई को वन महोत्सव के दौरान लाखों की संख्या में पौधे रोपित किए जाएंगे। वन विभाग द्वारा 25 नर्सरियों में 65 प्रजाति के 74.75 लाख पौध तैयार किया है। वन विभाग के बाद सबसे अधिक पौधरोपण ग्राम विकास विभाग द्वारा कराया जाएगा।

> 20 जुलाई को एक साथ लाखों की संख्या में पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उस दिन अन्य विभागों को दिए गए लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण किया जाएगा।
>
> –रामानुज त्रिपाठी, डीएफओ

इसको लेकर स्थल चयन के साथ ही मनरेगा से गड्ढों की खुदाई का काम जारी है। प्रशासन स्तर पर कई बार पौधारोपण अभियान सफल बनाने को लेकर बैठक भी की जा रही है। साथ ही आम लोगों को भी अभियान से जोड़ने का काम जारी है। इसके बाद शासन द्वारा निर्धारित की गई 20 जुलाई को लाखों की संख्या में पौधरोपण किए जाएंगे। इसमें जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही जिले में लोगों को वृहद पौधरोपण के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिससे ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जा सकें।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** एक युवक ने घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के मेवना गांव निवासी कल्लू के पुत्र पवन कुमार ने घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खा लिया। जिससे कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दिया। तभी इलाज के दौरान ही युवक की मौत हो गई।

## तीन घरों में चोरी, तमंचे की बट से हमला

संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर

**अमृत विचार।** गुरूवार रात में चोरों ने तीन अलग-अलग घरों में घुसकर हजारों की नकदी व कीमती सामान ले गए। इस दौरान एक घर में गृह स्वामी की नींद खुलने पर चोरों से छीनाझपटी हुई जिस पर चोरों ने गृह स्वामी के सिर पर तमंचे की बट मार कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। इसी तरह असोथर थाना क्षेत्र बबरापुर मजरे शाहीपुर में चोर सेंध लगाकर नकदी-जेवर का बक्शा उठा ले गए।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के रावतपुर सराय गांव में गुरुवार की रात को सुरेश के घर में चोर गेट फांदकर घुस गए। उस समय सुरेश व उनकी पत्नी बिंदेश्वरी देवी सो रहे थे। चोरों की आहट से सुरेश की नींद खुल गई तो उन्होंने आवाज लगाई। सुरेश के अनुसार दो चोर थे। उनसे छीना झपटी भी हुई। चोरों ने उनके सिर पर तमंचे की बट मार दिया तथा पैंट की जेब में रखे 50 हजार रुपये लेकर भाग निकले। इसी प्रकार रावतपुर सराय गांव में ही चोर रामकिशन के घर में भी पहुंचे। रामकिशन के अनुसार बदमाश उसके घर से एक बक्सा उठा ले गए। बक्से में कपड़े, दो हजार रुपये थे। सुबह बक्सा को गांव के पास एक खलिहान में मिला। इस मामले में शुक्रवार की सुबह लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने घायल सुरेश का मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया। वहीं पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



तमंचे की बट मारने से घायल गृहस्वामी।

- बिंदकी व असोथर थाना क्षेत्रों में हुई चोरियां

असोथर थाना क्षेत्र बबरापुर मजरे शाहीपुर निवासी विक्रम सिंह लोधी किसान हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब तीन बजे बिजली जाने पर घर के बाहर सभी सदस्य बाहर सो रहे थे। उनकी मां सुबह जागकर घर के अंदर पहुंची। उन्होंने पीछे कमरे में सामान बिखरा पड़ा देखा। पीछे के कमरे में पक्की दीवार में सेंध लगी थी। नकदी, जेवरात के बक्से गायब थे। पीड़ित ने बताया कि बक्से में 40 हजार नकद, मां, बहन, भाभी के सोने-चांदी के करीब आठ लाख कीमत के जेवरात थे। चोर सारा माल चुरा ले गए। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जंगल में मिला बुजुर्ग का शव, शिनाख्त नहीं

संवाददाता बहुआ

- पास में मिली शराब की खाली शीशी और पानी की बोतल
- शव की शिनाख्त को पड़ोसी जनपद की पुलिस से संपर्क

**अमृत विचार।** जंगल में शुक्रवार को एक बुजुर्ग का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलसि जांच में जुटी है।

ललौली थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा गांव के जंगल में शुक्रवार दोपहर ग्रामीण मवेशी चराने गए थे। जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति (65) का शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। शव मिलने की खबर गांव में फैली तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। ग्रामीणों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने बताया कि मृत व्यक्ति के बायें पैर का हिस्सा व कूल्हे का हिस्सा जंगली जानवरों ने नोच डाला है। पुलिस की जांच पड़ताल में शव के पास देसी शराब का खाली पैकेट और सल्फास की खाली शीशी, पानी की खाली बोतल व ग्लास पड़ा मिला है। पुलिस ने व्यक्ति द्वारा शराब में सल्फास मिलाकर पीने की आशंका जताई है। वहीं पुलिस शव की पहचान के लिए बांदा पुलिस से भी संपर्क कर रही है।

## सब्जी पर महंगाई की मार, खाने की थाली से गायब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- टमाटर हो रहा 'लाल', आलू ने भी तरेर रखी हैं आंखें

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में एक तरफ गर्मी से राहत मिली तो दूसरी ओर सब्जियों के दामों में आग सी लग गई है। आलू, प्याज और लहसुन के साथ-साथ हरी सब्जियों के भाव पिछले एक हफ्ते में दोगुना तक बढ़ गए हैं।

हाल यह है कि लगभग सभी सब्जियों का भाव सौ रुपए के आसपास पहुंच चुका हैं। नगर की सब्जी मंडियों के व्यापारियों के अनुसार बाहर से आने वाली सब्जियां बरसात की वजह से बाजार नहीं पहुंच पा रही हैं। सब्जी विक्रेता पंकज ने बताया कि नजदीकी कस्बें की बाजारों से जो सब्जियां आ रही हैं, उन्हीं से व्यापार चल रहा है।

**कम पैदावार भी बड़ी वजह:** लौकी, तुरई और घुइयां की खेती कर रहे किसान ने बताया कि पिछली बार के मुकाबले इस बार कुल पैदावार दिनों दिन कम होती जा रही है। इस बार गर्मी अधिक पड़ने के कारण पौधे झुलस गए थे। अब बारिश वाली फसल बोई गई तो अभी तैयार नहीं हो पाई है।



ग्राहक के इंतजार में सब्जी दुकानदार। अमृत विचार

### फिलहाल घटने वाले नहीं आलू के दाम

- आलू के दामों में भी महंगाई का रोग लग गया है। शादीपुर चौराहा के दुकानदार रामलाल ने बताया कि बीते सप्ताह 25 से 30 रुपये किलो बिकने वाला आलू अब 35 से 40 रुपये किलो बिक रहा है। अभी दाम कम होने की गुंजाइश भी नहीं है।

### दालों पर भी महंगाई का असर

- सब्जियों की तरह दालों के दाम भी बढ़े हैं। किराना दुकानदार अनिल गुप्ता ने बताया कि अरहर की दाल बीते सप्ताह 170 से 175 रुपये प्रति किलो के भाव थी। अब 195 से 200 रुपये पर पहुंच गई।

### सब्जियों के दाम प्रति किलोग्राम रुपये

| | |
|---|---|
| आलू | 35 से 40 |
| टमाटर | 90 से 100 |
| प्याज | 40 से 50 |
| परवल | 70 से 80 |
| मिर्ची | 120 से 150 |
| तोरई | 35 से 40 |
| भिंडी | 30 से 40 |
| कद्दू | 30 से 40 |
| कहटल | 40 से 50 |
| अरबी | 50 से 60 |
| अदरक | 200 |
| लहसुन | 250 |

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते समिति के सदस्य। अमृत विचार

### पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाने का दिया संदेश

**फतेहपुर।** वन महोत्सव के अवसर पर बाबू राधेश्याम गुप्ता कॉलेज गोपाल नगर मे युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा व प्राचार्य अखिलेश शुक्ल ने पौधरोपण कर हरियाली और पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने का संदेश दिया। इसके बाद लोगों को सम्बोधित करते हुए राजीव मिश्र ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इससे हमे आक्सीजन के साथ छांव भी मिलता है। सभी में वृक्षारोपण कर बिगड़ते पर्यावरण की रक्षा कर जीवन का खुशहाल बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने लोगों से अपील किया कि जहां भी खाली व उपयुक्त जगह मिले, पौधरोपण का कार्य जरूर करें और हरियाली बढ़ाने में सहायक बनें। इस मौके पर राकेश श्रीवास्तव, अनुराग, ऋषि बाजपेई, संजय दत्त, राजेश, सुरेश, सुधीर, अमन दीक्षित मौजूद रहे।

### कुत्ते-बंदर काटें तो एंटीरैबीज लगवाएं, वर्ना मौत का डर

**फतेहपुर।** कुत्ते, बंदर बिल्ली आदि से फैलने वाली रेबीज बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य महकमे ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से कहा है कि इन जानवरों के काटने पर बिना लापरवाही के वैक्सीनेशन जरूर कराएं। वहीं जिले में मौसम में हुए परिवर्तन से कुत्ते आक्रामक होकर लोगों पर हमला कर रहे हैं। एडवाइजरी जारी करते हुए सीएमओ डॉ. इश्तियाक अहमद ने कहा कि रेबीज एक संक्रामक बीमारी है। संक्रमित कुत्ते, बिल्ली, बन्दर, घोड़े आदि के काटने, खरोचने या लार आदि के माध्यम से फैलती है। इसमें वैक्सीनेशन ही बचाव है। अगर व्यक्ति रेबीज से संक्रमित हो जाये तो मृत्यु निश्चित है। इसलिए जब भी किसी व्यक्ति को कुत्ता बिल्ली, बन्दर, घोड़े आदि काटते हैं तो सबसे पहले घाव को बहते हुये साफ पानी एवं साबुन से 15 मिनट तक धोए एवं नजदीकी अस्पताल में जाकर रेबीज का वैक्सीनेशन जरूर कराएं। किसी झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें और न ही घाव पर मिर्च पाउडर एवं तेल का प्रयोग करें। घाव को पटटी से न बांधे। कुत्ते को अकारण न छेड़े, अपने पालतू कुत्तो का टीकाकरण जरूर कराएं और पालतु कुत्ते को आवारा कुत्तो के साथ न घूमने दें। आपके आवासीय क्षेत्र में कुत्ते, बिल्ली, बन्दर एवं अन्य जंगली जानवर अधिक हो तो नगर पालिका, नगर पंचायत में जाकर सूचना दें। जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयो पर रेबीज की वैक्सीन उपलब्ध है। चिकित्सा इकाइयों मे प्रशिक्षित डॉक्टरों, फार्मासिस्ट एवं स्टार्फ नर्स द्वारा वैक्सीनेशन किया जाता है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि

**फतेहपुर।** बहन से छेड़खानी के विरोध में युवक की हत्या की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या गला दबाकर किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस की जांच में नामजद मोनू मास्टरमाइंड निकला है। जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक युवक की दो जुलाई की रात बरातशाला के पीछे खेत पर हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। डॉक्टर ने बिसरा भी सुरक्षित किया है। बिसरा सुरक्षित किए जाने के पीछे शराब होने की आशंका जताई जा रही है। इधर, पुलिस ने नामजद हत्यारोपी बिंदकी कोतवाली के मुसुवापुर के रोहित, दिवंगत युवक के गांव के मोनू व घमंडी लाल की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी है। पुलिस को सटीक सुराग भी आरोपियों का एक जगह मिला। पुलिस के पहुंचने से पहले मोबाइल बंदकर मौके से हत्यारोपी भाग निकले। तीनों आरोपी कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की फिराक में हैं। पुलिस की जांच में आया है कि नामजद के अलावा भी हत्याकांड में और भी लोग शामिल रहे हैं। नामजद में मास्टरमाइंड मोनू शामिल है। कुछ की नामजदगी गलत भी हो सकती है, लेकिन वह सीधे कोर्ट में आत्मसमर्पण करेंगे तो पुलिस के सामने भी कोई विकल्प नहीं बचेगा। घटनास्थल की एएसपी विजय शंकर ने जांच की है।

## बारिश में बिलों से बाहर विषधर, सतर्क रहें

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कभी रिमझिम तो कभी झमाझम वर्षा के कारण यहां-वहां जलभराव होने से बिलों में दुबके रहने वाले जीव-जंतु अब बाहर निकलने लगे हैं। विषधर खेत-खलिहान अथवा आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन के लिए खतरा बन बैठे हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में आयदिन सर्पदंश की घटनाएं हो रही हैं। आने वाले समय में समस्या और बढ़ेगी। ऐसे में विशेषज्ञ सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं।

दोआबा में सप्ताह भर के भीतर दो दिन बारिश हुई है। इसके पहले कुछ क्षेत्रों में तेज तो कहीं बूंदाबांदी हुई है। वर्षा का पानी बिलों में घुस जाने से उसके भीतर रहने वाले सर्प सहित अन्य जहरीले जीव-जंतु बाहर निकलने लगे हैं। मुफीद ठिकाना तलाशते हुए वह खेत-खलिहान के साथ आबादी वाले क्षेत्र में भी पहुंच रहे हैं। जरा सी असावधानी होने पर जहरीले जीव-जन्तु लोगों को डश लेते हैं। जिला अस्पताल का आंकड़ा देखें तो पिछले 15 दिनों के भीतर सर्पदंश के 13 मामले सामने आए हैं। हालांकि इनमें से किसी की मौत नहीं हुई है। जिन लोगों को सांप ने डसा है, उनमें अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। उन्हें खेतों में काम करते समय या फिर घर के पुराने कमरों में जाने पर सर्प ने काटा है।

> किसी भी व्यक्ति को यदि सांप डसता है तो झाड़-फूंक के बजाए उसे तत्काल अस्पताल ले जाएं। वहां जहर की काट वाले कई इंजेक्शन मौजूद होते हैं। इससे पीड़ित की जान बचाई जा सकती है।
>
> -डा. पीके सिंह, सीएमएस

### सर्पदंश के यह लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में कई तरह के लक्षण पैदा हो सकते हैं। काटने वाली जगह पर दर्द, सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कंपकंपी, पलकों का गिरना, जलन, त्वचा के रंग में बदलाव और बहुत अधिक पसीना आना विशेष लक्षण है।

### झाड़-फूंक पर विश्वास पड़ेगा भारी

दोआबा के बाशिंदे अंधविश्वास की जंजीरों में जकड़े हुए हैं। सर्प काटने पर वह अस्पताल के बजाए पीड़ित को लेकर पहले झाड़-फूंक करने वालों के यहां जाते हैं, अस्पताल बाद में। सीएमओ डॉ. इश्तियाक अहमद का कहना है कि सर्पदंश से पीड़ित को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए।

### सांप के डसने पर क्या करें

- ज्यादा घी पिलाकर पीड़ित को उल्टी करा दें, ताकि जहर शरीर में फैल नहीं सके
- इंसान को 10-15 बार गुनगुना पानी पिलाएं और उसे उल्टी करने को कहें
- लहसुन को पीसकर उसमें शहद मिलाकर प्रभावित हिस्से पर लगाएं
- तत्काल इमरजेंसी ट्रीटमेंट के लिए पीड़ित को अस्पताल ले जाएं
- जिस जगह पर सांप ने डसा है, उस स्थान को कम हिलाएं-डुलाएं
- ब्लीडिंग होने पर उसे रोकें नहीं, घाव ढीली और साफ पट्टी से कवर करें

### पोस्टमार्टम के बिना नहीं मिलता लाभ

दोआबा के नागरिकों में जागरूकता का भी अभाव है। सर्प दंश से किसी की मृत्यु होने पर वह पोस्टमार्टम नहीं कराते हैं। ऐसे ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाता है। जबकि, जिम्मेदारों का कहना है कि ऐसे मामलों में सरकार आर्थिक मदद देती है, लेकिन इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट जरुरी है।

## भूमि विवाद में महिला को किया लहूलुहान

**थरियांव।** अपनी जमीन पर महिला लड़कियां काट रही थी। तभी पारिवारिक जनों ने लकड़ी के काटने का विरोध करते हुए कुल्हाड़ी लेकर आए और महिला के पर हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने महिला के पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल के लिए भेजा है।

राधानगर क्षेत्र के मलाका गांव निवासी शिवसेन पुत्र राजाराम रैदास ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मौजूदा समय में वह अपनी ससुराल सराय सईद खां बिलन्दा में रहता है। गुरूवार को उसकी पत्नी रूपा देवी अपने पिता के खेत में खड़े पेड़ों की लड़कियां छांटकर हटा रही थी। तभी पारिवारिक लोग लाठी डंडा व कुल्हाड़ी लेकर आ गए और लकड़ी काट रही पत्नी रूपा देवी पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। युवक की सास बुद्धमती पत्नी रामदास ने बीच बचाव किया तो उन्हें भी लाठी डंडों से मारा। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। एसएसआई ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ है।

## 10 इंचार्ज शिक्षकों को मिलेगा प्रधानाध्यापक का वेतन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- परिषदीय विद्यालयों के 101 शिक्षकों से लिया जा रहा प्रधानाध्यापक का कार्य
- शिक्षक संगठन ने हाईकोर्ट में दायर की 55 याचिकाएं, 71 शिक्षक हैं शामिल

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में प्रधानाध्यापकों के रिक्त पदों के स्थान पर उनका कामकाज संभाल रहे इंचार्ज अध्यापकों को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने दोआबा के 10 शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के बराबर वेतन देने का आदेश शिक्षकों की याचिका पर दिया है।

जिले के परिषदीय स्कूलों में लंबे समय से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है। जिससे प्रधानाध्यापक के पदों पर सहायक अध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक बनकर काम कर रहे हैं। दोआबा के भिटौरा ब्लाक के ऐसे ही 10 इंचार्ज शिक्षकों को उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें प्रधानाध्यापक का वेतन देने के आदेश दिए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के भिटौरा ब्लाक अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के साथ अन्य पदाधिकारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कुल 55 याचिकाओं में जिले के 71 ऐसे शिक्षकों को शामिल किया गया है। याचिका में कहा गया है कि वह अपने विद्यालय में पिछले कई वर्षों से इंचार्ज का काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें वेतन सहायक अध्यापक का दिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को याचिका का निस्तारण करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया है कि वह इन याची शिक्षकों की इंचार्ज बनने की तिथि से जांच कर इन्हें प्रधानाध्यापक का वेतन का भुगतान करें।

इस आदेश के बाद जनपद के शिक्षकों में खुशी है। पदाधिकारियों ने बताया कि याचिकाओं की सुनवाई कोर्ट में शुरू हो गई है। पहली याचिका में 10 शिक्षकों का आदेश हो चुका है। शेष लोगों का भी कोर्ट से आदेश जल्द ही आने की उम्मीद है।

उदासीनता | बिंदकी नगर में लगता जाम, हो रही हैं दुर्घटनाएं

## 15 वर्षों में भी नहीं बन पाया सौ मीटर का बाईपास

संवाददाता, बिंदकी

**अमृत विचार।** विकास के चाहे जितने दावे किए जाएं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। इसका जीता जागता नमूना नगर का अधूरा बाईपास है। लगभग 15 वर्ष हो चुके हैं, मात्र 100 मीटर की दूरी में बाईपास अधूरा होने के कारण पूरा बाईपास प्रभावित है और आवागमन ठीक से नहीं हो पाता है। अधूरा बाईपास होने के कारण क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी का माहौल बना रहता है।

लगभग 5 किलोमीटर लंबाई का बिंदकी बाईपास करीब 8 करोड रुपए की कीमत से वर्ष 2009-10 में बना प्रारंभ हुआ था। प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी और नसीमुद्दीन सिद्दीकी लोक निर्माण विभाग सहित कई प्रमुख विभागों के कैबिनेट मंत्री थे। नसीमुद्दीन सिद्दीकी क्योंकि बांदा के रहने वाले थे इसलिए उन्होंने बाईपास के निर्माण की पहल की थी। बहुजन समाज पार्टी सरकार के दौरान लगभग 300 से अधिक किसानों के जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी थी। अधिकांश बाईपास में मिट्टी की पुराई हो चुकी और पक्का डामर रोड भी बन गया लेकिन कुंवरपुर रोड में फायर स्टेशन के समीप महज 100 मीटर का बाईपास अभी भी अधूरा है। जिसके कारण नगर के अंदर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो लोगों में आस जगी थी कि शायद अब समस्या से निजता मिल सकेगी। लेकिन अभी भी बाईपास का निर्माण अधूरा है, जिसको लेकर लोगों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



बिंदकी नगर का अधूरा पड़ा बाईपास। अमृत विचार

- आठ करोड रुपए की लागत से 2009-10 में बनना प्रारंभ हुआ था

### हर बार बनता रहा चुनावी मुद्दा

अधूरा बिंदकी बाईपास प्रत्येक चुनाव में मुद्दा बनता है और इस बिंदु को लेकर भी क्षेत्रीय मतदाता मतदान करते हैं। बहुजन समाज पार्टी की सरकार बदलने के बाद जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तभी भी इस मुद्दे को लेकर लोगों में नाराजगी रही और जिसका प्रभाव चुनाव परिणाम में देखने को मिला। इतना नहीं जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और उनके प्रतिनिधि चुने गए, इसके बाद इसी मुद्दे को लेकर लोगों में नाराजगी का माहौल देखा गया। लोगों का मानना है कि जनप्रतिनिधि इस मामले को लेकर गंभीरता से काम नहीं कर रहे हैं।

### कुछ किसान मुआवजा से संतुष्ट नहीं

बाईपास के निर्माण में अधिग्रहीत की गई जमीन में सरकार द्वारा दिए गए मुआवजे को लेकर अधिकतर किसानों ने तो संतुष्ट होकर जमीन दे दी। वहीं कुछ किसान उचित मुआवजा न दिए जाने के कारण जमीन देने से इंकार कर दिया। इसके कारण बाईपास निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है। जबकि कई बार विभागीय अफसर एवं जनप्रतिनिधियों ने इन किसानों से वार्ता की लेकिन बात नहीं बन सकी। इसका खामियाजा नगर में जाम के झाम के रूप में नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

## संदिग्ध हालात में किशोरी ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी ने गुरुवार की रात घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के तारा पर मजरे सूदनपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार की 17 वर्षीय पुत्री खुशबू ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब किशोरी को फाँसी के फन्दे से लटका हुआ देखा तो घर मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### दुकानदार से मारपीट का वीडियो वायरल

**सिकंदरा।** संदलपुर निवासी सौरभ की कस्बे में दुकान है। जहां पर दशहरी गांव निवासी एक युवक ने कुछ सामान उधार लिया था। पैसे मांगने पर युवक अपने साथियों के साथ दुकानदार को पीटने लगा। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने वीडियो के आधार पर छानबीन शुरू की है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो भाई घायल, एक गंभीर

**रसूलाबाद।** कटारा गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह रनियां की एक फैक्ट्री में काम करता है। मां की तबीयत खराब होने की जानकारी पर वह छोटे भाई विमलेश के साथ घर आ रहा था। रसूलाबाद-कानपुर रोड स्थित गोपालपुर मोड़ के निकट सामने से बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार कर विमलेश को कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### ट्रेन से गिरने पर युवक के दोनों पैर कटे, रेफर

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के झींझक नगर पालिका के सुभाष नगर निवासी सलीम मोहम्मद (35) गुरुवार रात रीवा एक्सप्रेस में सवार होकर दिल्ली से झींझक आ रहा था। तभी वह झींझक स्टेशन पर अचानक गेट से नीचे गिर गया और ट्रेन के नीचे आ गया। जिससे उसके दोनों पैर कट गए। आरपीएफ ने घायल को सीएचसी झींझक में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### हादसे में युवक की मौत

**रनियां।** वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। गुरुवार की रात रनियां कस्बा के चिटिकपुर चौराहे पैदल जा रहे एक करीब 30 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उसे मृत घोषित कर दिया और मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी। रनियां थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु न मिलने से शिनाख्त नहीं हुई है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जमीन की नाप-जोख में मारपीट का आरोप

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के हवासपुर गांव निवासी शिवम बाजपेई ने संदलपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार सुबह उसे लेखपाल रामजी चतुर्वेदी से सूचना मिली कि उसकी जमीन का सीमांकन किया जाएगा। जिसपर वह भाई के साथ खेतों पर पहुंच गया। जैसे ही नाप चालू हुई। तभी वहां पहुंचे कई लोग राइफल व रिवाल्वर सहित आ गए। इसके बाद गालीगलौज कर मारपीट कर दी। जिसपर उन्होंने किसी तरह भागकर जान बचाई। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### वाचक समेत चार के कार्यक्षेत्र बदले

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने वाचक पुलिस आयुक्त अवनीश कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना ककवन बनाया है। सेंट्रल जोन में डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने सैंकी त्यागी को चौकी प्रभारी मंगलपुर बीट थाना ग्वालटोली, दरोगा राजन मौर्या को चौकी प्रभारी जेके मंदिर थाना नजीराबाद, दरोगा रईस अहमद को थाना काकादेव से चौकी प्रभारी रायपुरवा बीट दी गई है।

# पत्नी ने मित्र के साथ मिलकर पति को पीट-पीटकर मार डाला

## शिवली क्षेत्र के मारग मैथा की घटना, मां ने बहू और उसके मित्र के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, शिवली



युवक की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मारग मैथा में महिला ने अपने मित्र के साथ पति को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। देर रात उसे सीएचसी शिवली ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित दिया। मां ने बहू और उसके पुरुष मित्र पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।



विनीत उर्फ मंजुल।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के हतिका गांव निवासी विनीत उर्फ मंजुल (40) नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहा था। वर्तमान में वह मारग मैथा में मकान बनाकर पत्नी नेहा उर्फ दीपा के साथ रहता था। पत्नी से विवाद के कारण वह बाहर रहता था। पिछले हफ्ते ही बच्चों के एडमिशन को लेकर वह घर आया था। उसके घर में पड़ोस के एक युवक का आना-जाना था, जिसको लेकर बदनामी होने पर उसने पत्नी से नाराजगी व्यक्त की और उसे घर में आने को मना किया था।

मां का आरोप है कि इसी बात को लेकर गुरुवार की रात उसकी पुत्रवधू ने अपने साथी के साथ मिलकर विनीत को घर में डंडे से पीट कर अधमरा कर दिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां कमला बदहवास हो गई, जबकि भाई विनय, बहन अलका व संपुल का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर कोतवाल पहुंचे और छानबीन शुरू की।

### पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया

कोतवाल ने फॉरेंसिक टीम को बुला कर साक्ष्य संकलित कराए। मां ने पुत्रवधू के साथ उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में छानबीन की जा रही है। पता चला है कि पोस्टमार्टम में पिटाई से लीवर फटने की बात सामने आई है।

## तमंचा लहराने में युवक गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने तमंचा लहराने के वायरल वीडियो मामले में एक युवक को पकड़ा है। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कस्बा में एक युवक द्वारा अवैध तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था। जिसका संज्ञान लेकर युवक की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को वह पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि जिस युवक का तमंचा लिए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वह इस समय चकचालपुर मोड़ पर कहीं भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम गुड्डू सिंह निवासी चौकी थाना भोगनीपुर बताया है।



माती के ईको पार्क में पौधरोपण करने जाते अधिकारी और संस्था के लोग। अमृत विचार

# पौधरोपण के बाद करें देखभाल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- वन महोत्सव पर माती ईको पार्क में गोष्ठी व पौधरोपण

**अमृत विचार।** हेल्थ क्लब की ओर से वन महोत्सव पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद अधिकारियों व संस्था के लोगों ने पौधरोपण किया।

शुक्रवार को माती ईको पार्क में वन-महोत्सव के उपलक्ष्य में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने विचार गीत व कविताओं के माध्यम से रखे। मुख्य अतिथि केशव नाथ गुप्ता ने कहा कि पेड़-पौधों से हमे जीवन मिलता है। इसलिए हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे रोपित कर बड़े होने तक उनकी देखभाल करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि समाजसेविका कंचन मिश्रा ने कहा कि पेड़ हमें हरियाली और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जो हमारी आंखों व फेफड़ों के लिए अत्यंत उपयोगी है। हमे मानव कल्याण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए।

हेल्थ क्लब के सांगीताचार्य विजय बहादुर ने देश में पौधरोपण बढ़ाते चलो, पर्यावरण की रक्षा कराते चलो, गीत सुनाया। कार्यक्रम में अमरूद ,जामुन, नीबू, जामुन आदि के 50 पौध रोपित किए। इस मौके पर केएस चौहान, गया प्रसाद, गंभीर सिंह यादव, सुशील यादव, राम सेवक वर्मा, रामचंदर, राहुल सिंह, सुनील सेंगर, राम सिंह यादव, रविंदर सिह यादव, सुभाष शर्मा, रवि बाबू आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षण का वीडियो बनाने में रुचि नहीं ले रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- प्रदेश में केवल पांच जिलों के ही शिक्षकों ने बनाए वीडियो

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में प्रभावी कक्षा-शिक्षण के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों से पांच मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करने के निर्देश दिए थे। इनका राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) से परीक्षण कराकर बेहतर वीडियो को अन्य के लिए उपलब्ध कराना था, लेकिन शिक्षक इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। प्रदेश में मात्र पांच जिलों के ही शिक्षकों ने यह वीडियो बनाए हैं।

परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कवायद की जा रही है। इसी क्रम में कुछ शिक्षकों द्वारा भी पढ़ाई में नवाचार किया जा रहा है। इसी को बढ़ावा देने के लिए सभी शिक्षकों से अपने पढ़ाई के दौरान का वीडियो बनाकर उनका मूल्यांकन कराकर गुणवत्ता के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटने का निर्णय लिया गया। फिर इसमें से बेहतर वीडियो को एक पूल बनाकर सभी के लिए उपलब्ध कराना है, लेकिन मात्र पांच जिलों पीलीभीत, बिजनौर, हाथरस, गौतमबुद्ध नगर व सहारनपुर ने 1949 वीडियो बनाकर भेजे हैं।

कानपुर देहात में भी किसी शिक्षक ने वीडियो नहीं बनाए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सभी डायट प्राचार्य से कक्षा शिक्षण से संबंधित पांच मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कराकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिए हैं। हर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने यहां के शिक्षकों के वीडियो 10 जुलाई तक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। विकासखंड पर एकत्र वीडियो प्राचार्य डायट को 15 जुलाई तक दिए जाएंगे।

# पांच निकायों में बनेंगी 12 इंटरलॉकिंग व ड्रेन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सूडा से मंजूरी मिलने के बाद ठेकेदार की चयन प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार।** दो नगर पालिका व तीन पंचायतों की असेवित बस्तियों में 12 इंटरलॉकिंग सड़कें व जलनिकासी के लिए ड्रेन बनेंगी। यह कार्य डूडा करीब 2.01 करोड़ रुपये की लागत से कराएगा।

डूडा के पीओ अजय कुमार ने बताया कि पुखरायां में 27.07 लाख रुपये की लागत से भगवती नगर में रामआसरे के घर से नत्थू के घर तक, कुसरजापुर में बाबू सचान के घर से शंकरजी मंदिर तक दो सड़कें व ड्रेन बनाई जाएगी। झींझक में 9.73 लाख रुपये से विष्णु नारायण के घर से सत्यनारायण के घर तक सड़क व ड्रेन, रनियां में 83.50 लाख रुपये से यादवपुरवा में कोटेदार के घर से हाईवे तक, खानचंद्रपुर में उपकेंद्र से रामचंद्र के घर तक, यादवपुरवा में पेट्रोल पंप से मुख्तार के घर तक , धौकलपुरवा में लल्लन के घर से नत्था के घर तक चार सड़कें व ड्रेन, मूसानगर में 33.89 लाख रुपये से वार्ड नंबर नौ में कुलवंत सचान के घर से गजनेर रोड तक, वार्ड तीन में शिवशंकर के घर से रामजानकी के घर तक दो सड़कें व ड्रेन, रसूलाबाद में 47.59 लाख रुपये से निरालानगर में चंद्रपाल के घर से छेदीलाल के घर तक, शास्त्रीनगर में आरपीएस इंटर कालेज से राजू शुक्ला के घर तक इंटरलॉकिंग कराई जाएगी।

**बलवंत हत्याकांड**

# राजनीतिक-प्रशासनिक दबाव में नहीं तैयार की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कोर्ट में पैनल के डॉक्टर से आरोपियों की तरफ से जिरह

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में मृतक बलवंत सिंह का पोस्टमॉर्टम करने वाले पैनल डॉक्टर दीपेंद्र उत्तम से आरोपी पुलिस कर्मियों की तरफ से दूसरे दिन भी जिरह की गई। गवाह ने जिरह में इस बात से इंकार किया कि उसने राजनीतिक व प्रशासनिक दबाव में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तैयार की। यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि गवाह डॉक्टर ने मृतक बलवंत के शरीर में आई चोटों को बनाए जाने की बात पूछने पर कोई टिप्पणी करने से इंकार किया। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करते समय उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि मृतक के शरीर में जो चोटें पाई गई हैं, वह पुलिस वालों द्वारा मारपीट में पहुंचाई गई हैं। गवाह ने पिछली तिथि में अपने मुख्य बयानों में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को साबित किया था।


शुक्रवार को गवाह से तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन एसओजी आरक्षी दुर्वेश, अनूप कुमार, सोनू यादव, प्रशांत कुमार पांडेय की तरफ से जिरह पूर्ण की गई। गवाह से बचाव पक्ष की तरफ से जिरह के दौरान सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, प्रशांत मिश्रा व आशीष तिवारी मौजूद रहे। न्यायालय ने अगले गवाह की गवाही के लिए 8 जुलाई की तिथि नियत करने के आदेश दिए हैं। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह, रामजी एवं जिला अस्पताल अकबरपुर के चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की न्यायालय में चल रही है। शुक्रवार को सभी आठों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।

**बैठक** | जिलाधिकारी ने एफपीओ के साथ कृषि विविधीकरण पर दिया विशेष बल

# आय बढ़ाने के लिए सब्सिडी पर मिलेंगे ड्रोन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना अंतर्गत गठित एफपीओ, स्वनिर्मित एफपीओ को इनपुट, जीएसटी व मंडी लाइसेंस, मार्केट लिंकेज के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म आदि के लिए तीन माह के लिए वृहद संतृप्तीकरण अभियान चलाए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में डीएम ने बैठक की।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

उप कृषि निदेशक रामबचन राम ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में कुल 50 कृषक उत्पादक संगठन संचालित हैं, जो कृषि निवेश, खाद्य एवं बीज प्रसंस्करण, जैविक एवं सुंगधीय खेती, बीज, सब्जी व जैविक खाद उत्पादन, जैविक खेती, मुर्गी पालन, प्राकृतिक खेती एवं औषधीय पौध उत्पादन आदि क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। डीएम ने सभी किसान उत्पादक संगठनों को पारंपरिक कृषि के साथ-साथ कृषि विविधीकरण अपना कर स्वयं एवं संगठन से जुडकर अपना आय व जीवन स्तर में सुधार करने की अपेक्षा की।

जिला प्रबंधक नाबार्ड ने बताया कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए भारत सरकार द्वारा एफपीओ एवं आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना अंर्तगत गठित एफपीओ आदि से जोड़ने के लिए आगामी तीन माह के लिए वृहद संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने कृषक उत्पादक संगठनों को नवीनतम कृषि तकनीकी एवं कुशल प्रबंधन से खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान देने की अपेक्षा की।

डीएम ने कहा कि शासन द्वारा ड्रोन दीदी के संबंध में जो भी निर्देश दिए गए हैं। उनका अनुपालन सभी विभाग समय अंतर्गत करें। ड्रोन दीदी मुख्यत कृषि व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आपस में समन्वय कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने से संबंधित सरकार की योजना है। इसके तहत समूह की महिलाओं को 80 प्रतिशत सब्सिडी पर ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे और प्रशिक्षण कराया जाएगा। ड्रोन से दवा छिड़काव, नैनो फर्टिलाइजर का छिड़काव व अन्य संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, सीईओ मत्स्य अवनीश कुमार आदि रहे।

# घटती छात्र संख्या को लेकर बनाया गया प्लान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 50 से कम पंजीकरण वाले स्कूल के शिक्षकों को नोटिस जारी पूछा जाएगा कारण

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में घट रहे विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए विभाग ने प्लान तैयार किया है। शिक्षकों की टोली गांव-मोहल्ले में जाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को जागरूक करेगी। जनप्रतिनिधियों के साथ स्वयं सहायता समूह का सहयोग लेकर सभी बच्चों के नामांकन व स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं 50 से कम पंजीकृत विद्यार्थी वाले विद्यालयों के अध्यापकों को नोटिस जारी कर पंजीकरण घटने का रीजन साक्ष्य सहित मांगा गया है।

जिन स्कूलों में छात्र संख्या बहुत कम है। उन स्कूलों को पास वाले स्कूलों में मर्ज किया जाएगा और ऐसे स्कूलों के शिक्षकों को अधिक छात्र नामांकन वाले स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। इन स्कूलों में विद्यार्थियों का पंजीकरण बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत रैली के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभिभावकों के साथ ग्राम प्रधान व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की एक बैठक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में शिक्षा के महत्व व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बताकर शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने की अपील की जाएगी। विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षकों की टोली अभिभावकों को जागरूक करेगी।

## सार-संक्षेप



डीआईओएस से मुलाकात करते शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारी।

### डीआईओएस से मिले शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारी

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक बृजभूषण चौधरी व एडीआईओएस कुलदीप वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। डीआईओएस ने सभी मामलों का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। यहां जिलाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित, जिला मंत्री शिवकुमार गौतम, न्याय समिति अध्यक्ष नरवीर यादव, राजेंद्र प्रसाद सविता, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चंदेल, पालन कुमार, नीरज कुमार, सुनील कुमार, अमरीष मिश्रा आदि रहे।



कार्यशाला में छात्रों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### इंटर छात्रों के लिए कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा अकबरपुर इंटर कालेज में शुक्रवार को इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेष काउंसलर व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी , शुरभि श्रीवास्तव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने सिविल सेवा समेत अन्य, परीक्षाओं की तैयारी संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी, प्रधानाचार्य भारत सिंह कुशवाहा, कनिष्ठ सहायक राम किशोर सोनकर आदि मौजूद रहे।

### दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, शांतिभंग की कार्रवाई

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के कट्टापुरवा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट में लाठी-डंडे चल गए। जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। कट्टापुरवा के सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपनी दूध डेयरी में बैठा था। तभी गांव के ही जयपाल, अमित, रामप्रकाश व शीलू अकारण ही गालीगलौज करने लगे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। डेयरी में रखा दूध भी फैला दिया। दूसरे पक्ष के शीलू ने तहरीर देकर बताया कि सत्येंद्र, अंकित, रामऔतार घर के दरवाजे में आए और अकारण ही गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारा-पीटा। जिससे उसके सिर में चोट आई हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि दोनों घायलों को इलाज के लिए पुखरायां सीएससी भेजा गया है। दोनों पक्षों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### राह चलते छात्रा के साथ छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर रास्ते में छेड़छाड़ का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि दोपहर में स्कूल से पढ़कर घर जा रही थी, तभी रास्ते में थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला अभिषेक रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने लगा, तभी आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ इकट्ठी होता देख युवक गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इसकी शिकायत थाने में की है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।



राजपुर चौकी में जलभराव के बीच बैठे पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### राजपुर की पुलिस चौकी में भरा बरसात का पानी

**राजपुर।** शुक्रवार शाम क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से कस्बे में जलभराव की भीषण समस्या हो गई। नगर पंचायत के कई वार्डों व पुलिस चौकी से जलनिकासी का प्रबंध न होने से लोगों को जलभराव से गुजरना पड़ा। राजपुर कस्बे में मुगल सड़क किनारे कई वर्षों से पुराने भवन में संचालित पुलिस चौकी में शुक्रवार शाम झमाझम बारिश का पानी भरने से भीषण जलभराव हो गया। जिससे पुलिस कर्मी परेशान रहे। इतना ही नहीं, वर्षों पुरानी पुलिस चौकी इमारत की दीवारों और छत से पानी टपकाने लगा, जिससे हादसे के अंदेशे व बरसाती पानी में जहरीले जीव-जंतुओं को लेकर पुलिस कर्मी भी सहमे नजर आए। कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाली चौकी परिसर में कई पुलिस कर्मी निवास भी करते हैं। ऐसे में जलभराव के बीच पुलिस कर्मी चौकी में बैठने को मजबूर है। मामले में चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी से जलनिकासी का प्रबंध नहीं है। जिससे चलते जलभराव की समस्या बनी हुई है। राजपुर ईओ निति त्रिपाठी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को भेजकर साफ-सफाई कराते हुए जल निकासी का प्रबंध किया जाएगा।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के बार्डर के शाखा जनवारा गांव के पास मुगल रोड में लोडर ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दंपति घायल हो गए। देवराहट थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह अपने पति गौरव (28) घाटमपुर के कुष्माण्डा देवी मंदिर के दर्शन करके लौट रही थी। तभी रेवना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा के पास मुगल रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दंपति सड़क में गिर कर घायल हो गए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि घायलों को घाटमपुर सीएससी भेजा गया है। वाहन को कब्जे में लेकर लोडर चालक घाटमपुर के शैलेंद्र पांडेय को हिरायत में लिया गया है।

### सरप्लस शिक्षकों की सूची न भेजने पर रिमाइंडर जारी

**कानपुर देहात।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के समायोजन पर तेजी से कार्य चल रहा है। नजदीकी ब्लॉकों से सबसे ज्यादा शिक्षकों के हटने के आसार हैं। विभाग की मानें तो जिले में करीब 500 शिक्षक समायोजन के दायरे में आएंगे और इन्हें ऐसे स्कूलों में भेजा जाएगा। जहां पर बच्चे ज्यादा व शिक्षक कम हैं। शिक्षक व बच्चों के बीच के अनुपात को देखते हुए विभाग शिक्षकों को समायोजित करेगा। समायोजन को लेकर शिक्षकों में भी डर है। क्योंकि वह नजदीक के स्कूलों में थे और अब उन्हें दूर के स्कूलों में जाना पड़ेगा। परिषदीय स्कूलों में छात्र एवं शिक्षकों की संख्या को देखते हुए शासन ने गत दिनों समायोजन करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद से जिले में इस पर तेजी से कार्य चल रहा है। फिलहाल खंड शिक्षा अधिकारियों ने अभी तक सरप्लस शिक्षकों का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है और न ही हार्ड कॉपी बीएसए कार्यालय को उपलब्ध कराई है। बीएसए ने आपत्ति जताते हुए सभी दस बीईओ को रिमाइंडर जारी किया है। मांगी गई सूचना में 31 मार्च 2024 की छात्र संख्या समायोजन का कवर होगा। जिसमें कक्षा पांच व कक्षा आठ की छात्र संख्या शामिल रहेगी। वास्तविक छात्र संख्या प्रेरणा पोर्टल शैक्षिक सत्र 2023-24 में समाहित है। कंपोजिट स्कूल में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक में अलग-अलग सरप्लस चिंहित किए जाएंगे। समायोजन का आधार जिले की सेवावधि मानी जाएगी, न कि विद्यालय स्तर की। बीएसए अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में समायोजन पर कार्य चल रहा है। सरप्लस शिक्षक निकाले जा रहे हैं। शासन से जो गाइडलाइन मिली है। उसी के आधार पर विभाग शिक्षकों को समायोजित करेगा। सभी बीईओ को रिमाइंडर जारी कर रिपोर्ट मांगी गई है।

## एक नजर

### रिहंद बिजलीघर की एक इकाई ठप

अमृत विचार,लखनऊ : रिहंद बिजलीघर की एक इकाई शुक्रवार को ठप हो गई। पहले से बंद चल रही इकाइयों समेत अब कुल 11 इकाइयां बंद होने से 1700 मेगावाट उत्पादन कम हो गया है। इससे बिजली संकट और गहरा गया है। ग्रामीण व बुंदेलखंड समेत नगर पंचायत व तहसील मुख्यालय क्षेत्रों में घोषित बिजली कटौती के जरिये स्थिति में काबू में की जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि रिहंद की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई के सात जुलाई होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद इकाइयों में ऊंचाहार की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट व ओबरा की 200 मेगावाट की इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं।

### मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य लिए मांगे गए आवेदन

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश में हरदोई समेत प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग महानिदेशालय द्वारा विज्ञापन जारी किया गया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा 26 जुलाई 2024 सायं पांच बजे तक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उप्र .लखनऊ में स्वीकार किए जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि फिरोजाबाद, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, मीरजापुर, औरैया, लखीमपुर खीरी, ललितपुर एवं जौनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति होनी है।

### नीट पीजी 2024 की परीक्षाएं होंगी 11 अगस्त को

अमृत विचार,लखनऊ : नीट पीजी 2024 की परीक्षा 11 अगस्त को होगी। परीक्षा एक ही दिन में, दो शिफ्टों में आयोजित होगी। यह जानकारी नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेस ने शुक्रवार को सार्वजनिक कर दी है। साथ ही स्पष्ट किया कि कट-ऑफ डेट पूर्व निर्धारित 15 अगस्त 2024 ही है, इसमे किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। मालूम हो कि पिछली बार 23 जून को होने वाली परीक्षा में गड़बड़ी की संभावनाओं को देखते हुए परीक्षा से करीब 12 घंटे पहले ही इसे कैंसिल कर दिया गया था।

# गांवों की बिजली आपूर्ति घटाने पर मांगा जवाब

## समय सारिणी में 24 से घटाकर 22 घंटे कर दी गई है गांवों की बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को शीघ्र जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**अमृत विचारः** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली आपूर्ति की समय सारिणी में गांवों की बिजली आपूर्ति छह घंटे घटाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने कॉरपोरेशन को शीघ्र जवाब दाखिल देने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर आयोग ने यह कार्रवाई की।

पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के लिए एक जुलाई से नई सारिणी लागू की है। इसके तहत गांवों में छह घंटे घोषित बिजली कटौती की जा रही है, जबकि इस माह के पहले भीषण गर्मी व भारी मांग के बावजूद गांवों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति किये जाने की व्यवस्था थी। बिजली की उपलब्धता कम होने पर एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली देने के प्रयास जारी रहे। इस माह मांग में कमी के बाद भी गांवों समेत नगर पंचायतों, तहसील मुख्यालयों व बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति घटा दी गई है। नगर पंचायतों व तहसील मुख्यालय क्षेत्रों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती की जा रही है। आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### समान रूप से बिजली पाने का अधिकार

दाखिल याचिका में उपभोक्ता परिषद ने कहा कि गांव व शहर के बिजली उपभोक्ता बराबर बिजली का मूल्य चुकाते हैं। इसमें अंतर केवल इतना है कि गांव के लिए सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 11 हजार से 14 करोड़ रुपये पावर कॉरपोरेशन को देती है। ऐसे में ग्रामीण व शहरी सभी को समान रूप से बिजली मिलने का अधिकार है। गांवों की बिजली काटकर कॉरपोरेशन उपभोक्ता अधिकार नियम का उल्लंघन कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि आयोग तत्काल हस्तक्षेप करे और जिन भी मशीनों को 'रिजर्व शटडाउन' दिया गया है व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, इसकी भरपाई कॉरपोरेशन से कराई जाए।

# नीट एमडीएस की काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण 10 से

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ सरकारी कॉलेजों के लिए 30 हजार रुपये करने होंगे जमा

**अमृत विचारः** नीट उत्तीर्ण कर चुके बीडीएस चिकित्सकों के लिए नीट एमडीएस 2024 की काउंसिलिंग 10 से 25 जुलाई के मध्य संपन्न होगी। काउंसलिंग की समय सारिणी चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने जारी कर दी है।

उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग के लिए 10 से 15 जुलाई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण के साथ ही धरोहर राशि भी जमा कराना होगा। सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए 30 हजार और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की काउंसलिंग में शामिल होने के लिए एक लाख रुपये जमा करने होंगे।

जिसके बाद धरोहर राशि जमा करने वालों की मेरिट सूची घोषित की जाएगी। 16 से 18 जुलाई तक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी, जिसके बाद 19 जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे और 25 जुलाई तक अभ्यर्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेना होगा।

# नई बिजली दरें के लिए 8 से शुरू होगी सुनवाई

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग आठ जुलाई से सुनवाई शुरू करेगा। पहली सुनवाई कानपुर में होगी।

केस्को की सुनवाई कानपुर में, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व एलएलडीसी की सुनवाई लखनऊ में, 11 जुलाई को मध्यांचल निगम की सुनवाई लखनऊ विद्युत नियामक आयोग सभागार में, 16 जुलाई को पूर्वांचल की सुनवाई वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल की सुनवाई आगरा में, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी की सुनवाई ग्रेटर नोएडा में और 20 जुलाई को पश्चिमांचल निगम की सुनवाई मेरठ में होगी।

# विद्यालयों में जांचें शिक्षकों की उपस्थिति: योगी

## मुख्यमंत्री ने बस्ती मंडल के अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ बस्ती

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारी सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें और विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच करें। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बस्ती में मंडल के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत बस्ती मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में परिजात का पौधा रोपा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में मंत्री, सांसदों, विधायकों व ब्लॉक प्रमुखों से मुलाकात की।

स्कूल चलो अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बच्चों का नामांकन ससमय कराना सुनिश्चित करें। बच्चों के यूनिफार्म व कापी-किताब समय से उपलब्ध करा दिया जाए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारियों को अस्पतालों में समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर चिकित्सकों की कमी है तो स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी के माध्यम से योग्य चिकित्सकों की तैनाती की जाए। दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



बस्ती जनपद के सर्किट हाउस में मंडल के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### मोहर्रम में अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णतः प्रतिबंध

मुख्यमंत्री ने आगामी त्योहारों को देखते हुए निर्देश दिया कि अभी से ही कार्ययोजना बना ली जाय। मोहर्रम में अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णत : प्रतिबंध रहेगा। मोहर्रम के दौरान जूलुस पर कड़ी निगाह रखें व लिखित रूप में अनुमति ले ली जाए। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान डीजे के आवाज की ऊंचाई मानक के अनुसार ही रखी जाय।

### संवेदनशील तटबंधों की निगरानी की जाए

मुख्यमंत्री ने बाढ़ से बचाव की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील तटबंधों की निगरानी रखी जाए। बाढ़ आने से पूर्व ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री वितरण के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए।

▶▶ वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत बस्ती मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में रोपा पारिजात का पौधा

### लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जाए

मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण महाअभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जाए। पौधों का वितरण जिम्मेदार व्यक्तियों को किया जाय, जो पौधरोपण करने के साथ-साथ इनका देख-भाल कर सकें। जनसहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए पौधों को गोद लिया जाए। पौधरोपण करते समय नाम की पट्टिका लगाई जाए। इसकी देखभाल करने का संकल्प लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वादों में एक से तीप वर्ष, तीन से पांच वर्ष व पांच वर्ष से अधिक लंबित मुकदमों का निस्तारण समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कर्मचारियों ने ही लूटे 3.5 करोड़ के गहने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ डीजीपी ने सोशल मीडिया में शेयर की सहारनपुर पुलिस की उपलब्धि

**अमृत विचारः** सहारनपुर पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ के गहनों के लूटकांड का खुलासा चार घंटे में कर दिया। पता चला कि सराफा व्यवसाई के कर्मचारियों ने ही पुलिस को लूटकांड की सूचना दी और जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि कर्मचारियों ने ही गहनों को हड़पने के उद्देश्य से षड्यंत्र किया था। खुलासा होने के बाद प्रदेश के डीजीपी ने सहारनपुर पुलिस की इस उपलब्धि को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

घटना सहारनपुर के नागल थाना क्षेत्र की है। सत्यम शर्मा द्वारा लूट के संबंध में दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की। पुलिस को बताया गया कि सत्यम (सराफा व्यापारी का कर्मचारी) और उनका ड्राइवर तरुण सैनी अंबाला से मेरठ जा रहे थे। उनके पास हीरे के गहने थे, जिसे मेरठ के एक व्यापारी तक पहुंचाना था। इसी दौरान रास्ते में 04 अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोक ली और गहनों को लूट लिया। इस दौरान सत्यम और ड्राइवर तरुण को हल्की चोटें भी आई और कार भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस टीम ने जब मामले की तफ्तीश की तो दोनों के बयानों में अंतर्विरोध दिखा। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि इस वारदात को इन्हीं दोनों ने अंजाम दिया है। पता चला कि सत्यम ने गहनों वाला बैग अपने साले को दे दिया था। इसके बाद पुलिस ने साले सहित तीनों को हिरासत में ले लिया गया। बैग भी बरामद किया। इस दौरान बैग में 36 हार, 20 ब्रेसलेट, 52 अंगूठी, 07 कंगन, 32 पेंडेंट, 73 कान के टॉप और 42 मंगलसूत्र सुरक्षित पाए गए। पुलिस ने इस घटना में सत्यम शर्मा, तरुण सैनी (कार चालक) हिमांशु उर्फ डिंपी पुत्र चंद्रशेखर, प्रिंस, कमरपाल को गिरफ्तार किया है।

# फर्जी पत्र से होने वाला नर्स का तबादला हुआ निरस्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ सीतापुर में हरदोई के विधायक के पत्र से हुआ था नर्स का स्थानांतरण

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग में होने वाले तबादलों में फर्जीवाडे का खुलासा हुआ है। हरदोई के विधायक आशीष कुमार सिंह के सिफारिशी पत्र पर, बिना मांग के सीतापुर की नर्स का तबादला गैर जिले में कर दिया गया है। जबकि नर्स ने विधायक से सिफारिश ही नहीं कराई। मामला संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य महानिदेशक ने तबादला निरस्त करते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

राजकीय नर्सेस संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि साजिश के तहत सीतापुर में सीएचसी मोहाली में तैनात नर्स रेखा अवस्थी का साजिश के तहत स्थानांतरण हरदोई जिले में कर दिया गया है। तगेक उपचारिका ने तबादले के लिए ऑन लाइन आवेदन भी नहीं किया था, बावजूद स्थानांतरण कर दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि नर्स द्वारा तबादले का विरोध करने पर स्वास्थ्य विभाग ने संबन्धित भाजपा विधायक आशीष कुमार आशु से संपर्क किया। बातचीत में सिफारिश पत्र के फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई, विधायक ने बताया कि वह स्वयं इस पत्र की जांच अपने स्तर से करा रहे हैं। फर्जी पत्र की पुष्टि होते ही स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने तत्काल प्रभाव से रेखा अवस्थी के तबादले को निरस्त करते हुए आदेश जारी कर दिया।

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के स्थानांतरण रुके

**अमृत विचार :** स्थानांतरण अवधि में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फार्मासिस्ट नेताओं के तबादले कर दिए गए। विरोध होने पर स्वास्थ्य महानिदेशक ने भूल सुधार करते हुए सात चीफ फार्मासिस्टों के नाम की संशोधित सूची जारी की है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि स्थानांतरण नीति के तहत फार्मासिस्टों की तबादला सूची जारी की गई थी। मगर, मान्यता प्राप्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट हैं, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नाम की जानकारी समय रहते उपलब्ध नहीं कराई गई थी। पता चलने पर संशोधित सूची कर दी गई है। संशोधित सूची में कई फार्मासिस्टों को वापस संबन्धित जिलों में जिला चिकित्सालयों में तैनाती दी गई है।

# अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान 8 से

**अमृत विचार,लखनऊः** मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप्र. परिवहन विभाग स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले एसे सभी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण इत्यादि की वैद्यता की जांच कराएगा। इसके लिए 8 जुलाई से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश जिलों में बिना फिटनेस या स्कूल के नाम बिना पंजीकृत, वाहनों का संचालन किया जा रहा। जिसके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# विदेशी पर्यटकों को पर्यटन स्थलों की मिलेगी जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी 'मेक माय ट्रिप' के बीच शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ है। इस समझौते से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ देशी-विदेशी पर्यटकों को उप्र. के अध्यात्मिक तथा धार्मिक पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी मिलेगी।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटकों के सुविधार्थ पर्यटन विभाग और मेक माय ट्रिप के बीच रणनीतिक साझेदारी हुई। इससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय समुदायों का विकास होगा। प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में मेक माय ट्रिप रणनीतिक साझेदार के रूप में सरकार के साथ मिलकर काम करेगा।

# 12 कमरों के ताले तोड़ 700 फाइलें कीं जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ ईडी कोलकाता इकाई के छापे में लगभग तीन करोड़ की नगदी भी बरामद

▶▶ सहारा इंडिया ग्रुप के कपूरथला स्थित कार्यालय में 60 अधिकारियों ने मारा था छापा

**अमृत विचारः** प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता इकाई द्वारा सहारा इंडिया ग्रुप पर की जा रही कार्रवाई शुक्रवार को समाप्त हो गई। इस दौरान राजधानी के कपूरथला स्थित कार्यालय से 2.98 करोड़ रुपए बरामद किए गए, जबकि 700 के करीब फाइलें जब्त की गई है। इस दौरान 12 कमरों के ताले तोड़ने की भी सूचना है।

सहारा इंडिया ग्रुप की ,हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी, के कोलकाता और लखनऊ स्थित छह ठिकानों पर बुधवार को छापा मारा गया था।

इस दौरान 60 से अधिक अधिकारी कार्रवाई के लिए पहुंचे हुए थे। सहारा के अधिकारियों द्वारा दस्तावेज देने में आना-कानी करने पर ईडी टीम द्वारा 12 कमरों के ताले तोड़कर 700 फर्जी कंपनियों के दस्तावेज कब्जे में लिए गए। 12 पेन ड्राइव में डिजिटल डाटा, 20 हार्डडिस्क भी कब्जे में लिए गए।

इसमें कई कीमती जमीनों की रजिस्ट्री के दस्तावेज भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक ईडी द्वारा जल्द ही सोसायटी और कंपनियों से जुड़े लोगों से पूछताछ भी कर सकती है।

## वर्ग पहेली-122

**बाएं से दाएं**

2.1.वेग से एक चीज़ को किसी दूसरी चीज़ में गिराना

4.एक प्रकार का विवाह या सगाई, विधवा स्त्री से किया जाने वाला विवाह।

6.1.क्षय, नाश 2.क्षीणता।

8.1.जो रोका न गया हो, अनिवारित 2.जिसके प्रति सावधानी न बरती गई हो, जिसकी देखभाल न की गई हो।

**ऊपर से नीचे**

1.सींची हुई ज़मीन।

3.1.किसी चीज़ को दो भागों में बांटने या काटने की क्रिया

4.1.कमीना, नीच 2.दोगला।

5.1.घबरा जाना, व्याकुल या विकल हो जाना 2.आतुर हो जाना।

7.1.जड़ 2.असावधान 3.जिसमें चेतना न हो 4.प्राणहीन 5.बेहोश।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | 3 | |
| 4 | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -121 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हं | 2 स | दी | प | क | ■ |
| ■ | जा | ■ | ■ | ■ | 3 ए |
| ■ | ती | ■ | 4 अ | ■ | य |
| 5 ज | य | ज | य | का | र |
| लं | ■ | ■ | ■ | ■ | टा |
| 6 ध | जी | ला | ■ | ■ | इ |
| र | ■ | ■ | 7 घूँ | घ | ट |

## सुडोकू -35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | 8 | | 2 | | | 1 | 5 |
| 2 | | 4 | 1 | | | 3 | | 9 |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| 5 | 6 | | | | | | 9 | 3 |
| | | | 5 | | | 8 | | |
| 3 | | 5 | | | 4 | 1 | | 6 |
| 7 | 4 | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | 1 | | 5 | | |

### सुडोकू -34 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 7 जुलाई 04 .25 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 7 जुलाई 4 .48 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** आज का दिन सरकारी अधिकारियों के लिए आपाधापी से भरा हो सकता है तथा काम के बोझ के कारण उन्हें तनाव भी होगा। आपके अंदर दया का भाव जागृत होगा,जो समाज सेवा की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ रोमांटिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकता हैं।

**वृष** आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा,लेकिन यदि आप 11 वीं या 12 वीं कक्षा में हैं तो आप अपने भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। ऐसे में आप ऐसे विषयों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे,जो भविष्य में आपके काम आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**मिथुन** आज के दिन अपने लिए नए क्षेत्र चुनने होंगे,जिससे उनके अनुभव में वृद्धि होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का मन भी नई चीजों के प्रति आकर्षित होगा,जिससे उनका मन अपने काम में नहीं लगेगा। आप अपने काम के प्रति चिढ़चिढ़ा रवैया भी अपना सकते हैं।

**कर्क** आज के दिन लाभ कमाने के लिए आपको ज्यादा परिश्रम करने की आवश्यकता है। भाई या बहन का भी साथ मिल सकता है,जिससे आपको सहायता मिलेगी। इस दौरान आप थकान का भी अनुभव कर सकते हैं,जिससे मानसिक तनाव भी हो सकता है।

**सिंह** आज का दिन उत्तम रहेगा व उन पर अपने माता-पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। कुछ क्षेत्रों में उन्हें असफलता हाथ लग सकती है,लेकिन आत्मविश्वास पहले की तुलना में मजबूत होगा। ऐसे समय में किसी भी समस्या का डटकर सामना करें।

**कन्या** आज यदि आप शेयर बाजार में पैसों को निवेश करते रहते हैं तो संभल कर पैसा लगाएं ,क्योंकि कहीं से बड़ा नुकसान होने की संभावना है। जीवनसाथी के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। आप अपने परिजनों को काफी समय देंगे।

**तुला** आज के दिन आपका अपनी माता के साथ वैचारिक रूप से मतभेद हो सकता है,जिससे घर में तनाव का माहौल रहेगा। इस दौरान आपकी माता का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है,जिससे मन विचलित रहेगा।

**वृश्चिक** आज यदि आपको पहले से कोई समस्या है तो उससे आराम मिलेगा तथा स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। बीपी और शुगर के रोगी बाहर का खाना खाने से बचें और घर पर पौष्टिक आहार का ही सेवन करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** आज यदि आप अपने साथी से दूर हैं तो उन्हें आपकी चिंता रहेगी। ऐसे में स्वयं के स्वभाव को सरल रखें तथा अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित कर पाएंगे।

**मकर** आज आप अपनी कार्यशैली में व्यापक बदलाव कर सकते हैं। साथ ही शारीरिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। कानूनी मामलों को लेकर आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। भाई-बहन को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्र अपने लिए नए मार्गदर्शक की खोज में रहेंगे,जिससे वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकें। आपको कहीं से काम करने का अवसर प्राप्त होगा जिसे हाथ से न जाने दें,क्योंकि भविष्य की दृष्टि से यह आपके लिए सहायक सिद्ध होगा।

**मीन** आज आप अपने प्रेम जीवन के प्रति नीरस भाव रखेंगे तथा साथी के प्रति रुचि कम होगी। किंतु आपका पार्टनर आपको भलीभांति समझेगा,जिससे उनका साथ आपको मिलेगा। आय की स्थिति काफी अच्छी रहेगी। इच्छित कार्य समय से पूरे हो जाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दीवाना मस्ताना — सुबह : 11 .45
यमला पगला दीवाना — शाम : 06 .17

&pictures
द कराटे किड — सुबह :10 .39
द कश्मीर फाइल्स — रात : 08 .00

SONY PIX
गॉडजिला — सुबह : 10 .57
वेनम — शाम : 06 .51

ZEE CINEMA
तारे जमीन पर — सुबह : 10 .26
समय 2 — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
तो बात पक्की — सुबह : 09 .55
पद्मावत — रात : 09 .47

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई।
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिए पर गिर गई थी।
और आंख लग गई थी।

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?
स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है।
टीचर-अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?
स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं और डरता तो मैं किसी से भी नहीं।



| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,996.60 | 24,323.85 |
| बढ़त/गिरावट | 53.07 | 21.70 |
| प्रतिशत में | 0.07 | 0.09 |

## मैंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग- 1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2400-2410 |
| आर. आर.21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 6300 -6400 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -3800 |
| उड़दहरा | 11000 -11500 |
| उड़दकाला | 8000 -9000 |
| मूंग | 7800 -8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 16500-16600 |
| अरहर स्पेशल | 14300-14400 |
| चना दाल | 7750-7850 |
| मटर दाल | 4700-4800 |
| मसूर मलका | 7150-7200 |
| मसूर दाल | 7400-7450 |
| उड़द दाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8100 -9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती न02. | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1450 |

# रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर : मंत्रालय

## भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करना सरकार की प्रतिबद्धता : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी



● वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य था 1,08,684 करोड़ रुपये

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ था।

सिंह ने एक्स पर लिखा कि भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन पर, आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### गत वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की है। रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो गत वित्त वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से 79.2% योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8% का योगदान निजी क्षेत्र का रहा। निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है।

# प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 10% हुई महंगी

मुंबई, एजेंसी



शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट रोटी राइस रेट के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है। शाकाहारी थाली की कीमत में वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30%, आलू में 59% और प्याज में 46% की वृद्धि को बताया गया है। प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश से आलू की पैदावार कम हुई। कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में उच्च तापमान से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35% कम हुई। वहीं चावल की कीमतों में 13% और दालों में 22% की वृद्धि हुई।

मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि गत वर्ष जून में 60.5 रुपये थी। मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में 14% की कमी आई है।

### टमाटर की कीमत 80 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से आपूर्ति कम होने के कारण दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमतें 70-80 रुपये प्रति किग्रा तक पहुंच गई हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में फलों और सब्जियों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी अपने खुदरा केंद्र सफल पर 75 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेच रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलो टमाटरों की बिक्री कर रहे हैं। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि पहाड़ी इलाकों के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ने से फसल प्रभावित हुई है। उपज कम होने से खुदरा बाजारों में टमाटर की आपूर्ति सीमित हो गई है और कीमतों में उछाल आया है। ऑनलाइन मंच ओटिपी और ब्लिंकिट पर टमाटर की बिक्री 80 रुपये प्रति किलो के भाव पर की जा रही है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74575 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55550-55750 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,300 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर (पक्की) | 905 (अनुमानित) |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,900 |
| सोना रवा | 72,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह ये 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था।


रिजर्व बैंक के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

# नायडू ने वित्त मंत्री से कर्ज में डूबे आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की मदद करने का आह्वान किया। नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में नायडू ने आंध्र की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता मांगी। तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री भी बैठक में शामिल हुए।

राज्य सरकार के अनुसार, आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02% से बढ़कर 2023-24 में 33.32% हो गया है। यह राज्य के राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है। नायडू की प्रमुख मांगों में पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए धन, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता तथा नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए समर्थन शामिल है। सीतारमण ने नायडू की चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह व्यापक वित्तीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांगों पर विचार करेंगी।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू।

# रिजर्व बैंक ने विनिर्माण कंपनियों का तिमाही सर्वेक्षण किया शुरू

मुंबई, एजेंसी

● मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण की भूमिका अहम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के ऑर्डर बुक, भंडार और क्षमता उपयोग का तिमाही सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा शुक्रवार को की। मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका काफी अहम होती है।

रिजर्व बैंक 2008 से ही तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर बुक, भंडार में मौजूद माल और क्षमता के इस्तेमाल संबंधी (ओबिकस) सर्वेक्षण संचालित करता रहा है। इस सर्वेक्षण में एकत्र की गई जानकारी में संदर्भ तिमाही (अप्रैल-जून 2024) के दौरान कंपनियों को मिले नए ऑर्डर, तिमाही की शुरुआत में ऑर्डर की स्थिति, तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर, तिमाही के अंत में तैयार माल, कार्य-प्रगति और कच्चे माल के स्टॉक समेत कुल भंडार शामिल हैं। तिमाही के दौरान मात्रा और मूल्य के संदर्भ में मदवार उत्पादन, लक्षित समूह से स्थापित क्षमता और तिमाही के दौरान उत्पादन/स्थापित क्षमता में परिवर्तन के कारणों को भी एकत्र किया जाता है। प्रतिक्रियाओं से क्षमता उपयोग के स्तर का अनुमान लगाया जाता है।



## एक नजर

### सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश

**रांची।** न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति अधिपत्र पढ़ा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त था।

### अमृतसर में आधा किलो हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से अमृतसर सीमा पर एक पैकेट हेरोइन बरामद की। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि 4 जुलाई को देर शाम बीएसएफ की खुफिया शाखा ने अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों के पैकेट की मौजूदगी के बारे में जानकारी साझा की। बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान रात में जवानों ने अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव से सटे इलाके से एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन-550 ग्राम) को बरामद किया।

### पश्चिम बंगाल में मिला द्वितीय विश्व युद्ध का बम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि झाड़ग्राम जिले में एक खुले मैदान में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिला जो फटा नहीं था और उसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। एक्स पर अभियान की तस्वीर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मशीनरी ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

### राव का इस्तीफा, रास में एक और सीट खाली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को एक नई रिक्ति पैदा हो गई जब सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने के केशव राव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी थी। राव 2020 से तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सदस्य थे। वह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को संसद के ऊपरी सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

# मोदी ने दूरसंचार कंपनियों को 34,824 करोड़ रुपये वसूलने की दी छूट : कांग्रेस

## मोबाइल शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर किया कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दूरसंचार क्षेत्र की तीन प्रमुख कंपनियों द्वारा शुल्क दर में बढ़ोतरी किए जाने के बाद शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 109 करोड़ सेल फोन उपभोक्ताओं की जेब से 34,824 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति क्यों दी? हाल ही में तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने ढाई साल के अंतराल के बाद मूल्य वृद्धि की घोषणा की। सबसे पहले सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो ने यह कदम उठाया। सुरजेवाला ने कहा कि हिंदुस्तान के सेल फोन मार्केट में सिर्फ तीन सेल फोन ऑपरेटर हैं। रिलायंस जियो के 48 करोड़, एयरटेल के 39 करोड़ व वोडाफोन आइडिया के 22 करोड़ 37 लाख उपभोक्ता हैं।

ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार सेल फोन कंपनियां अपने हर सेल फोन ग्राहक से 152.55 पैसे प्रति माह कमाती हैं। उन्होंने कहा कि 27 जून को रिलायंस जियो ने अपने रेट 12 से 27% बढ़ा दिए। 8 जून को एयरटेल ने अपने रेट 11 से 21% बढ़ा दिए। 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने भी अपने रेट 10 से 24% बढ़ा दिए। सुरजेवाला का कहना था कि साफ है कि तीनों कंपनियों ने सलाह कर सिर्फ 72 घंटे में सेलफोन की शुल्क दर बढ़ाने की घोषणा की। अगर हम सेल फोन कंपनियों का औसत देखें तो पता चलेगा कि रिलायंस जियो के हर यूजर पर 30.51 रुपये की बढ़त हुई है। यानी सालाना 17,568 करोड़ रुपये अतिरिक्त वूसल किए जाएंगे।



● मोदी के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है : रणदीप सुरजेवाला

# कानूनी मान्यता से इनकार के फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**समलैंगिक विवाह**

● पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले की करेगी समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई के अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी। पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा कक्ष में विचार किया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा होंगे। समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है। साथ ही न्यायालय ने कहा था कि कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया था ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

## बंगाल के विस अध्यक्ष ने टीएमसी के दो विधायकों को दिलाई शपथ

### उपाध्यक्ष ने किया इनकार

**कोलकाता।** प. बंगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष के बदले अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा के उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया था। राजभवन और विधानसभा के बीच चले गतिरोध के बाद, दोनों विधायक रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ दिलाई गई। हुसैन सरकार मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक हैं जबकि सयंतिका बनर्जी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बारानगर से विधायक हैं।

गुरुवार शाम को राज्यपाल बोस ने उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया। उनका रुख था कि विधायकों को राजभवन में शपथ दिलाई जाएगी। उपाध्यक्ष ने खुद को कार्यक्रम से अलग कर लिया और कहा कि जब अध्यक्ष आसन पर मौजूद हों तो उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाना नियमों के खिलाफ है। उपाध्यक्ष की अपील के बाद बिमान बनर्जी ने दोनों विधायकों को सदन में बुलाया और शपथ दिलाई।

## केरल के त्रिशूर में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैला, सूअरों को मारने के आदेश जारी

**त्रिशूर (केरल)।** त्रिशूर जिले के गांव में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैलने के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अफ्रीकी स्वाइन फीवर एक जानलेवा और संक्रामक रोग है जो पालतू और जंगली सूअरों को अपनी चपेट में ले लेता है। यह संक्रमित सूअर के शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ के प्रत्यक्ष संपर्क में आने पर एक सूअर से दूसरे सूअर में आसानी से फैल सकता है। अधिकारी ने बताया कि त्रिशूर के जिलाधिकारी ने त्रिशूर जिले के मदक्कथारा पंचायत में एक निजी फार्म के 310 सूअरों को मारने का आदेश दिया है। वेलियंथारा के 14वें वार्ड में कुट्टालपुझा बाबू के स्वामित्व वाले सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। जिलाधिकारी ने जिला पशुपालन अधिकारी को सूअरों को मारकर दफनाने का निर्देश दिया है। इसमें बताया गया कि चिकित्सकों, पशुधन निरीक्षकों और परिचारकों का दल सूअरों को मारने की प्रक्रिया में शामिल होगा और इसके बाद प्राथमिक संक्रमण रोधी उपाय भी किए जाएंगे।

## असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

गुवाहाटी, एजेंसी

● राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के ऊपर, 22 लाख लोग प्रभावित
● डिब्रूगढ़ आठ दिनों से जलमग्न बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप

असम में शुक्रवार को बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई तथा राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। असम में लगभग 22 लाख लोग बाढ़ के कारण प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने डिब्रूगढ़ शहर की स्थिति की समीक्षा की। यह जिला पिछले आठ दिनों से जलमग्न है और यहां बिजली व्यवस्था भी ठप पड़ी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, हम डिब्रूगढ़ शहर में जलभराव की समस्या का समाधान निकालने के लिए विशेषज्ञों और स्थानीय निवासियों की मदद लेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि नालियों के जाम होने के कारण डिब्रूगढ़ में जलभराव हो गया है तथा ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे पानी की निकासी में दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री शर्मा से बिजली आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है ताकि करंट लगने जैसी किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को सार्वजनिक घोषणा करके बिजली आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया ताकि लोग सतर्क रहें।

## भाजपा काम रोको अभियान के तहत स्कूली शिक्षा बर्बाद कर रही : आप

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पांच हजार शिक्षकों के तबादले के आदेश पर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर केजरीवाल सरकार द्वारा विकसित शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राय ने कहा कि आप सरकार के काम में बाधा उत्पन्न करने के लिए भाजपा का काम रोको अभियान जारी है। शिक्षा निदेशालय ने 11 जून को ऑनलाइन अनुरोध शीर्षक से जारी परिपत्र के तहत जिन शिक्षकों ने एक ही स्कूल में 10 वर्ष से अधिक सेवा दी है उन्हें आवेदन करना होगा अन्यथा उन्हें स्थानांतरित किया जाएगा।

## प्रज्वल की जमानत पर एसआईटी दर्ज कराए आपत्ति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया कि वह जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

रेवन्ना पर कई महिलाओं से दुष्कर्म और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा कि अदालत में आपत्ति दर्ज कराई जाए। विशेष अदालत ने 26 जून को रेवन्ना की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

## महिला आयोग ने मोइत्रा पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष पर टिप्पणी के बाद टीएमसी सांसद कार्रवाई को आयोग ने पुलिस से कहा

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा है। एक्स पर जारी वीडियो पर टीएमसी सांसद के टिप्पणी के एक दिन बाद आयोग ने यह रुख अख्तियार किया।

वीडियो में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ के स्थल पर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष को दिखाया गया था जिस पर महुआ ने लिखा, वह अपने बॉस का पजामा संभालने में व्यस्त हैं।

एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर कहा, टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के महिला के अधिकार का उल्लंघन है। आयोग ने पाया कि यह टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के अंतर्गत आती है। वह टिप्पणियों की निंदा करता है और मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई चाहता है। एनसीडब्ल्यू ने लिखा, मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए और तीन दिनों में आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट से अवगत कराया जाना चाहिए।

# जंगलों, नदियों-नालों के रखरखाव को लेकर हाईकोर्ट नाराज

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने समय रहते राष्ट्रीय राजमार्गों सहित जंगलों, नदियों और नालों का उचित रखरखाव न करने पर चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि 12 जून, 2024 को अदालत के आदेश के बावजूद ब्यास नदी के तल के बीच से चट्टानों और पत्थरों को नहीं हटाया गया है। इन पत्थरों से पानी के टकराने से बहाव नदी तट तक आ जाता है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। जंगलों में फेंके गए मलबे से भूमि कटाव होता है और नदियों-नालों का बहाव रुक जाता है। यह सामान्य ज्ञान की बात है, इसलिए हर बार एनएचएआई द्वारा स्थिति को स्टडी करने के बाद एक्शन में आने की बात समझ से परे है।

अदालत ने स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि उन्हें एनएचएआई का नदी की स्थिति की स्टडी करने के बाद यह कहना स्वीकार्य नहीं है कि मानसून के दौरान नदी से पत्थरों और चट्टानों को नहीं हटाया जा सकता है, क्योंकि एनएचएआई के पास जून का पूरा महीना था। जब मानसून ने हिमाचल प्रदेश को नहीं छुआ था लेकिन एनएचएआई ने कुछ भी नहीं किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि एनएचएआई की इस निष्क्रियता के कारण कोई अप्रिय घटना होती है, तो एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ उचित निर्देश जारी किया जाएगा। मामले पर अगली सुनवाई पहली अगस्त को निर्धारित की गई है।



● एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयकी ने दी चेतावनी

### कोर्ट ने 12 जून को राज्य सरकार को दिया था आदेश

मामले में न्यायालय ने गत 12 जून को राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों की स्थिति अच्छी बनी रहे, ताकि नागरिकों को भोजन, ईंधन इत्यादि की आपूर्ति बनाई रखी जा सके। एनएचएआई को भी आदेश दिए थे कि वह भी बरसात से पहले ब्यास नदी के बीच से पथरों और चट्टानों को हटाए, ताकि नदी के बहाव तट से टकराकर राष्ट्रीय राजमार्ग को कोई नुकसान न पहुंचा सके। प्रदेश में पिछले वर्ष हुई भारी बरसात से सैकड़ों सडकें तबाह हो गई थीं। न्यायालय ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग का आपदा से पहले जागना जरूरी है। आपदा के बाद जागने से धन का दुरुपयोग होता है।


प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टॉर्मर का स्वागत करते नागरिक। ● एजेंसी


डाउनटाउन आवास में पत्नी के साथ नवनियुक्त प्रधानमंत्री खुशी जाहिर करते हुए। ● एजेंसी


आ अब लौट चलें....डाउनटाउन छोड़ने के बाद पत्नी अक्षिता के साथ ऋषि सुनक।

# स्टार्मर ने देश के पुनर्निर्माण का किया वादा

## कंजर्वेटिव पर भारी पड़ी लेबर पार्टी, 14 साल बाद सत्ता परिवर्तन

## 200 से अधिक सीट की बढ़त के साथ लेबर पार्टी को मिली जीत

## सुनक ने महाराजा से मिलकर दिया इस्तीफा, ब्रिटेन के लोगों से माफी मांगी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को अपने पहले भाषण में आम चुनाव में लेबर पार्टी की भारी जीत के बाद देश के हृदय में निराशा को ठीक करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का वादा किया। आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टार्मर ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा हमारा काम अत्यावश्यक है और हम इसे आज से ही शुरू कर रहे हैं। देश के पहले एशियाई प्रधानमंत्री बनने के लिए पूर्ववर्ती ऋषि सुनक द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रयास को स्टार्मर (61) ने मान्यता दी।

ब्रिटेन के आम चुनाव के तहत गुरुवार को मतदान हुआ था। लेबर पार्टी को 200 से अधिक सीट की बढ़त के साथ भारी जीत दिलाने के बाद स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने और उन्होंने ऋषि सुनक की जगह ली। स्टार्मर ने सरकार बनाने के लिए एक समारोह में महाराजा चार्ल्स तृतीय की अनुमति प्राप्त की। इससे पहले, 44 वर्षीय ऋषि सुनक ने महाराजा से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। स्टार्मर ने कहा कि देश ने परिवर्तन के लिए और सार्वजनिक सेवा में राजनीति की वापसी के लिए निर्णायक रूप से मतदान किया। उन्होंने कहा, जब लोगों द्वारा किए गए त्याग और राजनीतिक नेताओं से प्राप्त सेवा के बीच अंतर काफी बढ़ जाता है, तो इससे राष्ट्र के हृदय में निराशा उत्पन्न हो जाता है, आशा, भावना, बेहतर भविष्य में विश्वास खत्म हो जाता है। हमें एक साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। स्टार्मर ने कहा कि यह घाव केवल कार्रवाई से ठीक किया जा सकता है, शब्दों से नहीं। उन्होंने कहा कि वह इस साधारण स्वीकारोक्ति के साथ तुरंत काम शुरू करने का इरादा रखते हैं कि सार्वजनिक सेवा विशेषाधिकार है व इस सरकार को इस देश में हर एक व्यक्ति के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। स्टार्मर ने देश के बनुयादी ढांचे का पुनर्निर्माण करने का वादा किया। आपने हमें स्पष्ट जनादेश दिया है।


महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री।

### डाउनटाउन को छोड़ते समय भावुक हुए सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को कहा कि आम चुनाव में अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए वह कंजर्वेटिव पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे। इसके साथ ही सुनक ने उन दिवाली उत्सवों को याद किया जो उन्होंने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आवास) पर अपने परिवार के साथ मनाए थे। सुनक (44) का कार्यकाल करीब 20 महीना रहा और प्रधानमंत्री के रूप में अपने विदाई भाषण में वह भावुक हो गए। उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी लेकिन जोर दिया कि उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री पूरे समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों से भी माफी मांगी जो चुनाव में हार गए। सुनक ने कहा सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे खेद है। मैंने इस पद पर पूरी ईमानदारी से काम किया, लेकिन आपने स्पष्ट संकेत दे दिया कि ब्रिटेन की सरकार को बदलना होगा। इस दौरान सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति भी मौजूद थीं।

### सत्ता परिवर्तन से एफटीए में कुछ संशोधन संभव

**नई दिल्ली।** सत्ता परिवर्तन से ब्रिटेन और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, इसमें मामूली बदलाव हो सकते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि लेबर पार्टी एफटीए के फायदों को पहचानेगी, क्योंकि इससे उच्च टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए तेजी से बढ़ते और बड़े भारतीय बाजार तक पहुंच मिलती है।

### निगेल फराज आठवें प्रयास में बने सांसद

**लंदन।** निगेल फराज अपने आठवें प्रयास में ब्रिटेन की किसी संसदीय सीट से निर्वाचित होने में कामयाब हो गए। वह क्लैक्टन से जीत हासिल करके पहली बार सांसद बने हैं।



फराज की कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में चार सीट पर जीत हासिल की है। द गार्जियन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक फराज (60) ने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार जाइल्स वाटलिंग को हराया। वाटलिंग 2017 से एसेक्स के इस तटीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। फराज को 21,225 वोट मिले जबकि वाटलिंग को 12,820 वोट मिले और उन्होंने फराज को 8,405 वोट के अंतर से हराया। क्लैक्टन निर्वाचन क्षेत्र को रिफॉर्म यूके पार्टी की सबसे अच्छी उम्मीद माना जाता था। वर्ष 2015 के आम चुनाव में इस निर्वाचन क्षेत्र से डगलस कार्सवेल ने जीत हासिल की थी। कार्सवेल ने पिछले साल कंजर्वेटिव पार्टी से अलग होने के बाद उपचुनाव के दौरान इस सीट को सफलतापूर्वक बरकरार रखा था।

### दुनिया भर के नेताओं ने दी बधाई

**लंदन।** प्रधानमंत्री मोदी ने स्टॉर्मर को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक तथा रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई। साथ ही सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके सक्रिय योगदान के प्रति आभार जताया।

**आस्ट्रेलिया :** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि वह लेबर पार्टी की सरकार के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए उत्सुक हैं।

**इटली :** प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा इटली व ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंध है और मुझे विश्वास है कि हम अपने नागरिकों के हित में प्रगाढ़ संबंध विकसित करना जारी रखेंगे।

**नार्वे :** नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने स्टॉर्मर और लेबर पार्टी को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

## बड़ी संख्या में चुने गए भारतीय मूल के सांसद

- 26 सांसद संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए
- सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन क्षेत्र में भारतीयों की जीत का किया नेतृत्व

**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में भारतीय मूल के लगभग 26 सांसद वहां की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र में निर्णायक जीत के साथ ब्रिटिश भारतीयों की जीत का नेतृत्व किया है। सुनक ने एक संदेश में कहा इस मुश्किल समय में मैं रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे लगातार समर्थन दिया है। एक दशक पहले जब मैं यहां आया था तब से आपने मुझे और मेरे परिवार को घर जैसा महसूस कराया है और मैं आने वाले वर्षों में आपकी सेवा करने के लिए उत्सुक हूं। अपनी सीट फिर से जीतने वाले अन्य प्रमुख ब्रिटिश भारतीय टोरी नेताओं में पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन और प्रीति पटेल शामिल हैं। गगन महिंद्रा ने कंजर्वेटिव पार्टी के लिए अपनी साउथ वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट पर जीत हासिल की। वहीं शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त की। वह यहां से भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में थीं। चुनाव परिणामों से पता चलता है कि लेबर पार्टी में सबसे अधिक संख्या में भारतीय प्रवासी उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

## प्रंचड 12 जुलाई को करेंगे बहुमत परीक्षण का सामना

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 12 जुलाई को प्रतिनिधि सभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे। गुरुवार को इसकी घोषणा की गई। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने समर्थन वापस ले लिया था। प्रधानमंत्री ने संसद सचिव को एक पत्र लिखकर बहुमत परीक्षण के लिए मतदान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

काठमांडू पोस्ट की खबर में कहा गया है दाहाल ने संविधान के अनुच्छेद 100 (2) के तहत बहुमत परीक्षण कराने का अनुरोध किया है, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री जिस दल का नेतृत्व कर रहे हैं, अगर वह विभाजित हो जाता है या कोई राजनीतिक दल गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन में प्रतिनिधि सभा में बहुमत साबित करने के लिए प्रस्ताव पेश करना होगा।

नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओलि ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार को समझौता किया था। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के 89 जबकि सीपीएन-यूएमएल के 78 सदस्य हैं। प्रचंड की सीपीएन-एमसी के 32 सांसद हैं।

## तुर्की में 45 आईएस संदिग्ध हिरासत में

**अंकारा।** तुर्की पुलिस ने आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े होने के संदेह में 45 लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा आईएस के खिलाफ अभियान के परिणामस्वरूप कुल 81 में से 16 प्रांतों में 45 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। यह अभियान इस्तांबुल, अंताल्या और अंकारा और अन्य स्थानों पर चलाया गया। येरलिकाया ने बताया कि छापे के दौरान बड़ी संख्या में मुद्रा और डिजिटल डेटा जब्त किया गया।

## एक नजर

### पाक में पर्यावरण के नमूनों में मिला पोलियो वायरस

**इस्लामाबाद** पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दो नए जिलों के साथ-साथ तीन प्रांतों के छह पहले से संक्रमित जिलों के सीवेज नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 का पता चला है। मंत्रालय ने कहा कि इस वायरस का पता 10 से 12 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर, सिबी, केच, डुक्की, उस्ता मुहम्मद और मस्तुंग जिलों, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी जिले और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले से एकत्र किए गए पर्यावरण नमूनों से लगाया गया था।

### वेटिकन ने अपने पूर्व राजदूत को किया बहिष्कृता

**रोम।** वेटिकन ने अमेरिका में अपने पूर्व राजदूत आर्कबिशप कार्लो मारिया विगानो को विभाजन का दोषी पाते हुए, बहिष्कृत कर दिया है। यह पोप फ्रांसिस के सबसे प्रबल आलोचकों में गिने जाने वाले उग्र रूढ़िवादी (विगानो) के लिए अपरिहार्य अंत है। शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि वेटिकन के सिद्धांत कार्यालय ने गुरुवार को अपने सदस्यों की बैठक के बाद यह प्रतिबंध लगाया।

### इजरायली हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन के उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर में इजरायली हवाई हमले और गोलीबारी में सात फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### पाकिस्तान के पंजाब में सोशल मीडिया पर छह दिन प्रतिबंध

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने इस्लामी महीने मुहर्रम के दौरान नफरत फैलाने वाली सामग्री को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंच यूट्यूब, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर 13 से 18 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। पंजाब सरकार की ओर से जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री मरियम नवाज की कानून एवं व्यवस्था संबंधी कैबिनेट समिति ने 12 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।

## रूसी क्षेत्र में 50 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट

**मॉस्को।** रूस की हवाई सुरक्षा ने रात भर में तीन रूसी क्षेत्रों में 50 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा पिछली रात के दौरान जब कीव शासन ने रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया,।

ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने क्रास्नोडार क्षेत्र में 14 यूएवी, ज़ापोरोज़े के ऊपर 26 यूएवी को नष्ट कर दिया और रोस्तोव क्षेत्र में 10 यूएवी को भी नष्ट कर दिया। रूस 24 फरवरी 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। पुतिन ने कहा है कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आठ वर्षों तक कीव शासन द्वारा नरसंहार के शिकार लोगों की रक्षा करना है। राष्ट्रपति के अनुसार, ऑपरेशन का अंतिम लक्ष्य डोनबास को आज़ाद कराना है और अपने देश की सुरक्षा के लिए शान्ति बनाये रखना है। इधर रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र के बंदरगाह शहर प्रिमोर्सको-अख्तरस्क पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों के ड्रोन हमले के बाद एक बच्ची की मौत हो गयी।

## रूसी सेना में भारतीयों का मुद्दा उठाएंगे मोदी

- सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे और वह रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ बातचीत में भारतीय नौजवानों के रूसी सेना में भर्ती होकर यूक्रेन के मोर्चे पर भेजे जाने का मुद्दा उठायेंगे और ऐसे सभी भारतीय युवाओं को मुक्त कर स्वदेश भेजने का भी अनुरोध करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

इस मौके पर विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर, अतिरिक्त सचिव (यूरेशिया) चरणजीत सिंह और अतिरिक्त सचिव (मध्य यूरोप) अरुण कुमार भी मौजूद थे। क्वात्रा ने प्रधानमंत्री की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री का सोमवार को दोपहर में मॉस्को पहुंचने का कार्यक्रम है। मोदी के सम्मान में सोमवार 8 जुलाई को राष्ट्रपति एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद मोदी मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। इन कार्यक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक एकांत में बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी नौ जुलाई को दोपहर बाद मास्को से विएना जाएंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर मोदी 9-10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे।

### पुतिन से बातचीत के लिए हंगरी के प्रधानमंत्री पहुंचे मॉस्को



**बुडापेस्ट (हंगरी)।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ वार्ता के लिए मॉस्को पहुंचे। ओरबान के प्रेस प्रमुख ने शुक्रवार को बताया कि दो वर्ष से अधिक समय पहले यूक्रेन पर आक्रमण के बाद किसी यूरोपीय नेता की यह रूस की दुर्लभ यात्रा है। ओरबान की यह यात्रा यूक्रेन की इसी तरह की अघोषित यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी और प्रस्ताव रखा था कि यूक्रेन रूस के साथ तत्काल युद्ध विराम पर विचार करे। यूरोपीय संघ में पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले ओरबान ने यूक्रेन की सहायता करने तथा युद्ध के लिए मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के प्रयासों को नियमित रूप से अवरुद्ध, विलंबित या कमजोर किया है। वह लंबे समय से यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसका देश की क्षेत्रीय अखंडता या भविष्य की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

## मीटू अभियान में फ्रांसीसी निर्देशक पर आरोप तय

**पेरिस।** एक प्रमुख फ्रांसीसी फिल्म निर्देशक पर महिला कलाकारों से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे फ्रांसीसी न्यायाधीश ने दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और हिंसा के प्रारंभिक आरोप तय किए हैं। पेरिस में अभियोजक कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बेनोइट जैक्वॉट को 50 से ज्यादा फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्देशन का श्रेय दिया जाता है।

फ्रांसीसी फिल्म उद्योग और उसके इतर यौन शोषण और शारीरिक दुर्व्यवहार के मामले में उनका नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभरा है। फ्रांसीसी अभिनेत्री जूडिथ गॉडरेच ने आरोप लगाया है कि जैक्वॉट ने उनके साथ छह साल तक बलात्कार किया और शारीरिक शोषण किया। यह सिलसिला तब शुरू हुआ, जब वह 14 साल की थीं। गॉडरेच ने 'मीटू' लहर शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभायी थी। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि अभिनेत्री इसिल्ड ले बेस्को और एक अन्य अभिनेत्री द्वारा जैक्वॉट के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे न्यायाधीश कर रहे हैं।

## ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए पुनः मतदान प्रारंभ

- राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद देश में हो रहे चुनाव

दुबई, एजेंसी

ईरान में पिछले महीने एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद शुक्रवार को देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं जिसमें मुकाबला कट्टरपंथी परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और सुधारवादी मसूद पेजेश्कियन के बीच है। इससे पहले 28 जून को मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले जिसके कारण दोबारा मतदान कराए जा रहे हैं।

जेल में बंद नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित कई लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है। मतदाताओं को कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन तथा लंबे समय से संसद सदस्य रहे मसूद पेजेश्कियन के बीच चुनाव करना है जिन्होंने सुधारवादियों और ईरान के शिया धर्मतंत्र में उदारवादियों के साथ खुद को जोड़ा है। देश के गृह मंत्री अहमद वहीद के पास चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने का जिम्मा है और उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र सुबह आठ बजे खुल गए। देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने अपने आवास में मतदान किया। उन्होंने कहा मुझे पता चला है कि लोगों में पहले से अधिक उत्साह है।

लोग मतदान करें और सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार चुनें। हालांकि, खामेनेई ने बुधवार को कहा कि जिन लोगों ने पिछले सप्ताह मतदान नहीं किया था, वे देश के शिया धर्मतंत्र के खिलाफ नहीं थे। चुनाव स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे समाप्त होगा लेकिन भागीदारी बढ़ाने के लिए पारंपरिक रूप से इसे मध्यरात्रि तक बढ़ा दिया जाता है। पेजेश्कियन के समर्थक चेतावनी दे रहे हैं कि जलीली जीतने पर तेहरान में तालिबान जैसी सरकार लाएंगे। वहीं जलीली ने पेजेश्कियन पर भय फैलाने का आरोप लगाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज

**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी मेहता का भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज हो गया है। लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में दिखाया गया है कि एक युवा पत्नी जोकि बहुत सुंदर है, वह अपने पति से बहुत प्यार करती है और वह अपने पति की तारीफों के पुल बांध रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को करिश्मा कक्कड़ ने गाया है। वीडियो में चांदनी मेहता नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है।

### फिल्म अल्फा में नजर आएंगी आलिया भट्ट-शरवरी वाघ



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट और शरवरी बाघ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में काम करती नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स की पहली फीमेल लीड स्पाई मूवी का टाइटल अल्फा रखा गया है। फिल्म के टाइटल के साथ पहला वीडियो यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया मेकर्स ने रिवील कर दिया है, जिसमें आलिया की आवाज में बैकग्राउंड में सुनाई दे रही हैं। आलिया कहती हैं, ग्रीक एल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोटो। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर, ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा। अल्फा के टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में आखिरी में फिल्मिंग नाऊ भी लिखा गया है।आलिया भट्ट ने अल्फा के टाइटल वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये अल्फा का टाइम है...गर्ल्स!

बदलाव | मानसूनी बारिश में आई तीन गुना से अधिक कमी

## जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून पर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून में नजर आता है। जिसमें तीन गुना तक कमी दर्ज की गई है। विश्व विख्यात इस हिल स्टेशन के मानसूनी बारिश में भारी अनिरन्तरता देखने को मिली है। इस नगर में मानसून के दौरान तीन हजार मिमी से अधिक वर्षा हुआ करती थी, जो गिरकर हजार मिमी से भी नीचे जा पहुची है।

अतीत गवाह है , 25 वर्ष पहले तक नैनीताल का मानसून झूमकर बरसा करता था। बरसा की तीव्रता को ध्यान में रखते हुए मानसून में शायद ही कार्यक्रम निर्धारित किए जाते थे। मगर वर्ष 2000 के बाद मौसम में तब्दीली आनी शुरु हो गई। दरअसल यह वह वही नगर है, जिसके अपने क्षेत्रीय बारिश का भी एक चक्र हुआ करता था। जिसे लोकल बारिश कहा जाता था। जून के शुरुआत में यह बारिश हुआ करती थी। इसकी वजह अत्यधिक नमी हुआ करती थी, जिसमें अब भारी कमी आ जाने के कारण लोकल बारिश का दौर लगभग समाप्त हो चुका है। जानकार बताते हैं कि लोकल बारिश 200 मिमी तक होती थी। मानसूनी बारिश को लेकर एक और बदलाव खंड वृष्टि के रूप में देखने को मिली है।

### 2015 से 23 के बीच 10 वर्ष में हुई मानसून का आंकड़ा




### जलवायु परिवर्तन है कारण

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन ने नैनीताल की बारिश को प्रभावित किया है। जिस कारण मानसून ही नही, बल्कि पश्चिमी विक्षोभ की बारिश में बदलाव आया है। मगर इस बार ला नीना प्रभाव के चलते उम्मीद है कि मानसून की बारिश में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी होगी।